kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-152 ❒ गुरुवार, 02 जुलाई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के प्रयास ऐसे आर्थिक वातावरण के निर्माण में सहायक हैं, जहां उद्योग-व्यवसाय फल-फूल सकें और सभी के लिए नए अवसरों का विस्तार हो। नरेन्द्र मोदी



पाकिस्तान का नैरेटिव फैलाना बंद करे गुपकार गैंग : भाजपा 11

'बाढ़ प्रभावित अरुणाचल को हरसंभव सहायता देगा केंद्र' 12

## संक्षेप

### वॉट्सएप के यूजरनेम फीचर की जांच करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार वॉट्सएप के नए यूजरनेम फीचर की जांच करेगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सरकार का कहना है कि इस फीचर से पहचान छिपाकर धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड का खतरा काफी बढ़ सकता है। पेरेंट कंपनी मेटा ने अपने इंस्टेंट मैसेजिंग एप में मोबाइल नंबर बताए बिना चैट करने वाला फीचर लॉन्च किया है। इसमें लोग सिर्फ यूजरनेम के जरिए किसी नए व्यक्ति से चैट कर सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, सरकार वॉट्सएप के इस अपकमिंग यूजरनेम फीचर की बारीकी से जांच करेगी। चिंता इस बात को लेकर है कि जब यूजर्स को फोन नंबर छिपाने की आजादी मिल जाएगी, तो जालसाजों के लिए किसी दूसरे के नाम का फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों को धोखा देना आसान हो सकता है। भारत में वॉट्सएप के 50 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं। इतने बड़े यूजर बेस की सुरक्षा और फ़ेक प्रोफाइल से होने वाले फ्रॉड रोकने के लिए सरकार नए फीचर के सेफ्टी स्टैंडर्ड्स परखना चाहती है।

### सोशल मीडिया पर नकेल कसने को सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर कर स्टैंड-अप कॉमेडी, पॉडकास्ट, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनी सामग्रियों के लिए एक व्यापक नियामक ढांचा (नियम-कानून का ढांचा) बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो के दौरान ' 370 बिरयानी' वाली विवादित टिप्पणी का भी जिक्र किया गया है।

### 'आरोपी को चार्जशीट की प्रति न मिलना जमानत का आधार नहीं'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि आरोपी को आरोपपत्र की प्रति नहीं दिए जाने को स्वतः जमानत का आधार नहीं बनाया जा सकता। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिस्वर सिंह की पीठ ने आरोपी की स्वतः जमानत याचिका खारिज करने वाले बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए यह बात कही। आरोपी ने यह कहते हुए जमानत देने का अनुरोध किया था कि उसे आरोपपत्र की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 193 (8) के तहत आरोपपत्र की अतिरिक्त प्रतियां दाखिल नहीं किए जाने से स्वयं आरोपपत्र अमान्य नहीं हो जाता। सुप्रीमकोर्ट ने कहा कि जैसे पहले दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत व्यवस्था थी, उसी तरह बीएनएसएस के तहत भी स्वतः जमानत का अधिकार तभी बनता होता है, जब लागू प्रावधानों के अनुसार 60 या 90 दिनों की अवधि के भीतर आरोपपत्र दाखिल नहीं किया जाता। सुप्रीम कोर्ट सीबीआई द्वारा दर्ज लगभग 3.81 करोड़ रुपये की कथित बड़े पैमाने की साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मामले में गिरफ्तार एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

## कानपुर को भोपाल से जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के निर्माण को मंजूरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार ने उत्तर प्रदेश में कानपुर को मध्य प्रदेश के भोपाल आर्थिक गलियारे से जोड़ने वाली ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड राजमार्ग परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि योजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 117.7 किलोमीटर लंबे कानपुर-कबरई खंड को चार लेन के एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसे भविष्य में छह लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। परियोजना पर 7,145.14 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इसका निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (टोल) मॉडल व्यवस्था पर करेगाऔर निर्माण के साथ ही इस खंड का संचालन और रखरखाव भी इसी व्यवस्था के तहत किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि परियोजना से कानपुर और कबरई के बीच निर्बाध एवं तेज संपर्क स्थापित होगा तथा सागर, भोपाल और मध्य प्रदेश के अन्य हिस्सों से संपर्क मजबूत हो सकेगा। इस परियोजना के निर्माण से उत्तर प्रदेश के औद्योगिक एवं वाणिज्यिक केंद्रों को मध्य प्रदेश के खनिज, विनिर्माण और कृषि क्षेत्रों से जोड़ते हुए ● शेष पेज 11 पर

## जनरल धीरज सेठ ने संभाला सेना प्रमुख का पद

एजेंसी

### नई जिम्मेदारी

❒ कहा- भारतीय सेना संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सदैव तैयार; 'विजय' के तहत आधुनिकीकरण, आत्मनिर्भरता और योद्धाओं को प्राथमिकता

नयी दिल्ली। नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता तथा राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सदैव पूरी तरह तत्पर रहेगी।

जनरल सेठ ने बुधवार को यहां सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 31वें सेना प्रमुख का दायित्व ग्रहण करना उनके लिए अत्यंत गौरव और विनम्रता का क्षण है । उन्होंने कहा, '' मैं इस उत्तरदायित्व को कर्तव्य, सम्मान और राष्ट्र सर्वोपरि के आदर्शों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ स्वीकार करता हूँ। देशवासियों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं देश के प्रत्येक नागरिक को यह विश्वास दिलाता हूँ कि भारतीय थल सेना राष्ट्र की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता तथा राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सदैव पूर्णतः तत्पर रही है और आगे भी रहेगी।''

सेवा प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना युद्ध-सज्जित तथा युद्ध-अनुभवी सेना है, जो प्रत्येक परिचालन चुनौती का सामना करने के लिए पूर्णतः तैयार और सक्षम है। निरंतर परिवर्तित हो रहे सुरक्षा परिवेश के अनुरूप प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए हमें नव ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ सेना के आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाना होगा। हमारा लक्ष्य ऐसी प्रौद्योगिकी-सक्षम, भविष्य के लिए तैयार सेना का निर्माण करना है, जो पूर्णतः सशक्त हो तथा



बहु-आयामी परिचालन क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम हो।

उन्होंने कहा कि इन्हीं उद्देश्यों को को ध्यान में रखते हुए तथा सरकार के परिवर्तन के दशक के अंतर्गत दिए गए मार्गदर्शन से प्रेरणा प्राप्त करते हुए उन्होंने अपने प्रमुख प्राथमिकता क्षेत्रों का निर्धारण किया है। उन्होंने कहा,''इन्हें मैंने 'विजय' संक्षिप्त रूप में समाहित किया है। 'विजय' का प्रत्येक अक्षर मेरी प्राथमिकताओं का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें 'व' का अर्थ है सतर्कता। हम अपनी सीमाओं तथा उभरते हुए खतरों के प्रति निरंतर सजग रहेंगे। साथ ही, राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष उत्पन्न होने वाली किसी भी चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए उच्च स्तर की परिचालन तत्परता बनाए रखेंगे।

'ई' का अर्थ है नवाचार और रूपांतरण। मेरा विशेष ध्यान सैन्य सिद्धांतों तथा प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों में नवाचार पर रहेगा। नवाचार हमारी सोच, हमारी प्रणालियों तथा हमारी क्षमता निर्माण प्रक्रिया का अभिन्न अंग बना रहेगा। साथ ही, युद्ध की बदलती प्रकृति के अनुरूप आवश्यक रूपांतरण भी किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि विजय में 'ज' का अर्थ है संयुक्तता और एकीकरण। भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए हम ● शेष पेज 11 पर

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

# एसआईटी को मिला 15 जुलाई तक का समय

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) को शासन ने और समय दे दिया है। अब विशेष जांच टीम 15 जुलाई तक अपनी फाइनल रिपोर्ट सौंपेगी। पहले यह रिपोर्ट 30 जून तक देनी थी। जांच का दायरा भी बढ़ा दिया गया है।

एसआईटी प्रमुख, लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने टीम के सदस्यों किरण एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरत्न कुमार के साथ प्रारंभिक रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद को सौंपी थी। प्रारंभिक रिपोर्ट में ही एसआईटी ने मामले की विस्तृत जांच के लिए अतिरिक्त समय और अधिकारियों की मांग की थी। एसआईटी के अनुरोध पर शासन ने समय बढ़ाने को मंजूरी दे दी। प्रारंभिक रिपोर्ट में मौजूदा सुरक्षा और चढ़ावा प्रबंधन व्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं।

टीम ने मौके की स्थिति, 150 से अधिक लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज और मौजूदा व्यवस्था को रिपोर्ट का हिस्सा बनाया है। सभी की भूमिका का उल्लेख है, लेकिन अभी सीधे तौर पर किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है।

अधिकारियों का कहना है कि फाइनल रिपोर्ट में हर व्यक्ति की जवाबदेही तय की जा सकती है। जांच का दायरा बढ़ने से ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों, सुरक्षा एजेंसियों और बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों की भूमिका की भी गहन जांच होगी। गौरतलब है कि राम मंदिर में दानपात्र से चढ़ावे की गिनती के दौरान रकम कम मिलने का मामला सामने आया था, जिसके बाद शासन ने तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। 15 जुलाई तक आने वाली फाइनल रिपोर्ट पर सबकी नजर है।

### आरोपी अविनाश के कमरे में मिला 'रामराज्य कोष' का संदूक, क्यूआर कोड भी लगा




अयोध्या। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस जांच लगातार जारी है। आरोपियों से जेल में पूछताछ की जा रही है। वहीं, उनके ठिकानों पर भी छापेमारी भी की जा रही है। मामले में अभी तक 80 लाख रुपये तक की बरामदगी का दावा किया गया है। जांच कर रही एसआईटी ने आरोपी अविनाश शुक्ला के कमरे से एक संदूक बरामद किया है जिस पर 'रामराज्य कोष' लिखा हुआ है और इस पर पेटीएम का ड्ट कोड भी लगा हुआ है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यहां पर मौजूद श्याम साधनालय की योगाचार्य सीमा तिवारी ने बताया कि अविनाश शुक्ला पिछले करीब डेढ़ वर्ष से अयोध्या में रह रहे थे और राम मंदिर से जुड़ी गतिविधियों में कार्यरत थे। उनके अनुसार, अविनाश का परिचय योग गुरु डॉ. चैतन्य और उनके भाई अभिषेक के माध्यम से हुआ था।

वहीं, 5 जून के प्रत्यक्षदर्शी सेवादार सुंदरलाल ने बताया कि उस दिन पुलिस कुछ लोगों के साथ अविनाश को किराये के मकान पर लेकर आई थी। उनके अनुसार, घर से एक बैग निकाला गया, जिसमें कुछ नकदी थी। इसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया और पुलिस अविनाश को अपने साथ ले गई। हालांकि, इन बयानों की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अब तक बरामद नकदी या उसके स्रोत को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है।

राम मंदिर की चढ़ावा चोरी के सभी आठ आरोपी जिला कारागार में बंद है। चर्चा है कि मंगलवार की उनमें आपस में किसी बात को लेकर नोकझोक व विवाद भी हुआ है। हालांकि जेल प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं, सुरक्षा के दृष्टिगत जेल प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है।

## एटीएफ, वाणिज्यिक एलपीजी सस्ते, नायरा एनर्जी ने पेट्रोल-डीजल की कीमत घटाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच विमान ईंधन (एटीएफ) और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में बुधवार को कटौती की गई। वहीं, निजी ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल के दाम घटाए, जो दो साल से अधिक समय में उसकी पहली कटौती है।

उद्योग सूत्रों ने बताया कि एटीएफ की कीमतों में पांच रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई, जिससे दिल्ली में इसकी कीमत घटकर लगभग 110 रुपये प्रति लीटर रह गई। हालिया पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कीमतों में आई तेजी के बाद यह पहली कटौती है। तेल विपणन कंपनियों



(ओएमसी) ने भी वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 183.50 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर घटा दिए। यह इस वर्ष की पहली कटौती है। वाणिज्यिक एलपीजी की नई कीमत अब 2,930 रुपये प्रति सिलेंडर होगी जबकि पिछले महीने यह बढ़कर 3,113 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जब भू-राजनीतिक तनावों के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई थीं। इसके साथ ही पांच किलोग्राम वाले मार्केट प्राइस/फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर की कीमत भी 13 रुपये घटाकर 808.50 रुपये कर दी गई। घरेलू इस्तेमाल वाले 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया और यह 942 रुपये पर बनी रही। सरकार ने पिछले महीने एटीएफ मूल्य स्थिरीकरण योजना शुरू की थी, जिसके तहत भाग लेने वाली विमानन कंपनियां 115 रुपये प्रति लीटर की निश्चित दर पर विमान ईंधन खरीद सकती हैं। इस योजना में शामिल नहीं होने वाली विमानन कंपनियां मौजूदा बाजार दरों ● शेष पेज 11 पर

### तृणमूल का बागी गुट आज निर्वाचन आयोग से मिलेगा


कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के नाम, कोष और चुनाव चिह्न को लेकर चल रही खींचतान के बीच, ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाला गुट गुरुवार को दिल्ली में निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात करेगा। ऋतब्रत नीत गुट के नेताओं ने बुधवार को बताया कि उनके धड़े का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और अन्य निर्वाचन आयुक्तों से मुलाकात करेगा। ऋतब्रत ने इस बैठक का एजेंडा बताने से इनकार कर दिया है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि यह प्रतिनिधिमंडल निर्वाचन आयोग के सामने दावा पेश कर सकता है कि वही 'असली' तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करता है और उसे पार्टी की वैध संगठनात्मक और विधायी इकाई के तौर पर मान्यता मिलनी चाहिए। बागी धड़े ● शेष पेज 11 पर

## कुल जीएसटी संग्रह जून में 14% बढ़कर 1.95 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का कुल संग्रह जून में 14 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये हो गया। आयात और घरेलू आपूर्ति से कर संग्रह में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

आंकड़ों के अनुसार, घरेलू लेन-देन से सकल संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी), राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) क्रमशः




37,376 करोड़ रुपये, 45,116 करोड़ रुपये और 52,282 करोड़ रुपये शामिल हैं। आयात से प्राप्त जीएसटी राजस्व जून में 34.6 प्रतिशत बढ़कर 60,038 करोड़ रुपये हो गया। आंकड़ों के अनुसार, कुल 'रिफंड' जून में 29.1 प्रतिशत बढ़कर 32,436 करोड़ रुपये रहा। 'रिफंड' समायोजित करने के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह जून में 11.2 प्रतिशत बढ़कर 1.62 लाख करोड़ ● शेष पेज 11 पर

## यूपी में मानसून सक्रिय, अगले सात दिन बारिश के आसार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। दक्षिण-पश्चिम मानसून अब पूरे उत्तर प्रदेश में सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान जताया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक और दो जुलाई को अनेक स्थानों पर जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। सप्ताह के उत्तरार्ध में पूर्वी उत्तर प्रदेश में वर्षा की गतिविधियां और तेज होने के संकेत हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, एक जुलाई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने, गरज-चमक और वज्रपात की भी आशंका व्यक्त की गई है।



दो जुलाई को भी प्रदेश के दोनों भागों में गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तेज हवा के साथ कहीं-कहीं भारी वर्षा का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, तीन जुलाई को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक एवं वज्रपात के साथ भारी वर्षा हो सकती है। चार और पांच जुलाई को किसी विशेष मौसम चेतावनी की संभावना नहीं है, हालांकि वर्षा का क्रम बना रहेगा। छह और सात जुलाई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में पुनः कहीं-कहीं भारी वर्षा होने के आसार हैं, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सामान्य वर्षा की संभावना जताई ● शेष पेज 11 पर

## व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की आधारशिला है शिक्षा: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने सहारनपुर से किया राज्यव्यापी स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ

एजेंसी

सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर (कंपोजिट) से राज्यव्यापी स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण (1 से 15 जुलाई) का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। शिक्षा व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की सुदृढ़ आधारशिला है। अच्छी शिक्षा ही सभ्य, संस्कारित नागरिक बनाती है और सही मार्ग दिखाती है। अच्छी शिक्षा से ही अच्छे समाजसेवी, शिक्षक, प्रधानाचार्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, उद्यमी, इंजीनियर, चिकित्सक, न्यायिक अधिकारी आदि निकलेंगे। देश के भविष्य को बनाने वाली भावी पीढ़ी जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़े, शिक्षा के कारण वह आत्मविश्वास से भरपूर होकर समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन कर सकेगी।

सीएम ने कहा कि 2017 में पीएम मोदी जी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने स्कूल चलो अभियान प्रारंभ किया। सरकार की नीयत साफ थी तो परिणाम भी



अच्छे आए। शिक्षा के उन्नयन के लिए सरकार की नीति स्पष्ट थी। सरकार बिना भेदभाव हर बच्चे तक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ बढ़ी थी। 2017 में बेसिक शिक्षा परिषद में केवल 36 फीसदी विद्यालय ही पूरी तरह संतृप्त माने जा रहे थे। उस समय टॉयलेट, पेयजल, फर्नीचर, लाइब्रेरी, लाइट, मिड डे मील आदि की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब ऑपरेशन कायाकल्प चलाकर मैंने जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, अधिकारियों से अपील की कि बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में व्यापक रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराकर संतृप्तिकरण के लक्ष्य को पूरा किया जाए और उसके पैरामीटर तय किए जाएं। सीएम ने कहा कि हमने तय किया कि हर स्कूल में बालक/बालिकाओं के लिए अलग टॉयलेट, पेयजल और मिड डे मील में प्रतिदिन का भोजन तय हो। स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, सरकार की ओर से हर बच्चे को यूनिफॉर्म, बैग, किताबें आदि देकर सभी सुविधाओं से आच्छादित किया जाए। विद्यार्थियों व शिक्षकों के अनुपात को ठीक किया जाए। इसके लिए अभियान प्रारंभ किया गया। इसका असर हुआ कि बेसिक शिक्षा विद्यालयों का 36 फीसदी का संतृप्तिकरण बढ़कर अगले पांच वर्ष में 96 फीसदी से अधिक हो गया। हर बच्चे को बैग, ● शेष पेज 11 पर

### योगी बोले

❒ बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, स्कूल चलो अभियान को जनांदोलन का हिस्सा बनाएं

❒ अगले 15 दिन खूब मेहनत कीजिए ताकि कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रह जाए

❒ सीएम ने बताए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत किए गए प्रयास व कार्य, ठोस नतीजों से भी अवगत कराया

### दंगाइयों के मुकदमे वापस लेने का प्रयास करती थी सपा सरकार: सीएम योगी

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, अलीगढ़ व मथुरा दंगों और कर्फ्यू की आग में झुलसते थे। कैराना व कांधला से पलायन की स्थिति थी, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे। तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार दंगाइयों और उपद्रवियों के मुकदमे वापस लेने का कुत्सित प्रयास करती थी। लेकिन डबल इंजन सरकार ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया और हाल में मुरादाबाद के उपद्रवियों को कड़ी सजा भी दिलवाई है। अब उत्तर प्रदेश में दंगे नहीं होते, बल्कि विकास की योजनाएं धरातल पर उतरती हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को सहारनपुर नगर एवं सहारनपुर देहात विधानसभा क्षेत्रों के लिए ?620 करोड़ से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं ● शेष पेज 11 पर

# लखनऊ मेट्रो को मिली रफ्तार, ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के 7 अंडरग्राउंड स्टेशनों के लिए 1878 करोड़ का सबसे बड़ा टेंडर जारी

❒ यह फ़ेज-1बी परियोजना का अब तक का सबसे बड़ा निर्माण टेंडर है। टेंडर 28 जुलाई 2026 को खोला जाएगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ मेट्रो के बहुप्रतीक्षित ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर (फ़ेज-1बी) के निर्माण ने बड़ी छलांग लगाई है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने चारबाग से चौक तक बनने वाले अंडरग्राउंड मेट्रो सेक्शन और सात भूमिगत स्टेशनों के निर्माण के लिए 1877.89 करोड़ का सबसे बड़ा सिविल टेंडर जारी कर दिया है।

यह फ़ेज-1बी परियोजना का अब तक का सबसे बड़ा निर्माण टेंडर है। टेंडर 28 जुलाई 2026 को खोला जाएगा। सफल एजेंसी का चयन होने के बाद कार्यादेश जारी किया जाएगा और निर्माण कार्य शुरू होने की तिथि से 36 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पैकेज के तहत चारबाग से चौक तक अत्याधुनिक तकनीक से अंडरग्राउंड सुरंगों के साथ सात मेट्रो स्टेशनों का निर्माण होगा। इनमें चारबाग, गौतमबुद्ध मार्ग, अमीनाबाद, पांडेयगंज, सिटी, मेडिकल चौराहा और




चौक मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। इसके अलावा चौक स्टेशन से एलिवेटेड कॉरिडोर को जोड़ने के लिए करीब 350 मीटर लंबा रैंप भी बनाया जाएगा।

यूपीएमआरसी इससे पहले ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन, पांच मेट्रो स्टेशनों, वायाडक्ट और वसंतकुंज मेट्रो डिपो के निर्माण के टेंडर जारी कर चुका है। अब अंडरग्राउंड सेक्शन का टेंडर जारी होने के साथ परियोजना के सभी प्रमुख सिविल पैकेज निविदा प्रक्रिया में पहुंच गए हैं। करीब ?5801 करोड़ की लागत वाली लखनऊ मेट्रो फ़ेज-1बी परियोजना के तहत कुल 12 स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें 5 एलिवेटेड और 7 अंडरग्राउंड होंगे। दोनों सेक्शनों का निर्माण समानांतर रूप से किया जाएगा, ताकि तय समय में पूरे कॉरिडोर पर मेट्रो संचालन शुरू किया जा सके।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि अंडरग्राउंड सेक्शन के इस बड़े सिविल टेंडर का जारी होना परियोजना के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एलिवेटेड और अंडरग्राउंड दोनों हिस्सों पर एक साथ काम शुरू होने से निर्माण समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी। ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के चालू होने के बाद चारबाग से वसंतकुंज तक सफर तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। खासकर पुराने लखनऊ के घनी आबादी वाले इलाकों को बेहतर मेट्रो कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे सड़क यातायात का दबाव कम होगा और शहर में पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को नई मजबूती मिलेगी।

# कोहडार घाट पुल पर जलजमाव से बढ़ा हादसे का खतरा, मिट्टी के ढेर से ठप निकासी

❒ मेजा-करछना के बीच पुल जर्जर हो रहा, घास उगी, बारिश में जिम्मेदार विभाग बेपरवाह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । प्रयागराज जनपद की मेजा व करछना तहसील को जोड़ने वाले कोहडार घाट पुल पर जलजमाव ने खतरे की घंटी बजा दी है। पुल के दोनों ओर मिट्टी का ढेर लगा होने से पानी की निकासी पूरी तरह ठप है। नतीजतन पुल पर हर समय पानी भरा रहता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि लगातार जलजमाव से एक तरफ पुल की नींव कमजोर होकर जर्जर हो रही है, वहीं दूसरी तरफ पानी भरे होने से फिसलन के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ गया है। पुल पर जगह-जगह घास भी उग आई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा अभी तक सफाई नहीं कराई गई है।



## मानसून में और बिगड़ेंगे हालात

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। यदि समय रहते पुल के दोनों तरफ लगे मिट्टी के ढेर को हटाकर सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो जलभराव और बढ़ेगा। इससे पुल के क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। रात के समय वाहन चालकों को पुल पर भरे पानी का अंदाजा नहीं लगता, जिससे खतरा और बढ़ जाता है।

## प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

क्षेत्रीय लोगों और राहगीरों ने जिलाधिकारी प्रयागराज व लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि कोहडार घाट पुल से तत्काल मिट्टी का ढेर हटवाकर सफाई कराई जाए। पुल पर प्रॉपर ड्रेनेज की व्यवस्था की जाए ताकि पानी की निकासी हो सके। लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई हुई तो पुल को टूटने से बचाया जा सकता है और संभावित हादसों को रोका जा सकता है।

## संसदीय बोर्ड के सदस्य बने रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे को रालोद के संसदीय बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया है। पार्टी के सर्वोच्च नीति-निर्धारक मंडल में शामिल किए जाने के बाद प्रदेशभर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। पार्टी नेताओं का कहना है कि अनिल दुबे पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके संसदीय बोर्ड में शामिल होने से इन क्षेत्रों में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावों में पार्टी को लाभ मिलेगा। प्रदेश पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर सक्रिय नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने अनिल दुबे के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दीं। बधाई देने वालों में वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, रजनीकांत मिश्रा, विश्वेशनाथ मिश्रा, बी.एल. प्रेमी, चौधरी भूपाल सिंह, मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, अंकुर सक्सेना, युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रोफ़ेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडेय, प्रमोद शुक्ला, अफसर अली, सम्राट चौहान, चौधरी राम सिंह पटेल, पी.के. पाठक, सत्यप्रकाश तिवारी और अजय पांडेय सहित प्रदेश, क्षेत्रीय व जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## जानकीपुरम को1.05 करोड़ की सौगात, सड़क-नाली निर्माण कार्यों का विधायक डॉ. नीरज बोरा ने किया शुभारंभ



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जानकीपुरम तृतीय वार्ड में मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के तहत 1.05 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य शुरू हो गया। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने बुधवार को दो स्थानों पर विधिवत भूमि पूजन कर कार्यों का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को जलभराव और जर्जर सड़कों की समस्या से राहत मिलेगी तथा आवागमन भी सुगम होगा। पहले चरण में नहर रोड स्थित द्वारिका विहार कॉलोनी में मेन रोड से पंकज वर्मा के आवास से लेकर सुधीर श्रीवास्तव के आवास तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसके बाद नहर रोड कॉलोनी में संतोष कुमार के आवास के सामने सड़क और नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जानकीपुरम तृतीय वार्ड की यह लंबे समय से लंबित मांग थी, जिसे अब मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के अंतर्गत पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान होगा और स्थानीय लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले तक विकास कार्य पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद दीपक लोधी, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी, शैलेंद्र शर्मा 'अटल', सतीश वर्मा, सी.के. वर्मा, कृपा शंकर मिश्रा, दिव्यांशी शुक्ला, सौरभ त्रिवेदी, प्रियंका मौर्या, शिखर मौर्या, अभिषेक श्रीवास्तव, अनुपम श्रीवास्तव, दीपू रावत, सुशील सिंह, विजय उपाध्याय, विवेक मिश्रा, पंकज वर्मा, पूजा मिश्रा, शुभम पाठक, कीवि वर्मा, गया प्रसाद रावत, विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में चल रहा ''बचपन बचाओ अभियान'' के अंतर्गत मानव तस्करी की रोकथाम अभियान



**वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंडल रेल प्रबंधक अशीष जैन , वाराणसी के निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, वाराणसी एस. रामाकृष्णन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल संपत्ति की सुरक्षा, अवैध वस्तुओं की धर-पकड़, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ''बचपन बचाओ अभियान'' के अंतर्गत मानव तस्करी की रोकथाम हेतु निरंतर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 30 जून 2026 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट आजमगढ़ के प्रधान आरक्षी संजय कुमार एवं आरक्षी विश्वंभर सिंह द्वारा गाड़ी संख्या 14649 अप सरयू-यमुना एक्सप्रेस के छपरा से आजमगढ़ तक एस्कॉर्ट ड्यूटी के दौरान मुहम्मदाबाद रेलवे स्टेशन पर जनरल कोच में तीन लावारिस बैग पड़े मिले। बैगों के संबंध में कोच में उपस्थित यात्रियों से पूछताछ की गई, किन्तु किसी ने भी उन पर अपना दावा नहीं किया।बैग संदिग्ध प्रतीत होने पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने नियमानुसार उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान तीनों बैगों में गांजा जैसी संदिग्ध सामग्री बरामद हुई, जिससे गांजे की तीव्र गंध आ रही थी। तत्पश्चात तीनों बैगों को विधिवत जब्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी), आजमगढ़ को सुपुर्द कर दिया गया। जीआरपी द्वारा बरामद सामग्री का वजन कराने पर कुल 20 किलोग्राम 500 ग्राम गांजा पाया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत ?2,46,000 आंकी गई है। बरामद गांजे को जीआरपी द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए मालखाने में जमा करा दिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष निगरानी एवं अभियान निरंतर जारी हैं।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक संघर्ष, फायरिंग से दहशत, छह घायल

**रहीमाबाद,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में बुधवार को विवादित जमीन पर कब्ज़े को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक संघर्ष हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। इस दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग किए जाने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना में दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया। जानकारी के अनुसार, रहीमाबाद के गोपालपुर गांव की करीब 4 बीघा विवादित भूमि का 12 जून को बैनामा हुआ था। बुधवार दोपहर खरीदार पक्ष जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट के दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग भी की गई, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और ग्रामीण जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। दूसरे पक्ष की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि न्यायालय में विचाराधीन भूमि पर जबरन कब्जा करने की नीयत से कई लोग वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे और विरोध करने पर हमला कर दिया। मारपीट में महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए। घायलों में अनिल कुमार, राम सिंह, कुलदीप कुमार रावत, सावित्री, कुसमा और घनश्याम शामिल हैं। सभी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायलों को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य का इलाज लोकबंधु अस्पताल में कराया गया। घटना की सूचना पर एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह, एसडीएम अंकित मौर्य सहित पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अरुण त्रिगुनायक ने बताया कि भूमि पर कब्जेदारी को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। प्रारंभिक जांच में एक पक्ष की ओर से लाइसेंसी पिस्तौल से फायरिंग किए जाने की पुष्टि हुई है, हालांकि मेडिकल परीक्षण में किसी भी घायल को गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। दोषियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कोरांव तहसील कैंपस में जलभराव से हाहाकार, फरियादी, वकील परेशान

❒ पीडब्लूडी ने बनाई सड़क पर भूली नाली, कीचड़ से गुजरने को मजबूर अधिवक्ता, एसडीएम से तत्काल निकासी की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव, प्रयागराज । प्रयागराज मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर स्थित कोरांव तहसील कैंपस पहली ही बारिश में तालाब बन गया है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से पूरे परिसर में पानी भर गया है और जगह-जगह कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

तहसील में आने वाले फरियादियों को मजबूरी में अपने वाहन मुख्य सड़क पर खड़े करने पड़ रहे हैं। वहीं कचहरी आने-जाने वाले अधिवक्ताओं को भी कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। इससे रोजाना वकीलों और वादकारियों के कपड़े खराब हो रहे हैं और फिसलकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है।



## पीडब्लूडी की लापरवाही उजागर

अधिवक्ताओं ने बताया कि अभी हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा तहसील परिसर में काली सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन निर्माण के दौरान जल निकासी का कोई प्रबंध नहीं किया गया। न ढाल दिया गया, न नाली बनाई गई। नतीजा- हल्की बारिश में ही पूरा कैंपस जलमग्न हो जाता है।

## शिकायत के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

स्थानीय अधिवक्ताओं का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार तहसील प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने सुध नहीं ली। मानसून सक्रिय हो चुका है, ऐसे में हालात और भयावह हो सकते हैं।

> मामला मेरे संज्ञान नहीं था संबंधित विभाग को पत्राचार जल निकासी के लिए किया जाएगा
>
> **रोशनी सोलंकी, तहसीलदार कोराव प्रयागराज**

## एसडीएम-तहसीलदार से हस्तक्षेप की मांग

तहसील के पूर्व कोषाध्यक्ष अधिवक्ता प्रमोद कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रेश पांडेय, सौरभ कुमार मौर्य, लवकुश तिवारी, आशीष द्विवेदी, दिनेश कुमार सहित अन्य अधिवक्ताओं ने एसडीएम कोरांव व तहसीलदार कोरांव का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि तहसील परिसर में तत्काल प्रभाव से प्रॉपर ड्रेनेज सिस्टम बनवाकर जल निकासी की व्यवस्था की जाए। जब तक स्थायी समाधान न हो, तब तक पंप लगाकर भरे पानी को निकलवाया जाए ताकि फरियादियों और अधिवक्ताओं को राहत मिल सके।

# मोहनलालगंज में अमरनाथ यात्रियों का भव्य स्वागत तिलक-माला व पटका पहनाकर किया सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। बुधवार को मोहनलालगंज कस्बे में श्री अमरनाथ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का उत्साह और श्रद्धा के साथ भव्य स्वागत किया गया। ? शिव शक्ति मानव सेवा मण्डल, रायबरेली के अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी के नेतृत्व में 21वीं श्री अमरनाथ यात्रा में शामिल 80 श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। मोहनलालगंज पहुंचने पर अमरनाथ सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने सभी श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर, फूल-मालाएं पहनाकर एवं ''बम-बम भोले'' के जयघोष के बीच गर्मजोशी से स्वागत किया।

अमरनाथ सेवा दल मोहनलालगंज के प्रमुख सेवादार शिव प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा अमरनाथ के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। स्थानीय लोगों ने भी यात्रियों का अभिवादन कर उनकी मंगलमय



यात्रा की कामना की।कार्यक्रम के दौरान शिव शक्ति मानव सेवा मण्डल के अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने प्रमुख सेवादार शिव प्रकाश गुप्ता को सम्मान स्वरूप पटका पहनाया तथा श्री अमरनाथ एवं शिव परिवार की छवि भेंट की। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुखद एवं सुरक्षित यात्रा के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की गई। स्वागत समारोह में अमरनाथ सेवा दल के शिव मोहन सिंह, राघव दीक्षित, मनोज यादव, वंश बहादुर, करनजीत सिंह, दिलीप बाजपेई, हर्ष चौरसिया, वंश वर्मा, आदित्य वर्मा एवं कार्तिक शर्मा सहित अन्य सेवादार मौजूद रहे। सभी ने श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# चिकित्सक समाज के सच्चे सेवकः दयालु

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने प्रदेश के समस्त चिकित्सकों, आयुष चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

डॉ. दयालु ने अपने संदेश में कहा, ''चिकित्सक धरती पर ईश्वर का रूप हैं। कोविड महामारी से लेकर हर संकट में हमारे डॉक्टरों ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना मानवता की सेवा की है। डॉ. बी.सी. रॉय जैसे महापुरुषों की प्रेरणा से आज का चिकित्सक समाज सेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रहा है।''

## आयुष से स्वस्थ भारत का संकल्प

आयुष मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आयुष पद्धतियों – आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, ''आधुनिक एलोपैथी के साथ परंपरागत आयुष चिकित्सा का समन्वय ही स्वस्थ भारत की कुंजी है। रोग होने पर



इलाज से बेहतर है रोग होने ही न दें – यही आयुष का मूल मंत्र है।'' उन्होंने नागरिकों से दिनचर्या में योग, प्राणायाम और संतुलित आहार को अपनाने की अपील की।

## युवा चिकित्सकों से अपील

डॉ. दयाशंकर मिश्र ने युवा डॉक्टरों एवं आयुष चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा को प्राथमिकता दें। गांव का अंतिम व्यक्ति भी उत्तम स्वास्थ्य सुविधा पाए, यही सरकार का लक्ष्य है।

## जनसंपर्क अधिकारी ने दी जानकारी

जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने बताया कि आयुष मंत्री डॉ. दयालु जी के निर्देश पर डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी आयुष चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, योग सत्र एवं औषधीय पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत, परिवार में कोहराम

कोरांव, प्रयागराज। कोरांव तहसील क्षेत्र के अमिलिया पाल गांव में बुधवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, अमिलिया पाल गांव निवासी फुल कली पत्नी राम कृपाल घर के बाहर किसी काम से गई थी। इसी दौरान अचानक तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से फुल कली की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मामले में कोरांव तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने दुख व्यक्त करते हुए बताया कि घटना की आपदा राहत रिपोर्ट तैयार कर मुआवजे के लिए उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन के नियमानुसार मृतका के परिवार को दैवीय आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाएगी। लेखपाल को मौके पर भेजकर रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है।

# बच्चों का कराया अन्न प्राशन, हाइजिन के प्रति किया जागरूक



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिये गये गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुधवार को अन्नप्राशन, केक काटकर जन्मदिवस एवं सफाई अभियान चलाया गया। कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में विभिन्न टीमें गांवों में पहुंची। इस दौरान ढेलवासी एवं अजरैलपुर आंगनबाड़ी केंद्रों पर छोटे बच्चों का अन्न प्राशन कराया गया। साथ ही केककाट कर जन्मदिन भी मनाया गया। केंद्र पर पोषण प्रदर्शनी भी लगायी गयी। जिसमें बच्चों एवं उनकी माताओं के स्वास्थ्य के अनुकूल खाद्य सामग्री रखी गयी थी। टीम ने महिलाओं को हाइजिन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया। वहीं परिसर में सफाई भी करायी गयी। इसी तरह सैरपुर, सोनवां, तकिया गांवों में भी कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 ओपी सिंह एवं सरोज पाण्डेय ने किया। जबकि संयोजन उपकुलसचिव डॉ0 आयुष श्रीवास्तव एवं सहा0 कुलसचिव सुनील पाण्डेय ने किया। इस दौरान प्रो0 मीता टंडन, सह अधिष्ठाता डॉ0 मनोज कुमार, डॉ गजेंद्र गुप्ता, डॉ0 वर्षा शुक्ला, डॉ0 विकास चौधरी, अंजली सिंह, प्रिया आर्या सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

# फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट की साइबर सेल और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने बुधवार को शहर के समिट बिल्डिंग में चल रहे एक फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान मौके से 119 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने 100 लैपटॉप, 178 कॉलिंग मोबाइल फोन, अन्य डिजिटल उपकरण और महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, यह कॉल सेंटर समिट बिल्डिंग की 11वीं मंजिल पर दो कार्यालयों से संचालित किया जा रहा था। यहां से विदेशी लोगों को डॉलर ऐप और अन्य तकनीकी तरीकों के जरिए झांसा देकर साइबर ठगी का शिकार बनाया जाता था। कॉल सेंटर मुख्य रूप से रात के समय संचालित होता था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह कॉल सेंटर ''सोलारिस सॉल्यूशन'' के नाम से चलाया जा रहा था। पुलिस ने



कॉल सेंटर के ऑपरेशन मैनेजर ललित खैराजानी और विक्रम सिंह परमार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दोनों मूल रूप से अहमदाबाद (गुजरात) के रहने वाले हैं और फिलहाल गोमतीनगर विस्तार में रह रहे थे। पुलिस ने बरामद सभी लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को कब्जे में लेकर उनकी फॉरेंसिक और तकनीकी जांच शुरू कर दी है। जांच के जरिए साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क, पीड़ितों, कॉलिंग मॉड्यूल और वित्तीय लेन-देन से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर इस अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ भी जल्द वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कोरांव थाने के बदले इंस्पेक्टर, सत्येंद्र कुमार को विदाई देकर शैलेंद्र सिंह ने संभाला चार्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव, प्रयागराज। कोरांव थाने में बुधवार को इंस्पेक्टर बदल गए । पूर्व थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार के स्थानांतरण के बाद नवांगतुक इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने थाने का चार्ज संभाल लिया। इस मौके पर थाना परिसर में विदाई व स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय लोगों व गणमान्य नागरिकों ने पूर्व थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार को फूल-माला व अंगवस्त्र भेंट कर भावभीनी विदाई दी। लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सत्येंद्र कुमार ने कोरांव थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने में अहम भूमिका निभाई। अपराध नियंत्रण, जनता से बेहतर संवाद और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के उनके प्रयास सराहनीय रहे। विदाई के दौरान भावुक हुए सत्येंद्र कुमार ने कहा कि कोरांव की जनता



का जो स्नेह और सहयोग उन्हें मिला, उसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे। वहीं नवांगतुक थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने चार्ज लेने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराध पर अंकुश लगाना होगा। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना और पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने क्षेत्रीय लोगों से अपील की कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी समस्या के लिए निःसंकोच थाने से संपर्क करें। इस मौके पर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, व्यापारी, जनप्रतिनिधि व पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम ने लोहिया संस्थान से संचारी रोग अभियान का किया शुभारंभ

❒ बीमारियों को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए आम जनता की सक्रिय भागीदारी जरूरीः डिप्टी सीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । प्रदेश में कभी सबसे बड़ी चुनौती रहे इंसेफलाइटिस पर अब लगभग 99 प्रतिशत तक नियंत्रण पाया जा चुका है। वहीं, डेंगू और मलेरिया के मामलों में भी काफी हद तक कमी आई है, हालांकि इन बीमारियों को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए आम जनता की सक्रिय भागीदारी अभी भी सबसे जरूरी है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का।

डिप्टी सीएम ने बुधवार को डॉ. राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मिडिकल साइंसेस के एकेडमिक ब्लॉक से संचारी रोग अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार वर्ष में तीन बार संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाती है। जिसमें 13 विभागों के समन्वय से व्यापक स्तर पर काम किया जाता है। इसके बावजूद केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। जब तक आम लोग अपने घर और आसपास साफ-सफाई नहीं रखेंगे। मच्छरों के पनपने की परिस्थितियां समाप्त नहीं करेंगे। तब तक इन बीमारियों पर पूरी तरह अंकुश लगाना मुश्किल रहेगा। उन्होंने लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। डिप्टी सीएम ने लोगों से घर और आसपास पानी जमा न होने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सीलन, गंदगी और धूल से दूरी बनाए रखें। भोजन करने से पहले साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाएं। साफ और सुरक्षित पानी पीने, बाजार में खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों तथा कोल्ड ड्रिंक के अत्यधिक सेवन से बचें। नियमित व्यायाम भी बहुत जरूरी है।

### लार्वा को पनपने से रोकें

डिप्टी सीएम ने कहा कि डेंगू में प्लेटलेट्स तेजी से कम हो सकती हैं। जिससे मरीज की जान जोखिम में पड़ जाती है। इसलिए बीमारी होने का इंतजार करने के बजाय मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोकना सबसे प्रभावी उपाय है। इससे डेंगू, मलेरिया, इंसेफलाइटिस, चिकनगुनिया से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि बीमारियों के इलाज पर सबका फोकस रहता है। लेकिन बीमारी होने से पहले बचाव और रोकथाम को लेकर पर्याप्त जानकारी साझा नहीं की जाती। लोगों को रोकथाम आधारित जागरूकता अभियान से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया।एमबीबीएस-नर्सिंग छात्रों से संवाद किया इस अवसर पर डिप्टी सीएम ने लोहिया संस्थान के एमबीबीएस प्रथम वर्ष और बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई, हॉस्टल और भोजन की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। छात्रों से पूछा कि उन्हें घर की याद तो नहीं आ रही, भोजन कैसा मिल रहा है। हॉस्टल में किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं है। छात्रों ने भोजन और हॉस्टल व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करने की अपील करते हुए कहा कि माता-पिता ने बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें यहां भेजा है। यदि विद्यार्थी अपनी आत्मा की आवाज सुनकर ईमानदारी से मेहनत करेंगे तो जीवन की हर चुनौती पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। खुद आएंगे भोजन करने डिप्टी सीएम ने संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह से छात्रों के भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। छात्रों को संतुलित आहार में पर्याप्त प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के रहने और खाने की बेहतर व्यवस्था संस्थान की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वे किसी दिन खुद विद्यार्थियों के साथ भोजन करने आएंगे। इनकी रही उपस्थिति कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष, स्वास्थ्य महानिदेशक पवन कुमार अरूण, सीएमओ डॉ. एनबी सिंह, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन, 53 किलो का कटा केक



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन बुधवार को लखनऊ स्थित जिला कार्यालय, लाजपत राय भवन, कैसरबाग में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर 53 किलो का बूंदी का केक काटा गया तथा भंडारे का आयोजन कर कार्यकर्ताओं और आमजन को प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप, जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', सांसद आर. के. चौधरी तथा जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान सहित बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नेताओं ने केक काटकर अखिलेश यादव के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प भी दोहराया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश व जिला पदाधिकारी, पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष तथा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्सव का माहौल रहा और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं।

# मलिहाबाद विधानसभा में ''सेवा दिवस'' के रूप में मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स सवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर 168 विधानसभा मलिहाबाद के नि. प्रत्याशी सोनू कन्नौजिया नें मलिहाबाद सीएचसी, क्षेत्र की विभिन्न पीएचसी, काकोरी सीएचसी तथा माल सीएचसी पहुंचकर भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल की टोकरी भेंट की। साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली। इस दौरान सोनू कन्नौजिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं वर्ष 2027 में पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की कामना करते हुए प्रार्थना की। और उन्होंने कहा कि जनसेवा और जरूरतमंदों की सहायता ही समाजवादी विचारधारा की पहचान है। ऌसमाजवादी पार्टी हमेशा जनसेवा और गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों की मदद को प्राथमिकता देती रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने जिस विकास और सामाजिक न्याय की राजनीति को आगे बढ़ाया है, उसी विचारधारा को हम जमीन पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर परिवर्तन के लिए समाजवादी पार्टी को मौका देगी और अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।ङ्क उन्होंने आगे कहा कि जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाना ही सच्ची राजनीतिक परंपरा है, और इसी सोच के साथ मरीजों के बीच पहुंचकर फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोनिष मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना की।

# आपत्तिजनक बयान के खिलाफ थाने पहुंचा मामला, एफआईआर की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित वीडियो को लेकर सहयोग चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सहयोग सनातन सेना ने राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संगठन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मड़ियांव थाने पहुंचे और तहरीर देकर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष बब्बू पांडे के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों का आरोप है कि वायरल वीडियो में स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू देवी-देवताओं, भगवान श्रीराम एवं ब्राह्मण समाज के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले बयान दिए हैं। संगठन ने इसे सनातन आस्था का अपमान बताते हुए कहा कि ऐसे बयान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले हैं और इनके खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि मामले का संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया जाए। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक लक्ष्मी प्रकाश दीक्षित, राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड़िया निगम, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा, लाल प्रताप सिंह, ऋषि कुमार दीक्षित, अमरनाथ शुक्ला, सियाराम चौधरी, प्रदेश महासचिव योगेंद्र शुक्ला, प्रदेश संगठन मंत्री विपेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, अशफाक अली उर्फ गुड्डू, दिवाकर पटेल, शील जायसवाल, शिवा पांडे, प्रदेश महामंत्री अनुराग सिंह परमार, नगर अध्यक्ष निशित मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अवस्थी, नगर महासचिव अभय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गश खाकर गिरे बुजुर्ग की मौत

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इटौंजा थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में बुधवार सुबह गश खाकर गिरने से 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इटौंजा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, पिपरी निवासी गनेशी (70) बुधवार सुबह घर पर थे। परिजनों के मुताबिक अचानक उन्हें चक्कर आया और वह गश खाकर जमीन पर गिर पड़े। गिरने के बाद उनकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन उन्हें सीएचसी इटौंजा लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।सीएचसी इटौंजा के चिकित्सकों ने बताया कि बुजुर्ग को अस्पताल लाए जाने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी।थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुची।वहीं परिजन किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार करते हुए शव अपने साथ घर ले गए। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण अचानक तबीयत बिगड़ना माना जा रहा है।

## 600 मीटर अधूरी सड़क ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें, हल्की बारिश में समेसी-कुबहरा मार्ग बना दलदल



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को हुई हल्की बारिश ने समेसी-कुबहरा-मोहनलालगंज मार्ग की बदहाल स्थिति उजागर कर दी। कमालपुर विचिलका माइनर से कुबहरा गांव तक वन विभाग की भूमि में आने वाला करीब 600 मीटर कच्चा मार्ग कीचड़ और जलभराव से दलदल बन गया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। स्कूली बच्चों, महिलाओं, किसानों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग से अनुमति न मिलने के कारण वर्षों से सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है। कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे लोगों को 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। किसान नेता हरिपाल सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण शुरू नहीं कराया गया तो ग्रामीणों के साथ वन विभाग कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा।

## ऑनलाइन रिटर्न भरने का प्रशिक्षण, 60 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय(क्षेत्र संचालन प्रभाग), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के राज्य राजधानी क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ की ओर से बुधवार को निगमित सेवा क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण-2026 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन किया गया। विकास नगर स्थित एनएसएसओ भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में करीब 60 औद्योगिक इकाइयों के स्वामियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का शुभारंभ उप-महानिदेशक डॉ. सुचिता गुप्ता ने किया। उप निदेशक अंशिका बाजपेई और उनकी टीम ने ऑनलाइन रिटर्न भरने की प्रक्रिया को खंडवार समझाया।

# ट्रक को ओवरटेक करते समय कार बेकाबू, स्कॉर्पियो से भिड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में बुधवार को इन्दौर बाग मोड़ के पास ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गई। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि छह अन्य लोग चोटिल हुए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, ट्रक पटना की ओर जा रहा था। इसी दौरान नैमिषारण्य से लौट रही हुंडई आई-10 कार जिसे विवेक सिंघल चला रहे थे, ट्रक को ओवरटेक करने लगी। ओवरटेक के दौरान कार का पिछला हिस्सा ट्रक से टकरा गया। टक्कर लगते ही कार चालक संतुलन खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में पहुंच गया। इसी बीच सामने से आ रही स्कॉर्पियो से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई।हादसे में कार सवार गीता अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल राम सागर मिश्र 100 शैय्या चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं अलका सिंघल,अद्विका सिंघल, मनोज अग्रवाल, रिया अग्रवाल व अलका अग्रवाल समेत अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। सभी का उपचार कराया जा रहा है।सूचना मिलते ही बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं।पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया दुर्घटना ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान कार के अनियंत्रित हो जाने से हुई प्रतीत होती है। तहरीर मिलने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# केक, वृक्षारोपण और भंडारे के साथ मना अखिलेश का जन्मदिन, सपा नेताओं ने दिखाई एकजुटता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में पूरे उत्साह, जोश और जनसहभागिता के साथ मनाया गया। ग्राम रानीखेड़ा-हरिकंश गढ़ी और नरपतगंज-सरथुआ में आयोजित कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं का भारी जनसमूह उमड़ा। सांसद आरके चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर की मौजूदगी ने आयोजन को और भव्य बना दिया। रानीखेड़ा में सेक्टर प्रभारी सुरेश कुमार रावत तथा नरपतगंज में सेक्टर प्रभारी मुलायम यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आरके चौधरी और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद केक काटकर अखिलेश यादव के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। जन्मोत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया। साथ ही मिठाई वितरण और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा ने की। इस अवसर पर अमरेन्द्र यादव 'बाबा', पार्षद प्रतिनिधि सुनील कुमार रावत, सैनिक प्रकोष्ठ के साथी, मोदनवाल सभा के राष्ट्रीय सचिव सतीश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अशर्फी लाल धीमान, पूर्व प्रधान बुद्धि लाल धीमान, चंद्रशेखर यादव, विजय सिद्धार्थ, राम किशोर यादव, पंकज यादव, लाल बहादुर लोधी, लाल जी यादव, पूर्व प्रधान सुरेश पाल, संतराम रावत, हरीशंकर रावत, जितेंद्र कुमार, ब्रजरंग गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वच्छता अभियान के साथ मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फैजुल्लागंज क्षेत्र में बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। भरत नगर स्थित शुक्ला पुलिया के पास सुबह करीब 6:30 बजे शुरू हुए कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी ममता त्रिपाठी ने किया। इसमें क्षेत्र के करीब 100 लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्रतीकात्मक सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया और अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। ममता त्रिपाठी ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है। प्रत्येक नागरिक को अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई में सक्रिय योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में डेंगू और मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। राकेश पांडेय ने घरों और आसपास पानी जमा न होने देने, नियमित सफाई रखने तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की। वहीं स्वच्छ पेयजल के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। अखिलेश अवस्थी ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। गुड़िया सिंह ने कहा कि जनजागरूकता के माध्यम से ही सकारात्मक बदलाव संभव है और बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।कार्यक्रम के स्थानीय प्रभारी आशुतोष शुक्ल ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। अंत में उपस्थित लोगों ने अखिलेश यादव के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए वर्ष 2027 में उन्हें उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य को लेकर बूथ स्तर पर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# यूपीटीईटी की परीक्षा 2 से 4 जुलाई तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 60 जनपदों के 955 केंद्रों पर 19.94 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

❒ आयोग अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार बोले- पारदर्शी, निष्पक्ष और शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए आयोग कृत संकल्पित

लखनऊ । उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी-2026) की लिखित परीक्षा दिनांक 02 व 03 जुलाई 2026 को दो-दो पालियों तथा 04 जुलाई 2026 को एक पाली, इस प्रकार कुल 05 पालियों में प्रदेश के 60 जनपदों में 955 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी। इस परीक्षा में कुल 1994661 पंजीकृत परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे।

आयोग के अनुसार 02 जुलाई की दोनों पालियों एवं 03 जुलाई की प्रथम पाली में उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) के अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी, जबकि 03 जुलाई की द्वितीय पाली एवं 04 जुलाई की प्रथम पाली में प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) के अभ्यर्थियों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार, पूर्व आईपीएस (सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.) ने बताया कि सभी 60 जनपदों के 955 परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों की गहन समीक्षा कर ली गई है। सभी केंद्रों पर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों के सभी कक्षों एवं महत्वपूर्ण हिस्सों को एआई सीसीटीवी से आच्छादित कर जनपद के कंट्रोल रूम तथा आयोग में स्थापित अत्याधुनिक एआई कैमरों से लैस इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से जोड़ा गया है। आयोग के कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की कनेक्टिविटी का परीक्षण कर लिया गया है। आयोग स्तर से प्रत्येक जनपद के लिए एक-एक सदस्य, सेवानिवृत्त आईएएस व सेवानिवृत्त आईपीएस को प्रेक्षक के रूप में नामित किया गया है, जो अपने आवंटित जनपद में पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर चुके हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी। जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण तथा उनकी निगरानी टीमों द्वारा परीक्षा केंद्रों पर लगातार भ्रमण किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा केंद्रों पर पर्याप्त फोर्स की तैनाती की जा रही है। संदिग्ध व असामाजिक तत्वों पर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नकल कराने अथवा परीक्षा की शुचिता व गोपनीयता को प्रभावित करने वाले व्यक्ति, संस्था या संबंधित के विरुद्ध उ.प्र. सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों द्वारा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन आदि का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। शिक्षक पात्रता परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा आगमन, प्रवास व प्रस्थान के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। आकस्मिक स्थिति हेतु समुचित सुरक्षा एवं चिकित्सीय प्रबंध के निर्देश भी शासन द्वारा दिए गए हैं।आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे तथा प्रवेश पत्र में मुद्रित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें। शासन के निर्देशों के अनुरूप केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उनके हित में सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी किसी अफवाह अथवा बहकावे में न आएं और सूचनाओं की पुष्टि आयोग की वेबसाइट www.upessc.up.gov.in एवं 'ङ्' हैंडल @upesscprayagraj से कर लें।

अध्यक्ष ने कहा कि शासन एवं आयोग इस परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष तथा शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# 90 से अधिक सीसीटीवी खंगालकर नगराम पुलिस ने खोला लाखों की चोरी का राज, दो शातिर चोर गिरफ्तार

❒ पांच लाख रुपये के जेवरात व नकदी बरामद, वारदात में प्रयुक्त बेलचा भी मिला, एक आरोपी पर पहले से पांच मुकदमे दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ। नगराम पुलिस ने घर में लाखों रुपये की चोरी का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब पांच लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी तथा वारदात में प्रयुक्त बेलचा बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद जगी है।

थाना प्रभारी नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि बीते रविवार की रात अनैय्या खरगापुर निवासी अम्बरीश कुमार मिश्र के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर घर में घुस गए थे। बदमाशों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर नकदी और कीमती जेवरात चोरी कर लिए थे। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देश पर दो विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने करीब 90 से 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया। जांच के आधार पर बुधवार को मुखबिर की सूचना पर इंदिरा नहर किनारे डोरिया मोड़ के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रामचन्द्र पुत्र बुचई निवासी दोरिया मजरा हरदोईया (थाना नगराम) तथा बुद्धिलाल पुत्र स्व. महावीर निवासी गौरा (थाना मोहनलालगंज) के रूप में हुई। पुलिस ने उनके कब्जे से एक नथुनी, एक माथा बेंदी, दो बड़ी अंगूठियां, तीन जोड़ी पायल, 1570 रुपये नकद तथा चोरी में प्रयुक्त लोहे का बेलचा बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मजदूरी करने के बहाने बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे और मौका मिलते ही ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी के बाद माल आपस में बांट लेते थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी बुद्धिलाल के खिलाफ मोहनलालगंज और कृष्णानगर थानों में चोरी और आर्म्स एक्ट सहित पांच आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

# डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ

❒ सभी विभागों को इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में 01 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। बुधवार को डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर से जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया और कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों और आमजन की सहभागिता से ही अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप नगर विकास, पंचायतीराज, स्वास्थ्य, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, उद्यान, दिव्यांगजन सशक्तीकरण तथा सूचना विभाग के समन्वय से पूरे माह व्यापक जनजागरूकता एवं नियंत्रण संबंधी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने सभी विभागों को इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए। बताया कि नगर निकायों द्वारा साफ-सफाई, फॉगिंग, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, खुले में शौच मुक्त वातावरण बनाए रखने तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम विकास अधिकारियों के नेतृत्व में स्वच्छता, जल निकासी, शुद्ध पेयजल, झाड़ियों एवं तालाबों की सफाई तथा छिड़काव जैसे कार्य कराए जाएंगे। नगर एवं ग्राम स्तर पर गठित निगरानी समितियां दिमागी बुखार, वेक्टर जनित एवं जलजनित रोगों के प्रति लोगों को निरंतर जागरूक करेंगी। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पुष्टाहार उपलब्ध कराएगा, जबकि शिक्षा विभाग विद्यालयों में स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों और अभिभावकों को जागरूक करेगा। कृषि एवं सिंचाई विभाग जलभराव रोकने, मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण, नहरों के आसपास सफाई तथा मच्छररोधी पौधों के रोपण को बढ़ावा देगा। स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों एवं बुखार के मामलों की निगरानी, कोविड जांच एवं टीकाकरण, क्षय रोगियों की जांच एवं उपचार, रोगी परिवहन तथा वाहक नियंत्रण गतिविधियों का संचालन करेगा। वहीं उद्यान विभाग सार्वजनिक स्थलों एवं विद्यालयों में मच्छर विकर्षी पौधों का रोपण करेगा तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग दिव्यांग बच्चों के लिए आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने एवं पुनर्वास सेवाओं को सुदृढ़ करेगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह की दो टूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर । अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के अभियान के तहत बुधवार को सकरन थाना परिसर में क्षेत्र के चिन्हित 18 हिस्ट्रीशीटरों को तलब किया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने सभी के साथ सीधा संवाद करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा, ''कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे, लेकिन कानून तोड़ने वालों के लिए किसी भी प्रकार की रियायत नहीं होगी।''

थाना परिसर में आयोजित बैठक के दौरान सभी हिस्ट्रीशीटरों को भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराध का रास्ता केवल जेल, बदनामी और बर्बादी की ओर ले जाता है। अपराधी सिर्फ अपना ही नहीं बल्कि पूरे परिवार का भविष्य दांव पर लगा देता है। उसके कारण परिवार के लोग समाज में सम्मानपूर्वक जीवन नहीं जी पाते और बच्चों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलिस की निगाह प्रत्येक हिस्ट्रीशीटर की गतिविधियों पर बनी रहेगी। यदि कोई दोबारा अपराध में संलिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी को चेतावनी देते हुए कानून का पालन करने, समाज की मुख्यधारा से जुड़ने और अपराध की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान मौजूद हिस्ट्रीशीटरों ने भविष्य में अपराध न करने तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करने का भरोसा दिया। साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए कि वे प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर थाना पहुंचकर अपनी हाजिरी दर्ज कराएं, ताकि उनकी गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके।

बैठक में थाना क्षेत्र के 18 हिस्ट्रीशीटरों के अलावा थाना पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। पुलिस का कहना है कि ऐसे संवाद और निगरानी अभियान का उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय पैदा करना और क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

# ब्रांडेड कंपनी के नाम का लाखों का डुप्लीकेट पैकिंग बेसन व दाल बरामद, रिपोर्ट दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के केरूगंज में काफी समय से ब्रांडेड कंपनी के नाम से डुप्लीकेट पैकिंग कर बेसन और दाल आदि बेचा जा रहा था। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि की सूचना पर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में लाखों का ब्रांडेड कंपनी का डुप्लीकेट पैकिंग बेसन और दाल आदि बरामद किया। पुलिस ने करीब 32 लाख रूपए का बरामद माल को सीज कर आरोपी व्यापारी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि ब्रांडेड कंपनी के नाम से अन्य खाद्य पदार्थों की भी पैकिंग मिली है। जिसकी जांच की जा रही है।

मंगलवार को मैसर्स राजधानी फ्लोर मिल्स लिमिटेड, लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया दिल्ली तथा विक्टोरिया फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि भूमेश गौड ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि उनकी कंपनी के प्रतिष्ठित ब्रांड राजधानी के नाम से डुप्लीकेट/नकली बेसन एवं दालों का निर्माण कर बाजार में बेचा जा रहा है। जिससे उनकी कंपनी की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है तथा आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस, जिला प्रशासन एवं मंडी प्रशासन की संयुक्त टीम ने थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जियाखेल स्थित मैसर्स आरव उद्योग के प्रोपराइटर अनुराधा अग्रवाल पत्नी विकास अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने आरव उद्योग फैक्ट्री से भारी मात्रा में लाखों का ब्रांडेड कंपनी का डुप्लीकेट पैकिंग बेसन और दाल आदि बरामद किया। सीओ ने बताया कि आरव उद्योग फैक्ट्री पर ब्रांडेड कंपनी राजधानी के नाम से डुप्लीकेट पैकिंग कर बेसन एवं दालें तैयार कर उन्हें असली उत्पाद के रूप में बाजार में बेचा जा रहा था। टीम ने मौके से राजधानी ब्रांड के लगभग 550 भरे हुए बोरे, पैकिंग मशीन सहित अन्य पैकेजिंग सामग्री एवं उपकरण बरामद कर सीज किया है। जिसकी कीमत बाजार में करीब 32 लाख 87 हजार रुपये है। बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम ने उक्त फैक्ट्री से बरामद बेसन एवं दालों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे हैं। जांच रिपोर्ट के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के ततह वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बताया कि राजधानी कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि भूमेश गौड की तहरीर पर थाना कोतवाली में आरव उद्योग फैक्ट्री की संचालिका अनुराधा अग्रवाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। छापेमारी टीम में सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और मंडी प्रशासन की टीम मौजूद रही।

## 12 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, सुलह-समझौते से निस्तारित होंगे विभिन्न वाद

सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश आशीष जैन के आदेशानुसार 12 सितंबर 2026 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला न्यायालय परिसर के साथ-साथ जनपद के समस्त बाह्य न्यायालयों एवं तहसील स्तर पर भी होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के मामले, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, किराया, सुखाधिकार, विशिष्ट अनुतोष वाद, बैंकों के प्री-लिटिगेशन मामले सहित अन्य सुलह योग्य वादों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से अपील की है कि वे अपने-अपने मामलों को संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराएं, जिससे समय, धन और ऊर्जा की बचत के साथ त्वरित न्याय का लाभ मिल सके।

# चोरी की दो मोटर साइकिलों के साथ एक युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना कलान पुलिस ने चोरी की दो मोटर साइकिल बरामद करते हुए एक अभियुक्त को जेल भेजा है।

मंगलवार को थाना कलान क्षेत्र के हेतमपुर निवासी आसीन पुत्र कदीर अपने खेत पर मोटर साइकिल से गए थे। उन्होंने खेत के किनारे अपनी मोटर साइकिल खड़ी कर दी और खेत में काम करने लगे। इसी दौरान एक युवक ने बनावटी चाबी लगाकर उनकी मोटर साइकिल का लॉक खोल लिया और मोटर साइकिल लेकर भागने लगा। उन्होंने शोर मचाया और आसपास के लोगों की मदद से मोटर साइकिल चोर को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम दीपेन्द्र पुत्र जबर सिंह निवासी ग्राम छेदा नगला थाना गंजडुडवारा जिला कासगंज बताया। तालाशी लेने पर उसके पास से बनावटी चाबी और मोटर साइकिल का लॉक तोड़ने के लिए एक लोहे की राड बरामद हुई। इसके बाद आसीन उसे लेकर थाने पहुंचे। वहां, पुलिस पूछताछ में अभियुक्त दीपेन्द्र ने बताया कि इससे पहले 29 जून को उसने बदायूं जिले से एक मोटर साईकिल चुराई थी, जिसे उसने आंधीदेई वाले रास्ते पर धर्मपुर में ईंट भट्टे के पास बन्द पडे मकान में ईंटों के पीछे छुपा रखा है। पुलिस ने अभियुक्त की निशादेही पर बदायूं जिले से चोरी की गई दूसरी मोटरसाइकिल भी बरामद की। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाईकिल, दो बनावटी चाबी और हेंडिल लॉक तोड़ने वाली लोहे की राड बरामद की है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना कलान के उपनिरीक्षक अजयपाल के साथ हेड कांस्टेबल बलवीर और अजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# 'अब यह बेटी अकेली नहीं है...'शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे विधायक रोमी साहनी, दी आर्थिक सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सड़क हादसे में मृत युवक मुकेश गौतम के परिजनों से मिले विधायक, सरकारी सहायता दिलाने का दिया भरोसा

गोला गोकरणनाथ खीरी। सड़क दुर्घटना में असमय जान गंवाने वाले जमुनहा गांव निवासी मुकेश गौतम के घर पहुंचकर विधायक रोमी साहनी ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान विधायक के संवेदनशील शब्दों ने वहां मौजूद लोगों की आंखें नम कर दीं।

परिजनों से बातचीत के दौरान विधायक रोमी साहनी ने कहा, ''इसका ख्याल रखना, अब तुम ही इसके मां-बाप हो। इसे कभी अकेला मत छोड़ना। परिवार को जब भी मेरी जरूरत होगी, मैं हर संभव मदद के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा।'' विधायक की यह बात सुनकर शोकाकुल माहौल और भी भावुक हो गया तथा कई ग्रामीण अपनी भावनाएं नहीं रोक सके। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि मुकेश गौतम की शादी को अभी लगभग एक वर्ष ही हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही सड़क हादसे में उनकी दर्दनाक मौत हो गई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पत्नी चांदनी गौतम पूरी तरह अकेली रह गईं।

विधायक रोमी साहनी ने मृतक की पत्नी चांदनी गौतम को तत्काल 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि परिवार को जब भी किसी प्रकार की आवश्यकता होगी, वे हर संभव सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि मृतक के परिजनों को शासन की ओर से मिलने वाली सभी पात्र सरकारी सहायता एवं योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द दिलाने का प्रयास किया जाएगा। विधायक के इस संवेदनशील व्यवहार की ग्रामीणों ने सराहना की और शोक की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े होने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# अदालत के स्पष्ट आदेश के बाद भी 7 महीने से तहसील का चक्कर काट रहा पट्टा धारक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी। मितौली तहसील क्षेत्र के चौगानपुर गांव निवासी आशीष शुक्ला पवन शुक्ला पुत्र मिथलेश शुक्ला का पट्टा 2008 में हुआ था लंबी न्यायिक लड़ाई कलेक्ट्रेट अपर आयुक्त उप जिलाधिकारी सहित विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में भी मुकदमा जीतने के बाद आशीष कुमार अदालत के स्पष्ट आदेश के बाद भी 7 महीने से मितौली तहसील के चक्कर लगा रहे हैं कि दबंगों ने हमारी जमीन पर जो कब्जा किया है वह कब्जा मुक्त कराया जाए लेकिन प्रशासन कई बार मौके पर गया भी और जमीन कम होने का हवाला देकर पट्टा धारक को इधर-उधर की बातें समझा देता है जबकि विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट उप जिला मजिस्ट्रेट लखीमपुर अश्विनी कुमार सिंह जी ने अपने आदेश में लिखा है कि तहसीलदार मितौली पुलिस बल के साथ जाकर पट्टा धारक की जमीन से कब्जा हटवा कर पट्टा धारक को कब्जा दिलवाएं लेकिन आखिर कौन सी ताकत है जो मितौली तहसील प्रशासन के कर्मचारियों को पट्टा धारक की जमीन कब्जा मुक्त करने में आड़े आ रही है समझ में नहीं आता

## मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ द्वारा भूमाफियाओं पर और पट्टा धारको की जमीन पर कब्जा करने वाले दबंग पर कार्रवाई करने के कई बार निर्देश जारी किए हैं लेकिन यह आदेश मितौली तहसील प्रशासन अपनी जेब में रख कर घूम रहा है आखिर स्पष्ट आदेश के बाद भी आशीष कुमार की जमीन क्यों कब्जा मुक्त नहीं हुई चार लेखपालों की रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने फैसला दिया है और कब्जा धारकों पर तीन तीन हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है स्वयं तहसीलदार ने अपनी आख्या में कहा है की जमीन पर अवैध कब्जा है लेकिन फिर भी अगर 7 महीने से अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए कोई गरीब तहसील प्रशासन के चक्कर लगा रहा है तो कहीं ना कहीं अधिकारी और कर्मचारी जरूर सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का काम कर रहे हैं

## कहीं कब्जे दार दबँगो से साठ गांठ तो नहीं तहसील प्रशासन के लोगों की

लगभग चार बार टीम जाकर मौके का मुयाना करके लौट आई लेकिन कब्जे धारक से कब्जा नहीं हटवा पाई क्या कहीं कब्जा करने वाले दबँगो से तहसील प्रशासन के लोगों की शाटगांठ तो नहीं हो गई आखिर अपने लेखपालों की रिपोर्ट और तहसीलदार की आख्या के बाद हुए आदेश को मानने को क्यों तैयार नहीं तहसील प्रशासन अदालत के आदेशों की क्यों धज्जिया उड़ने पर लगा है मितौली तहसील प्रशासन 7 महीने से अगर पट्टा धारक अदालत के आदेश के बाद भी तहसील प्रशासन के चक्कर लगा रहा है तो तहसील प्रशासन की ईमानदारी पर भी बड़ा सवाल खड़ा होता है।

## बिसवां बनेगा देश की पहली 'रूरल फिल्म इंडस्ट्री'! फिल्म निर्माता निशांत कौशिक का बड़ा ऐलान, स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच

**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फिल्म निर्माता-निर्देशक निशांत कौशिक ने कहा कि बिसवां क्षेत्र को देश की पहली 'रूरल फिल्म इंडस्ट्री' के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। इस पहल से क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को बड़े पर्दे पर पहचान मिलने के साथ रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अर्जुनगढ़ कन्दुनी में शरद चौधरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में निशांत कौशिक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान उन्हें यहां फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं दिखाई दी हैं। प्राकृतिक लोकेशन, स्थानीय संस्कृति और स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा बिसवां को फिल्म शूटिंग के लिए बेहद उपयुक्त बनाती है। उन्होंने बताया कि आगामी दो से तीन माह के भीतर क्षेत्र में फिल्मों की शूटिंग शुरू करने की योजना है। उनके होम प्रोडक्शन के बैनर तले पूर्व में फिल्म 'कागज' की शूटिंग भी इस क्षेत्र में हो चुकी है। अब अन्य फिल्म निर्माताओं को भी बिसवां लाकर यहां फिल्म निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। निशांत कौशिक ने बताया कि अरिंजय फिल्म्स और निशांत कौशिक फिल्म्स के संयुक्त बैनर तले क्षेत्र में फिल्मों का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और अन्य युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में समाजसेवी शरद चौधरी, अरिंजय चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 11 हजार वोल्ट का कहर: घर में उतरा हाई वोल्टेज, 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, पूरे गांव में आक्रोश

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामपुर कला क्षेत्र के ग्राम सिपुरी सडोंर में सोमवार देर रात करीब 12 बजे एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर से 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन अचानक घरेलू लाइन में उतर गई, जिससे पूरे गांव में हाई वोल्टेज फैल गया। देखते ही देखते कई घरों के पंखे, टीवी, फ्रिज, कूलर सहित अन्य विद्युत उपकरण जल गए। इसी दौरान 20 वर्षीय मुन्ना लाल, पुत्रअरविंद वर्मा, अपने घर में मौजूद थे। परिजनों के अनुसार तेज विद्युत प्रवाह के कारण चल रहा टेबल फैन उनके ऊपर गिर गया और करंट की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने विद्युत विभाग की कथित लापरवाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि जब वे थाना रामपुर कला में प्रार्थना पत्र देने पहुंचे तो तत्काल उसे स्वीकार नहीं किया गया और उन्हें बताया गया कि पहले मामले की जांच होगी, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। बड़ी संख्या में एकत्र ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक मुन्ना लाल का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। उधर, इस मामले में महमूदाबाद विद्युत विभाग के एसडीओ ने बताया कि विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे क्षेत्र में घटना को लेकर गहरा आक्रोश और शोक का माहौल है। ग्रामीण प्रशासन और विद्युत विभाग से निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## जनता दर्शन में नेत्रहीन दंपती की फरियाद पर तत्काल कार्रवाई डीएम ने मौके पर बनवाया अंत्योदय राशन कार्ड

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनता दर्शन में बुधवार को मानवता और संवेदनशील प्रशासन की मिसाल देखने को मिली। तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम छाउछ निवासी मनोज कुमार (30) और उनकी पत्नी अंजना देवी (25), जो दोनों ही नेत्रहीन हैं, अपनी आजीविका और राशन की समस्या लेकर डीएम अंजनी कुमार सिंह के समक्ष पहुंचे। उनकी व्यथा सुनते ही डीएम ने बिना देर किए अधिकारियों को तलब कर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। डीएम ने डीएसओ सीमा त्रिपाठी को मौके पर बुलाकर दंपती की पात्रता से जुड़ी सभी औपचारिकताएं तत्काल पूरी कराईं। जरूरी प्रक्रिया पूर्ण होते ही नेत्रहीन दंपती का अंत्योदय राशन कार्ड जारी करा दिया गया, जिससे अब उन्हें नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध हो सकेगा। डीएम ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी पात्र व्यक्ति को केवल औपचारिकताओं के कारण योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। अचानक मिली इस राहत से भावुक दंपती ने डीएम और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। जनता दर्शन में मौजूद लोगों ने भी त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे निर्णय आमजन का प्रशासन पर भरोसा और मजबूत करते हैं।

# सपा नेताओं ने वृक्षारोपण कर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन, किया फल व मिष्ठान वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिन पर पार्टी के नेताओं ने बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर और जरूरतमंदों व राहगीरों को फल व मिष्ठान वितरण किया। साथ ही कई स्थानों पर वृक्षारोपण कर अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना कर 2027 के विधानसभा के चुनाव में सपा सरकार बनवाकर अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। समाजवादी पार्टी मानती है कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण ही आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कहा कि अखिलेश यादव ने सदैव हरियाली, विकास और जनकल्याण की राजनीति को प्राथमिकता दी है, जिससे प्रेरणा लेकर पार्टी के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे। कहा कि हम सभी कामना करते हैं कि अखिलेश यादव स्वस्थ, दीर्घायु एवं सदैव जनसेवा के लिए ऊर्जावान रहें तथा उनके नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा और अधिक मजबूत होकर प्रदेश को प्रगति एवं खुशहाली के मार्ग पर विकास की ओर बढ़े। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरियाली हर नागरिक का अधिकार है। समाजवादी पार्टी पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक न्याय और विकास का महत्वपूर्ण आधार मानती है। इस मौके पर पूर्व एमएलसी अमित यादव,सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कनौजिया, देवेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, नीरज मिश्रा, संजीव वर्मा, जिवेन्द्र बाजपेई, हफीज अंसारी, आकाश यादव, परवेज अंसारी, इमरान खान, गुफरान खान, टिंकू सिंह, अमन खान, उजैर, सरताज, हाशिम, रानू खान, आरिफ खान, फराज इदरीसी, अमरजीत कश्यप, बबल किशोर वाल्मीकि, सर्वेश, कय्यूम, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# एंटी करप्शन टीम ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते लेखपाल को रंगेहाथ पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एंटी करप्शन टीम ने सदर तहसील में तैनात लेखपाल योगेश तिवारी को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी लेखपाल ने मेड़बंदी के मामले में एक किसान से दस हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने एंटी करप्शन ब्यूरो से संपर्क साधा। इसी क्रम में एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को पूरा जाल बिछाया और ककरा पुल के पास लेखपाल को रंगेहाथ रिश्वत के रुपये लेते हुए पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार सदर तहसील में तैनात लेखपाल योगेश तिवारी ककरा हल्का क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। थाना कोतवाली क्षेत्र के किसान शाकिर अली ने मेड़बंदी संबंधी कार्य के लिए उनसे संपर्क किया था। जिसके एवज में लेखपाल ने उनसे 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। जब किसान ने रुपये देने से इनकार किया तो लेखपाल ने उनका कार्य करने से भी मना कर दिया। जिसके बाद शाकिर अली ने बरेली की एंटी करप्शन टीम से सम्पर्क साधा और टीम ने आरोपी लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। बुधवार दोपहर करीब एक बजे एंटी करप्शन टीम शाहजहांपुर पहुंची। शिकायतकर्ता ने लेखपाल को फोन करके ककरा क्षेत्र में बुलाया और उसे 10 हजार रूपए दिए, तभी पहले से तैनात टीम ने रिश्वत की रकम के साथ लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी लेखपाल को कटरा थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ जारी है। फिलहाल, आरोपी लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# वोडाफोन कंपनी के कार्यों में लापरवाही पर भाजपा सभासदों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ नगर पालिका प्रशासन द्वारा वोडाफोन कंपनी को नगर में निर्धारित से अधिक गड्ढे खोद दिये गये जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, आवागमन में भारी दिक्कते उठानी पड़ रही है

सम्भल, चन्दौसी। नगर पालिका परिषद चन्दौसी क्षेत्र में वोडाफोन टेलीकॉम प्राइवेट कंपनी द्वारा केबल, लाइन बिछाने का कार्य नगर पालिका प्रशासन से निर्धारित नियमों एवं शर्तों के आधार पर अनुमति प्राप्त कर किया जा रहा है। किन्तु कार्य के दौरान लगातार गंभीर अनियमितताएं एवं लापरवाहियां देखने को मिल रही हैं, जिससे नगरवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका प्रशासन द्वारा वोडाफोन कंपनी को नगर में केवल 9 स्थानों पर गड्ढे खोदने की अनुमति प्रदान की गई थी, जबकि कंपनी द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए विभिन्न वार्डों में प्रत्येक वार्ड में तीन से चार गड्ढे खोद दिए गए हैं। आरोप है कि कार्य के दौरान अनुमति की शर्तों का पालन नहीं किया गया तथा लगातार नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त आरोप है कि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की भी खुलेआम अनदेखी की गई। कंपनी द्वारा गड्ढे खोदते समय न तो किसी प्रकार की बैरिकेडिंग (घेराबंदी) की गई और न ही आमजन को सावधान करने के लिए कोई चेतावनी अथवा सांकेतिक बोर्ड लगाया गया। इससे राहगीरों, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों तथा स्कूली बच्चों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। भाजपा सभासदों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि कंपनी ने अनुमति की शर्तों एवं सुरक्षा संबंधी मानकों का भी पालन नहीं किया है।

बताया गया कि कंपनी द्वारा सड़क खोदने के बाद गड्ढों को समय पर नहीं भरा जा रहा है तथा कई स्थानों पर उन्हें खुला छोड़ दिया गया है। इसके कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। आज सम्भल गेट स्थित मुख्य तिराहे पर नगर पालिका परिषद की कूड़ा ट्रॉली भी खुले गड्ढे में फंस गई, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस संबंध में भाजपा सभासद अमन कोरी ने बताया कि पिछले लगभग 10 दिनों से लगातार अधिशासी अधिकारी एवं नगर पालिका निर्माण विभाग के जेई को इस समस्या से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित कंपनी की लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता के कारण नगरवासियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। उन्होंने कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन समय-समय पर कार्यों का निरीक्षण करता और नियमों का सख्ती से पालन कराता, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। नगरवासियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता।

समस्या के समाधान में हो रही देरी एवं प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में आज भाजपा सभासदों ने घटनास्थल पर अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि संबंधित कंपनी के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, अनुमति की शर्तों के उल्लंघन की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, सभी खुले गड्ढों को तत्काल भरवाया जाए तथा भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े।

इस दौरान सभासद तरुण नीरज, नवकांत देव शर्मा, अमन कोरी, लोकेश मौर्य, निशान्त शर्मा, सचिन रस्तोगी एवं अन्ना खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने लक्ष्मी प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय समिति का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने विकास खंड उसावां स्थित लक्ष्मी प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय समिति का निरीक्षण कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संकुल स्तरीय समिति की सदस्य राजेश्वरी, सुषमा, सुनीता, ममता, प्रतिभा सहित अन्य महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों एवं आय के स्रोतों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। समूह की महिलाओं ने बताया कि वे दुग्ध डेयरी संचालन, बैग निर्माण, नींबू की खेती, कॉस्मेटिक एवं रेडीमेड वस्त्रों के व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं तथा इन गतिविधियों के माध्यम से प्रति माह लगभग 10 हजार से 20 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने महिलाओं को उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा उन्हें अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपायुक्त (स्वतः रोजगार) एवं संबंधित जिला मिशन प्रबंधक को स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को फूलों की खेती, पॉलीहाउस तथा अन्य रोजगारपरक गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त (स्वतः रोजगार) रवि प्रकाश सिंह, खंड विकास अधिकारी उसावां मनीष कुमार वर्मा, समस्त जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक एवं संकुल स्तरीय समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उझानी सीएचसी परिसर जलमग्न, मरीजों को घुटनों तक पानी से होकर पहुंचना पड़ा अस्पताल

बदायूँ। बुधवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने उझानी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी) की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। अस्पताल परिसर में जलभराव इतना अधिक हो गया कि मरीजों और उनके परिजनों को घुटनों तक भरे गंदे पानी से होकर अस्पताल के अंदर प्रवेश करना पड़ा। हालात ऐसे रहे कि इमरजेंसी और ओपीडी तक पहुंचना भी मरीजों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। बारिश के बाद अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार और परिसर पूरी तरह पानी से भर गया। बुखार से पीड़ित बच्चों को गोद में लेकर आए परिजन, प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य मरीज गंदे पानी से होकर इलाज के लिए डॉक्टरों तक पहुंचे। दोपहर बाद बारिश थमने पर भी परिसर में पानी और कीचड़ जमा रहा, जिससे फिसलन और गंदगी की समस्या बनी रही। मरीजों और तीमारदारों ने अस्पताल की व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इलाज कराने आए लोगों को संक्रमण का खतरा भी झेलना पड़ रहा है। उनका कहना था कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हर वर्ष मानसून के दौरान सीएचसी परिसर में यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जाता। उनका कहना है कि बरसात शुरू होते ही अस्पताल परिसर तालाब में तब्दील हो जाता है और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सीएचसी परिसर में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराई जाए, ताकि बरसात के मौसम में मरीजों को इस तरह की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। हालांकि, इस मामले में समाचार लिखे जाने तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

# दहगवां में सेवानिवृत्त शिक्षक के घर लाखों की चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ नकदी, जेवरात, लैपटॉप और मोबाइल ले उड़े चोर

बदायूँ। जनपद के थाना जरीफनगर क्षेत्र स्थित नगर पंचायत दहगवां में मंगलवार रात चोरों ने एक सेवानिवृत्त शिक्षक के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय पूरा परिवार घर में सो रहा था। सुबह जागने पर चोरी का पता चलने से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-7 निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सुदर्शन लाल सक्सैना के घर में मंगलवार देर रात अज्ञात चोर पीछे के रास्ते से दाखिल हुए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 10 हजार रुपये नकद, सोने का मंगलसूत्र, सोने का ओम लॉकेट, दो सोने की अंगूठियां, एक लैपटॉप, एक मोबाइल फोन तथा अन्य कीमती जेवरात और सामान चोरी कर लिया। बुधवार सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का ताला टूटा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद पीड़ित परिवार ने दहगवां चौकी पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की और संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस चोरी के खुलासे के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन की बड़ी सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

बदायूँ। उत्तर प्रदेश पुलिस के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत बदायूं पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को कड़ी सजा दिलाने में सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में हुई प्रभावी पैरवी के बाद विशेष पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और कुल 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस के अनुसार थाना दातागंज में वर्ष 2022 में दर्ज मुकदमे में आरोपी अर्जुन सिंह पुत्र मोती सिंह, निवासी ग्राम जयपालपुर, थाना दातागंज के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म तथा पॉक्सो अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना उप निरीक्षक चन्द्रभान सिंह पाठक ने पूरी कर आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधि नियम, बदायूं की अदालत में प्रस्तुत किया। इस मामले को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत चिन्हित किया गया।

अभियोजन विभाग, मॉनिटरिंग सेल तथा पैरोकार कांस्टेबल मोनू की प्रभावी पैरवी और लोक अभियोजक अमौल जौहरी के सशक्त पक्ष रखने के परिणाम स्वरूप न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अतिरिक्त आरोपी को भारतीय न्याय संहिता के पूर्व प्रावधानों के अनुरूप लागू भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363 में 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपये अर्थदंड, तथा धारा 366 में भी 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। दोनों मामलों में अर्थदंड जमा न करने पर तीन-तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने आदेश दिया कि अर्थदंड की पूरी धनराशि पीड़िता को प्रदान की जाएगी। साथ ही आरोपी की सभी सजाएं साथ- साथ चलेंगी तथा मुकदमे के दौरान जेल में बिताई गई अवधि को सजा की अवधि में समायोजित किया जाएगा। इस प्रकरण में प्रभावी विवेचना करने वाले उप निरीक्षक चन्द्रभान सिंह पाठक, पैरोकार कांस्टेबल मोनू तथा लोक अभियोजक अमौल जौहरी के कार्य की सराहना की गई।

## रोजगार शिविरों में 115 अभ्यर्थियों का चयन, विभिन्न ब्लॉकों में जारी है भर्ती अभियान

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित रोजगार शिविरों में अब तक 115अभ्यर्थियों का चयन किया जा चुका है। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड, देहरादून के सहयोग से विभिन्न विकास खंडों में सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी पदों पर भर्ती के लिए 30 दिवसीय रोजगार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित शिविरों में ब्लॉक सालारपुर एवं उझानी से 32, कादरचौक एवं म्याऊं से 24, उसावां एवं जगत से 22 तथा वजीरगंज, बिसौली, आसफपुर, सहसवान एवं दहगवां से 37 अभ्यर्थियों का चयन सुरक्षा गार्ड पद के लिए किया गया है।जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि भर्ती अभियान के तहत आगामी रोजगार शिविर ब्लॉक इस्लामनगर में 01 एवं 02 जुलाई, अम्बियापुर में 03 एवं 04 जुलाई, दातागंज में 06 एवं 07 जुलाई तथा समरेर में 08 एवं 09 जुलाई 2026 को आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि इन शिविरों में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई एवं जीटी आई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि पर रोजगार शिविर में उपस्थित होना होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने सभी बेरोजगार युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन रोजगार शिविरों में प्रतिभाग कर निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

## राजनैतिक दलों की मौजूदगी में ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाएं मिलीं चाक-चौबंद

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट (ड्डड्डघ्ड्ड) वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली तथा मशीनों के रख-रखाव का गहन परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण में सभी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें पूर्णतः सुरक्षित एवं निर्वाचनआयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप संरक्षित पाई गईं। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वेयरहाउस में मशीनों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध प्रभावी ढंग से लागू हैं। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी निरीक्षण प्रक्रिया में सहभागिता करते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

## जिला महिला अस्पताल में सफाईकर्मी कर रहा, गार्ड की ड्यूटी

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला महिला अस्पताल में व्यवस्थाएं दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है, जिला महिला अस्पताल आए दिन विवादों में रहता है,वहीं आपको बता दें कि आरोप है कि बाहर गेट पर ड्यूटी कर रहा सफाईकर्मी चर्चाओं में है, वहीं तीमारदारो का आरोप है कि बच्चा दिखाने के आवाज में यह सफाईकर्मी लोगों से रुपये वसूलने का काम कर रहा है, वही यह सफाईकर्मी गेट पर ड्यूटी करता हुआ नजर आ रहा है, वहीं लोगों से अभद्र व्यवहार और अस्पताल से निकल जाने की धमकी देता हुआ नजर आ रहा है। वहीं सूत्रा बता रहे हैं कि अस्पताल में उसका व्यवहार ठीक नहीं है और आए दिन लोगों से गलत व्यवहार करना, पीड़ित मरीजों से पैसे वसूलना सफाई व्यवस्था पर ध्यान ना देना यही काम इस सफाईकर्मी द्वारा किया जा रहा है।

## जमा बिल की रसीद मांगने पर विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ता से मारपीट

**हरगांव सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विद्युत उपकेंद्र झरेखापुर पर तैनात टीजीटू शैलेन्द्र कुमार पर जमा बिल की रशीद मांगने पर उपभोक्ता ने मारपीट का आरोप लगाया है।बुधवार को शाम करीब तीन बजे राम सुमिरन पाण्डेय पुत्र राजाराम पाण्डेय निवासी ग्राम फत्तेपुर मातिनपुर ने उपकेंद्र पर 4600(चार हजार छह सौ रुपये)बिल जमा किया।आरोप है की जमा बिल की रशीद मांगने पर शैलेंद्र कुमार अचानक भड़क गए और अपने तीन-चार कर्मचारियों के साथ मिलकर मारपीट कर जान माल से मारने की ऐलानियां धमकी दे डाली।पीड़ित उपभोक्ता ने मामले की शिकायत अधीक्षण अभियंता सीतापुर व पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।टीजीटू शैलेंद्र कुमार का कहना है बिल गड़बड़ी को लेकर वाद विवाद हुआ था मारपीट सहित अन्य सभी आरोप निराधार हैं।घटना की सूचना डायल 112 पर मेरे द्वारा दी गई थी जिसके बाद मामला शांत हो गया था।इस सम्बन्ध में उपखण्ड अधिकारी अचल मिश्रा ने बताया मामले की जानकारी नहीं है।

## 'हर बच्चा स्कूल, हर बच्चे का भविष्य सुरक्षित' : सीतापुर में स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ, बीएसए ने खुद कराया बच्चों का नामांकन

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में जुलाई के प्रथम दिवस से ही स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई है। प्रदेश का कोई भी बच्चा जो पढ़ाई की उम्र का है, हर हाल में विद्यालय में नामांकित कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। आज पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का एक साथ शुभारंभ किया गया है। जनपद के प्रत्येक विद्यालय में अभियान का सजीव प्रसारण कराया गया। इसी कड़ी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर डा गोरखनाथ पटेल जी द्वारा जनपद के विकास क्षेत्र खैराबाद के हुसैनपुर कैमहरा विद्यालय में अभियान की शुरुआत की गई। उन्होंने विद्यालय पहुंचकर एक बच्चे का प्रवेश रजिस्टर पर अपने हाथों से नामांकन किया तथा समस्त नवप्रवेशी बच्चों का फूल माला पहनाकर, तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर विद्यालय में स्वागत किया। समस्त नव प्रवेशी बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई, जिसमें पेंसिल, रजिस्टर, स्टेशनरी किट, टॉफी आदि चीजें वितरित की गई। बच्चे स्टेशनरी किट पाकर बहुत ही उत्साहित व बहुत खुश हो रहे थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला के प्रत्येक विकास क्षेत्र में यह अभियान चलाया जाएगा वह स्वयं प्रत्येक विकास क्षेत्र में जाकर कुछ विद्यालयों में इस अभियान में शामिल होंगे व खंड शिक्षा अधिकारियों को भी उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान को प्राथमिकता के आधार पर चलाया जाए ताकि कोई भी बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहने पाए। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर सजीव प्रसारण भी देखा तथा समस्त बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने की अपील भी की। उन्होंने बच्चों से अन्य बच्चों का प्रवेश करने में सहयोग करने व नियमित रूप से विद्यालय आने को कहा। विकास क्षेत्र खैराबाद के हिंदी एआरपी संजीव पटैरिया ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय की साफ सफाई, हरा भरा प्रांगण व विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अंकिता सिंह की प्रशंसा की साथ ही अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए। विद्यालय की अनुदेशक ज्योति व कल्पना के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनपद को निपुण जनपद बनने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनपद में एक भी बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रहेगा।

# अखिलेश यादव के 53 वें जन्मदिवस पर कुसुम्भी में भव्य जन्मोत्सव

❒ सामाजिक न्याय व पीडीए की मजबूती का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिवस के अवसर पर मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के काकोरी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा कुसुम्भी में भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद आर.के. चौधरी उपस्थित रहे। उनके साथ रोमेश कुमार गौतम, विनोद गौतम, सौरभ सोनवानी, दशरथ यादव, रामनारायण रावत, बीडीसी सत्येंद्र गौतम, शोएब सिद्दीकी, कुलदीप यादव सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित ग्रामीणों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय तथा पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सामाजिक समरसता, समान अवसर और सभी वर्गों के सम्मान के लिए संघर्ष करती रही है तथा आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# झमाझम बारिश ने खोली बदायूं नगर पालिका के ड्रेनेज सिस्टम की पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ शहर की कई कॉलोनियां बनीं तालाब

बदायूँ। बुधवार को हुई झमाझम बारिश ने बदायूं नगर पालिका परिषद के ड्रेनेज सिस्टम की हकीकत उजागर कर दी। कुछ घंटों की बारिश के बाद ही शहर के कई प्रमुख इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे आम लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर लोगों को घुटनों तक भरे पानी से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

बारिश के बाद शिव शक्ति नगर, महाराज नगर, छै सड़क, मम्मन चौक सहित शहर के अनेक इलाके जलमग्न हो गए। सड़कों पर पानी भरने से राहगीरों, दुपहिया वाहन चालकों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नौकरीपेशा लोगों को घुटनों तक पानी में चलकर कार्यालय जाना पड़ा, जबकि स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को भी जलभराव के बीच होकर स्कूल पहुंचना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिषद की ओर से पिछले कई महीनों से नालों और नालियों की सफाई का दावा किया जा रहा था, लेकिन पहली ही तेज बारिश में इन दावों की पोल खुल गई। लोगों का आरोप है कि सफाई कार्य कागजों तक ही सीमित रहा, जबकि जमीनी स्तर पर जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह नाकाम साबित हुई। जलभराव के कारण कई मोहल्लों में गंदा पानी सड़कों पर फैल गया, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने और शहर के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने की मांग की है। बारिश के बाद सामने आए हालात ने एक बार फिर शहर की जल निकासीव्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि अभी भी स्थायी समाधान नहीं किया गया तो पूरे मानसून के दौरान लोगों को इसी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक नगर पालिका परिषद की ओर से जलभराव की स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

## रोजगार शिविरों में 115 अभ्यर्थियों का चयन

बदायूँ। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड, देहरादून द्वारा जनपद के विभिन्न विकास खंडों में सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी पदों पर भर्ती हेतु 30 दिवसीय रोजगार शिविर आयोजित किया जा रहा है। अब तक आयोजित शिविरों में कुल 115 अभ्यर्थियों का चयन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक सालारपुर एवं उझानी में 32, कादरचौक एवं म्याऊं में 24, उसावां एवं जगत में 22 तथा वजीरगंज, बिसौली, आसफपुर, सहसवान एवं दहगवां में 37 अभ्यर्थियों का चयन सुरक्षा गार्ड पद के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी भर्ती शिविर ब्लॉक इस्लामनगर में 01 व 02 जुलाई, अम्बियापुर में 03 व 04 जुलाई, दातागंज में 06 व 07 जुलाई तथा समरेर में 08 व 09 जुलाई 2026 को आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई एवं जीटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने समस्त इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्रों एवं बायोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में रोजगार शिविरों में प्रतिभाग कर निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के इस अवसर का लाभ उठाएं।

# 25 जुलाई तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आगामी 30 जुलाई 2026 से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने जिम्मेदारी वाले कार्य 25 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण कर लें।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर जहां भी सड़क, सफाई, प्रकाश, जलभराव या अन्य समस्याएं हों, उनका समय रहते समाधान सुनिश्चित करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर लगाए जाने वाले सभी शिविरों के लिए आवश्यक अनुमति ली जाए तथा यात्रा को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कांवड़ यात्रा 30 जुलाई से 24 अगस्त 2026 तक चलेगी। डीएम ने कहा कि कछला सहित जनपद के छह प्रमुख स्नान घाटों पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों तथा अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान एवं जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में सभी घाटों पर सुरक्षा, साफ- सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, सीसीटीवी कैमरे, शौचालय, गोताखोर, बैरिकेडिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं आवश्यक संकेतक समय से लगाए जाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्नान घाटों पर बनाए जाने वाले वॉच टावर मजबूत एवं उच्च गुणवत्ता के हों। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे डीजे संचालकों के साथ बैठक कर शासन द्वारा निर्धारित ऊंचाई के मानकों की जानकारी दें और सुनिश्चित करें कि निर्धारित सीमा से अधिक ऊंचाई वाले डीजे का संचालन न हो। साथ ही डीजे पर केवल धार्मिक गीत ही बजाए जाएं। उन्होंने शांति समिति की बैठकों का आयोजन कर स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिए उप जिलाधिकारी सदर को मेला अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि यात्रा के दौरान 3, 10, 17 और 24 अगस्त को सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहेगी। इसके अतिरिक्त 11 अगस्त को श्रावण मासिक शिवरात्रि के अवसर पर भी विशेष स्नान होगा। इसको देखते हुए रोडवेज बसों के रूट डायवर्जन के लिए एआरएम रोडवेज तथा वैकल्पिक यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि कांवड़ मार्ग पर मांस एवं मछली की दुकानें बंद रहेंगी तथा मदिरा की दुकानों के संबंध में शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। कांवड़ मार्ग की मरम्मत लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा कराई जाएगी। विद्युत विभाग को बिजली के पोलों पर प्लास्टिक कवर लगाने और ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं पशुपालन विभाग को निराश्रित गोवंश को मार्ग से हटाने के लिए कैटल कैचर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान कलेक्ट्रेट, सभी तहसीलों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे।

जिला पंचायत राज अधिकारी को कांवड़ मार्ग पर झाड़ियों की छंटाई कराने, महिलाओं के लिए स्नान घाटों पर चेंजिंग रूम बनाने तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को शिविरों में वितरित होने वाले भोजन की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान 106 सिविल डिफेंस स्वयंसेवक भी सेवा देंगे। जनपद में कांवड़ मार्ग की कुल लंबाई लगभग 331 किलोमीटर है, जिसके अंतर्गत 123 शिवालय आते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, विभिन्न उप जिलाधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सख्ती बेअसर : शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड फिर शुरू



### शहर में रोक के बावजूद टैक्सी चालक घूम-

घूमकर सवारियां भर रहे हैं।टैक्सी चालक सवारि यां तलाशने के चक्कर में जगह-जगह टैक्सी रोक ते हैं।इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। ये नजारा सबसे अधिक एलबीएस चौराहा,सरयू प्रसा द कन्या पाठशाला,गुरुनानक चौराहा से स्टेशन रो ड पर देखने को मिलता है।यही हाल बस स्टॉप से बहराइच रोड का है,यहां टैक्सी चालकों के कारण इंडियन बैंक की मुख्य शाखा से आनंदपुर आश्रम व जिला परिषद कॉलोनी तक जाम लगा रहता है।

नगर पालिका परिषद के पास शहर में टैक्सी स्टैंड के संचालन के लिए भूमि नहीं है।फिर भी नगर पा लिका परिषद ने टैक्सी व टैंपो स्टैंड का ठेका उठा दिया। पालिका प्रशासन को ठेके की रकम चुकाने वाले ठेकेदार के पास टैक्सियों के संचालन की जि म्मेदारी है।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने की मुहिम परवान नहीं चढ़ रही है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद प्रशासनिक अधिकारियों समेत परिवहन व पुलिस टीम ने अभियान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंड हटवाए मगर टैक्सी संचालकों की मनमानी फिर शुरू हो गई।पहले से संचालित स्थानों पर दोबारा टैक्सियों का जमावड़ा शुरू हो गया है। झंझरी ब्लॉक समेत शहर में पांच स्थानों पर अभी भी अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन से हर रूट की सड़कों पर अतिक्रमण है। ऐसे में सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।टैक्सियों का अवैध संचालन रोकने से पुलिस भी पीछे हट रही है।सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है।इसमें कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों संग वर्चु अल बैठक में शहरों में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के आदेश दिए थे।जिसके बाद नगर मजिस्ट्रेट के नेफ्तृत्व में परिवहन,नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर रोक लगा दी थी।वाहन चालकों को शहर से बाहर कर दिया गया था। मगर दो दिन बाद ही अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचा लन दोबारा शुरू हो गया।शहर के सभी मार्गों पर जहां से अवैध टैक्सी स्टैंड हटाए गये थे।वहां फिर से टैक्सियों का जमावड़ा लगने लगा है।इससे सड़ कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। टैक्सी चालक मनमानी कर प्रशासन के आदेश को नहीं मान रहे हैं।इससे स ड़कों पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर डॉ. संतोष वर्मा की पहल हवन-पूजन से लेकर वृक्षारोपण तक हुए कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिवस के अवसर पर नानपारा विधानसभा क्षेत्र में समाजसेवा, जनकल्याण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. संतोष वर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी, विधानसभा नानपारा-283) के कैंप कार्यालय पर हुई, जहां समाजवादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों की उपस्थिति में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर हवन-पूजन का आयोजन कर विधि-विधान से ईश्वर से अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच सेवा कार्य के रूप में मनाना एक सकारात्मक पहल है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने आपसी एकजुटता और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। इसके उपरांत नानपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों एवं उनके तीमारदारों के बीच फल वितरित किए गए। फल वितरण के दौरान मरीजों का हालचाल जाना गया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इस सेवा कार्य से अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों के बीच भी एक अच्छा संदेश गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में नानपारा गांधी पार्क में वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधे लगाए गए और लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए हर व्यक्ति को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर कमलेश वर्मा, बरकत खां, बालकेश यादव, अनिल वर्मा, उमेश कुमार, रामदीन गौतम, प्रेम वर्मा, अंकुर यादव चौकसाहार, राजाराम वर्मा, सचिन वर्मा, एहसान वारिस पूर्व सभासद, मो. साहबू, सर्वजीत सिंह, अख्तर खां, राजीतराम वर्मा, बरसाती लाल वर्मा, प्रदीप वर्मा, राजेंद्र वर्मा, राज शाह सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली शुभारंभ

### जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना कि या।इस अवसर पर जिले के मुख्य चिकित्साधि कारी,एससीपीएम कालेज के छात्र-छात्राएं,स्वा स्थ्य विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचा री तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।रैली शुभारंभ से पहले जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने वहां उपस्थित सभी लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने तथा अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने की शपथ दिलाई उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में जन भा गीदारी अत्यंत आवश्यक है।यदि हम सभी मि लकर स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें,तो इन रोगों से आसानी से बचा जा सकता है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि यह अभियान स्वास्थ्य विभाग,नगर निकाय,बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग सहित विभिन्न विभागों के समन्वय से चलाया जाएगा।इसके अंत र्गत गांवों व शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई,फॉगिंग, एंटी लार्वा स्प्रे,ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, जन-जागरूकता कार्यक्रम,स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता व रैलियों का आयोजन किया जाएगा।रैली कलेक्ट्रे ट परिसर से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गों से हो ते हुए विभिन्न चौराहों से गुजरी,जिसमें प्रतिभागि यों ने हाथों में स्लोगन युक्त तख्तियाँ लेकर नागरि कों को जागरूक किया। ''स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो'', ''मच्छर भगाओ, बीमारी मिटाओ'',घर-आंगन साफ रखो, बुखार दूर भगाओ'' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संतलाल पटेल,अपर मुख्य चिकित्सा अधिका री डाक्टर आदित्य वर्मा,अपर मुख्य चिकित्सा अ धिकारी डाक्टर सीके वर्मा,डीसीपीएम डाक्टर आर पी सिंह,जिला मलेरिया अधिकारी सहित अन्य अ धिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग की लापरवाही से मवेसी की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा जिले में बिजली विभाग की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है बुधवार सुबह आवास विकास द्वितीय स्थित विद्युत उपकेंद्र के पीछे एक बिजली के पोल में उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक मवेशी की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना बुद्धवार करीब साढ़े सात बजे की है।पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वायरल वी डियो में एक छोटा मवेशी पानी से होकर सड़क पर जा रहा था।विद्युत पोल से लगभग एक फुट की दूरी पर उसका संतुलन बिगड़ा और वह पोल से टकरा गया, जिसके बाद करंट लगने से उसकी मौत हो गई।घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी,जिसके बाद बिजली आपूर्ति बंद कराई गई।स्थानीय निवासियों ने जेसी बी की मदद से मवेशी का अंतिम संस्कार किया। अब वे इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।स्थानीय नि वासी शशांक मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद उ न्होंने कई बार बिजली विभाग के जेई को फोन कि या गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया,तब जाक र बिजली काटी गई।मिश्रा ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की मां ग करते हुए कहा कि उनकी लगातार लापरवाही से कई घटनाएं हो चुकी हैं,और हाल ही में एलबीए स चौराहे के पास एक लड़के की भी मौत हुई थी। इस संबंध में गोंडा के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार यादव ने बताया कि उन्हें पूरी घटना की जा नकारी मिली है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है ताकि यह पता चल सके कि किन परिस्थितियों में यह घटना हुई।

# ओवररेटिंग पर डीएम सख्त,नियम तोड़ने वाली कंपनियां होंगी ब्लैकलिस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में किसानों को समय पर और निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जि लाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कृषि विभाग के अधिकारियों, थोक उर्वरक विक्रेताओं तथा उर्वरक आपूर्ति करने वाली 13 कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में डीएम ने उर्वरकों की आपूर्ति में ला परवाही, निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली और डी एपी-यूरिया के साथ अन्य सामग्री की जबरन बि क्री पर कड़ी नाराजगी जताई।जिलाधिकारी ने निजी कंपनियों द्वारा समय पर उर्वरक आपूर्ति का विवरण उपलब्ध न कराने तथा टैगिंग की शिकाय तों पर संबंधित कंपनियों को कारण बताओ नो टिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रका र की टैगिंग नहीं होनी चाहिए।यदि शिकायत मिली तो संबंधित कंपनियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा कर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।बैठक में सह कारी समितियों पर उर्वरकों की कम उपल ब्धता और आपूर्ति में लगे वाहनों की सूची उपलब्ध न कराने पर भी डीएम ने नाराजगी जताई।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने तथा शासन को रिपोर्ट भेजने की चेतावनी दी।मुजेहना ब्लॉक में उर्वरक की कमी को देखते हुए सहकारी समितियों और निजी व्यापारियों की विशेष निग रानी के निर्देश भी दिए।डीएम ने सभी कंपनियों को उर्वरक आपूर्ति में लगे वाहनों का पूरा विवरण 24 घंटे के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही थोक उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी दी कि ओवररेटिंग या टैगिंग की शिकायत मिलने पर एस्मा के तहत कार्रवाई की जाएगी।बैठक में जि ला कृषि अधिकारी सीपी सिंह,रविशंकर चौधरी एआर कोऑपरेटिव,पीसीएफ से ध्रुव कुमार,एडी ओ सुधीर सिंह,इफको से अतर सिंह, कृभको से अजय सिंह सहित विभिन्न उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि एवं थोक विक्रेतागण उपस्थित रहे।

# निरस्त किए गए 7340 राशन कार्ड,पांच टीमें जांच के लिए पहुंची

गोंडा। जिले में सितंबर 2025 से नवंबर 2025 के बीच जिला पूर्ति अधिकारी के पोर्टल से निरस्त कि ए गए 7340 राशन कार्ड आवेदनों की जांच के लि ए खाद्य एवं रसद विभाग की दस सदस्यीय टीम गोंडा पहुंची है।यह टीम बुधवार सुबह 11 बजे उपायुक्त खाद्य देवीपाटन मंडल कार्यालय पहुंची।जांच टीम में पांच अलग-अलग कमेटियां शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक में दो अधिकारी हैं।टीम के अधिकारी गोंडा जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह और अन्य पूर्ति निरीक्षकों से पूछताछ कर रहे हैं। वे यह जांच रहे हैं कि निरस्त किए गए राशन कार्ड वैध और नियमानुसार थे या नहीं।इसके अतिरिक्त, टीम उन परिस्थितियों की भी जांच कर रही है जिनके तहत कुछ निरस्त किए गए राशन कार्ड दोबारा जारी हो गए।इस पूरे मामले की जांच के लिए संयुक्त खाद्य आयुक्त लख नऊ और उपायुक्त खाद्य अयोध्या मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच टीम में वि भिन्न जिलों के अधिकारी शामिल हैं।पहली टीम में उन्नाव के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अनिल कुमार और अंबेडकर नगर के पूर्ति निरीक्षक राम सकल हैं।दूसरी टीम में सुल्तानपुर के पूर्ति निरीक्षक वैभव श्रीवास्तव और लखीमपुर खीरी के पूर्ति निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह शामिल हैं।तीसरी टीम में बाराबंकी के पूर्ति निरीक्षक अवधेश कुमार पांडेय और उन्नाव की पूर्ति निरीक्षक रत्नेश श्रीवास्तव हैं। चौथी टीम में लखनऊ के क्षेत्रीय खाद्य कार्यकारी रविंद्र कुमार सिंह और अयोध्या के पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार चौधरी शामिल हैं। पांचवीं टीम में अमेठी के पूर्ति निरीक्षक दिव्यांश शाक्यवार और हरदोई के पूर्ति निरीक्षक नरेंद्र कुमार चौबे शामिल हैं।यह जांच कमेटी उपायुक्त अयोध्या मंडल नीरज कनौजिया और संयुक्त आयुक्त खाद्य लखनऊ मंड ल पार्थ अच्युत द्वारा गठित की गई है। शासन स्तर से इस पूरे प्रकरण का संज्ञान लिया गया था, जिस के बाद यह जांच शुरू की गई है।गोंडा जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि वे जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं और सभी कार्रवाई नियमानुसार की गई थी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नानपारा में हुआ सुंदरकांड पाठ व हवन-पूजन



नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनारायण मद्धेशिया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नानपारा में बुधवार को धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में सुंदरकांड पाठ, हवन एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक गणेश कुमार सिंह सपत्नीक उपस्थित रहे। वहीं अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता एवं प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर विधि-विधान से पूजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, बहिनें एवं भैया-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# सूरज की रोशनी से जगमग होंगे घर, पीएम सूर्य घर योजना को लेकर हुई पालिका मे बैठक




नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। आदर्श नगर पालिका परिषद के सभागार में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर जागरूकता एवं कार्ययोजना संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद एवं अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह की मौजूदगी में योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने और नगर क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने को लेकर सभासदों एवं कर्मचारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान नगरवासियों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने, पात्र लोगों को योजना से जोड़ने तथा आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे। योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए लगभग 60 हजार रुपये की लागत से सोलर पैनल लगाया जाएगा, जिसमें केंद्र सरकार की ओर से 36 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं करीब 18 हजार रुपये बैंक ऋण के माध्यम से 6 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि 6 हजार रुपये उपभोक्ता को मार्जिन मनी के रूप में देना होगा। लगाए जाने वाले सोलर सिस्टम पर 25 वर्ष की वारंटी भी होगी। इसी प्रकार 3 किलोवाट कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये की लागत निर्धारित है, जिसमें 1 लाख 8 हजार रुपये केंद्र सरकार की सब्सिडी के रूप में देगी। वहीं 54 हजार रुपये बैंक से 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण के रूप में उपलब्ध होंगे, जिसकी अदायगी उपभोक्ता को मासिक किश्तों में करनी होगी। इसके अलावा 18 हजार रुपये मार्जिन मनी के रूप में उपभोक्ता को देना होगा। बैठक में लोगों से अपील की गई कि वे योजना की जानकारी प्राप्त कर इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं और सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। इस अवसर पर नगर पालिका के कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन को बनाया यादगार, सपाइयों ने वृक्षारोपण कर दिया हरियाली का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर नानपारा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर स्थित राहत जनता इंटर कॉलेज परिसर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीशान हाशमी, पूर्व नगर अध्यक्ष अतहर हुसैन एवं पूर्व नगर अध्यक्ष युवजनसभा शहबाज नसीम द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल का संकल्प लेते हुए हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण प्रकाश चौधरी, काज़ी इरशाद अहमद, खालिद मुर्तजा उस्मानी, आबिद अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पेड़-पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण के लिए वृक्षों का संरक्षण बेहद जरूरी है। वक्ताओं ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर मनाना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण तैयार किया जा सकता है। इस अवसर पर नगर के अन्य स्थानों पर भी वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# पूरनपुर से शंकराचार्य का बड़ा राजनीतिक संदेश: योगी सरकार, भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला, बोले 'गोमाता की रक्षा करने वालों को ही मिलेगा वोट'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बुधवार को पूरनपुर पहुंचकर योगी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस पर जमकर निशाना साधा गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए निकाली जा रही अपनी विधानसभा यात्रा के दौरान उन्होंने एक होटल में आयोजित कार्यक्रम और प्रेसवार्ता में कई तीखे बयान दिए उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक गोवंश वध हो रहा है और सरकार केवल गाय के नाम पर राजनीति कर रही है, जबकि उसे आज तक सरकारी अभिलेखों में पशु की श्रेणी से बाहर नहीं निकाला गया शंकराचार्य ने कहा कि उनका अभियान किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि गोमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए है वह अब तक प्रदेश की 270 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं और लक्ष्य सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचने का है उन्होंने कहा कि 24 जुलाई को लखनऊ में एक विशाल सभा आयोजित होगी, जिसमें गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्ज़ा देने की मांग बुलंद की जाएगी उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि जब गोरक्षपीठ से जुड़े संत सत्ता में आए थे, तब लोगों को उम्मीद थी कि गाय और सनातन धर्म की रक्षा होगी लेकिन आज तक गाय को राज्य माता या राष्ट्रमाता का दर्ज़ा नहीं दिया गया उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंचों से गाय को माता कहते हैं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में वह अब भी सिर्फ एक पशु है शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसकी विचारधारा से जुड़े लोग हिंदुत्व के नाम पर केवल नारे देते रहे, जबकि गायों की स्थिति लगातार खराब होती गई उन्होंने कहा कि ''नाम और नारों में जनता को उलझाया गया, गाय कटती रही, गंगा बंटती रही और मंदिर व्यवसाय के केंद्र बनते रहे केवल दुपट्टा पहन लेने से कोई महान नहीं हो जाता, जनता की आकांक्षाएं पूरी करने से महानता मिलती है उन्होंने दावा किया कि भारत आज दुनिया में गोमांस का सबसे बड़ा निर्यातक देश बन चुका है और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गोमांस निर्यात लगातार बढ़ा है उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गाय को माता मानती है तो उसे पशु सूची से हटाकर राज्य माता और राष्ट्रमाता का दर्ज़ा देने का निर्णय लेना चाहिए महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गाय को गोमाता घोषित किया था, जबकि उत्तर प्रदेश जैसी बड़ी और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमि में अब तक ऐसा निर्णय नहीं लिया गया यह गंभीर सवाल खड़ा करता है शंकराचार्य ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता बिजली, सड़क और पानी से अधिक गोमाता की रक्षा के मुद्दे पर मतदान करेगी उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल उन्हीं प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों का समर्थन करें जो गोमाता की रक्षा और उसे राष्ट्रमाता का दर्ज़ा दिलाने का सार्वजनिक संकल्प लें उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो गोहत्या का समर्थन करेंगे, उन्हें जनता वोट न दे उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में सनातन परंपरा के सामने सबसे बड़ा खतरा नकली हिंदुओं से है उन्होंने आरोप लगाया कि संतों के नाम पर चापलूसी करने वाले लोग राष्ट्र निर्माण में कोई भूमिका नहीं निभा सकते उन्होंने कहा कि अनेक गेरुआ वस्त्रधारी संत नहीं, बल्कि पाखंडी हैं नाथ संप्रदाय का उल्लेख करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सत्ता की कुर्सी पर नहीं बैठना चाहिए और नाथ संप्रदाय के लोगों को उनका विरोध करना चाहिए उन्होंने कहा कि जो गाय को माता मानते हैं, वे सभी आपस में भाई-बहन हैं और उन्हें गोसंरक्षण के लिए एकजुट होना चाहिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही शंकराचार्य ने गोपूजन किया और गाय को गुड़ खिलाकर अपने अभियान की शुरुआत की इसके बाद उपस्थित लोगों को गोसंरक्षण की शपथ दिलाई उन्होंने कहा कि दूसरे धर्मों के लोग भी गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने के समर्थन में हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है उन्होंने पूरनपुर क्षेत्र में एक गौशाला स्थापित करने की घोषणा करते हुए जनसहयोग की अपील की इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति से एक नोट का सहयोग देने का आह्वान किया गया तथा चंदा एकत्र करने की जिम्मेदारी अनिल पांडे को सौंपी गई प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने राम मंदिर दान प्रकरण में निष्पक्ष जांच न होने का भी आरोप लगाया और कहा कि बड़े लोगों को बचाने का प्रयास किया गया हालांकि, अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को उन्होंने पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि आरोप लगना अलग बात है, लेकिन उनका सिद्ध होना आवश्यक है।पूरनपुर से शंकराचार्य के इन तीखे बयानों ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है खासकर 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले गोमाता, गोरक्षा और हिंदुत्व के मुद्दे पर उनके आक्रामक तेवर आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दे सकते हैं।

# कम्पोजिट विद्यालय चंदोई की छात्रा बनी एक दिन की प्रधानाध्यापिका




पीलीभीत। विकास खंड मरौरी स्थित कम्पोजिट विद्यालय चंदोई की कक्षा 6 की होनहार छात्रा नूर सहर को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनाया गया। नूर ने कक्षा 5 में 99% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। पढ़ाई के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता भी उसमें कूट-कूट कर भरी है और वह आगे चलकर अध्यापक बनकर बच्चों को शिक्षा देना चाहती है।विद्यालय प्रशासन ने उसकी मेहनत और अनुशासन को देखते हुए उसे ''एक दिन की प्रधानाध्यापिका'' बनाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापिका की कुर्सी पर बैठते ही नूर ने पूरे विद्यालय का निरीक्षण किया। कक्षाओं में जाकर शिक्षकों और छात्रों से संवाद किया, उपस्थिति रजिस्टर देखा और पठन-पाठन की व्यवस्था को समझा। उसने बच्चों को समय की पाबंदी और नियमित पढ़ाई के महत्व पर प्रेरणादायक बातें भी कही। छात्रा नूर का कहना है कि वह अध्यापक बनकर गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा देना चाहती है ताकि कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। उसके इस सपने को सुनकर शिक्षकों और अभिभावकों ने उसकी जमकर सराहना की। विद्यालय स्टाफ ने कहा कि नूर जैसी छात्राएं ही देश का भविष्य हैं।कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने नूर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उसकी यह पहल अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनेगी।

# कम्पोजिट विद्यालय चंदोई में लगा नामांकन मेला, 'स्कूल चलो' अभियान की विद्यार्थियों ने रैली निकाली




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर से सटे गांव चंदोई स्थित कम्पोजिट विद्यालय में नामांकन मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून के नेतृत्व में ''स्कूल चलो अभियान'' के तहत भव्य रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य क्षेत्र के अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना था।प्रधानाध्यापिका साजदा खातून ने बताया कि अभी भी कई बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में नामांकन मेला लगाया गया। रैली में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तख्तियां और स्लोगन लेकर बच्चों ने गांव की गलियों में ''बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ'' और ''शिक्षा ही उन्नति की कुंजी है'' जैसे नारे लगाए। रैली गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।नामांकन मेले में नए प्रवेश लेने वाले बच्चों के अभिभावकों को सरकार द्वारा दी जाने वाली मुफ्त पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म, मिड-डे मील और छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराना अनिवार्य है। किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना की और बच्चों का नामांकन कराने का संकल्प लिया है।

# जनसेवा के प्रति समर्पण का सजीव उदाहरण बनी स्मृति ईरानी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। कथनी नही करनी की भावना को चरितार्थ करते हुये पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी की दीदी स्मृति ईरानी ने एक बार पुनः सिद्ध कर दिया कि जनसेवा उनके लिये केवल दायित्व नही अपितु आत्मीय संवेदना का पवित्र संकल्प है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने अपने अमेठी प्रवास के दौरान शाहगढ़ मण्डल के दिवंगत बूथ अध्यक्ष स्वर्गीय पवन पासी के आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंची थी।उस अवसर पर पवन पासी की धर्मपत्नी ने अपनी श्रवण संबंधी समस्या से उन्हें अवगत कराया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने उसी समय उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था।आज उसी संकल्प को साकार करते हुये स्मृति ईरानी के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष काशी मिश्रा तथा ग्राम प्रधान चिलबिली द्वारा स्वर्गीय पवन पासी की धर्मपत्नी को श्रवण यंत्र (कान की मशीन) उपलब्ध कराया गया।यह केवल एक सहायता नही बल्कि जनप्रतिनिधि और जनसामान्य के मध्य आत्मीय संबंध, संवेदनशीलता तथा उत्तरदायित्व का अनुपम उदाहरण है। यह घटना स्पष्ट रूप से प्रमाणित करती है कि स्मृति जुबिन ईरानी अमेठी के प्रत्येक परिवार के सुख दुःख से आत्मीय रूप से जुड़ी हैं तथा प्रत्येक नागरिक की पीड़ा को अपनी पीड़ा मानकर उसके समाधान के लिये निरंतर संकल्पित रहती हैं।ऐसा सेवा समर्पित एवं संवेदनशील नेतृत्व ही जनविश्वास का वास्तविक आधार होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी का यह प्रेरणादायी कार्य अमेठी की जनता के हृदय में उनके प्रति श्रद्धा, विश्वास एवं आत्मीयता को और अधिक सुदृढ़ करने वाला है।

## पूरनपुर पहुंचे शंकराचार्य, सपा नेता राजकुमार राजू ने किया भव्य स्वागत



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज विधानसभा क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी पहुंचे। उनके आगमन पर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने अपनी टीम के साथ भव्य स्वागत किया।स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्ज़ा दिलाने और गौ रक्षा के उद्देश्य से पदयात्रा पर निकले हैं। खमरिया पट्टी पहुंचने पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। सपा नेता राजकुमार राजू ने शंकराचार्य जी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया और यात्रा में सहयोग का आश्वासन दिया।इस अवसर पर राजकुमार राजू ने कहा कि सनातन धर्म और गौ माता की रक्षा हम सभी का कर्तव्य है। शंकराचार्य जी की यात्रा समाज को जागरूक करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करती है और संत समाज के साथ खड़ी है।शंकराचार्य जी ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश में गौवंश की दुर्दशा चिंता का विषय है। सड़कों पर घायल गायें तड़प रही हैं। सरकार को गौशालाओं की व्यवस्था सुधारनी चाहिए और गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करना चाहिए। उन्होंने लोगों से गौ रक्षा का संकल्प लेने की अपील की।इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सपा कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव फिर उजागर, भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने उठाई स्थायी डॉक्टरों की मांग

देहरादून कैनविज टाइम्स संवाददाता। चकराता विधानसभा के दुर्गम क्षेत्र लाखामंडल, जौनसार-बावर में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एक बार फिर सामने आई है। समय पर अस्पताल न पहुंच पाने के कारण ग्राम कूधेण निवासी सुनिया मिस्त्री की पत्नी आरती की जान पर बन आई, लेकिन भाजपा की पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा की सूझबूझ से जच्चा-बच्चा दोनों बच गए।रात 2 बजे आरती को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। निकटतम अस्पताल 65 किमी दूर था और 108 को पहुंचने में 3 घंटे लग गए। सड़क की हालत खराब होने से परिजन अस्पताल नहीं पहुंच सके। स्थिति बिगड़ती देख परिजनों ने बचना शर्मा को सूचना दी। उन्होंने तुरंत आंगनबाड़ी कार्यकत्री नैनसी शर्मा और आशा कार्यकत्री सरोज बहुगुणा को बुलाया। नैनसी ने मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना की जॉब डिलीवरी किट से लगभग 5 घंटे के प्रयास बाद सुरक्षित प्रसव कराया। मां-बेटी दोनों स्वस्थ हैं।इस घटना से भावुक बचना शर्मा ने कहा कि 21वीं सदी में भी पहाड़ की महिलाओं को डॉक्टर न होने से जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। उन्होंने डिलीवरी किट उपलब्ध कराने के लिए देश के पीएम मोदी और सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया, साथ ही सरकार से मांग की कि लाखामंडल में अस्पताल खुलवा कर स्थायी महिला डॉक्टर और 24 घंटे सुविधा दी जाए। ग्रामीणों ने भी स्थायी डॉक्टर की मांग उठाई। भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने कहा कि जनसेवा ही उनका धर्म है और वे गरीबों के लिए हमेशा खड़ी रहेंगी।

## शिक्षक ने स्वास्थ्य टीम के साथ घर घर जाकर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत सरकार का राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो पूरे जनपद में चल रहा जिसमें 5 साल के बच्चे जो 28 जून रविवार को केंद्र पर नहीं जा सके उन बच्चों को घर घर जाकर स्वास्थ्य टीम पोलियो की खुराक पिला रहे हैं इसी उपलक्ष्य में कंपोजिट स्कूल गढ़ा कला के शिक्षक स्वास्थ्य टीम के साथ घर घर जाकर टीम सहयोग कर रहे हैं और बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिला रहे हैं और ग्राम में घूम घूम कर. माता पिता को अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने को प्रेरित कर रहे हैं श्री हुकुम सिंह ने बताया कि हम सब मिलकर मन मे ठान ले तो अपना भारत पोलियो मुक्त हो जाएगा

## दहेज उत्पीड़न मामले का वांछित आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी ससुर लालाराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस के अनुसार ग्राम सिकरहना निवासी उर्मिला देवी की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व छोटेलाल के साथ हुई थी दंपति की दो बेटियां हैं छह वर्षीय अंशिका और तीन वर्षीय अनुष्का आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष उर्मिला को प्रताड़ित करने लगा और अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपये की मांग करता रहा मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर 13 जून 2026 को उर्मिला देवी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली घटना के बाद मृतका के पिता श्रीकृष्ण, निवासी पसिगनपुर (जनपद शाहजहांपुर), की तहरीर पर थाना घुंघचाई में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 85, 115(2), 351(2), 108 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया इसी मामले में नामजद वांछित आरोपी लालाराम पुत्र काशीराम को बुधवार सुबह शाहबाजपुर गुरुद्वारा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन में पूरनपुर के उद्योगपतियों को बड़ी जिम्मेदारी, ब्रजेश गुप्ता बने प्रांतीय उपाध्यक्ष

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ के एक होटल में आयोजित उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेशभर के करीब 90 राइस मिलर्स ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला ने की, जिसमें राइस उद्योग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई प्रदेश अध्यक्ष ने मिलर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया बैठक के दौरान वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष अजमेर सिंह छीना के प्रस्ताव पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई इसमें ब्रजेश गुप्ता को प्रांतीय उपाध्यक्ष, अमरजीत सिंह को क्षेत्रीय चेयरमैन तथा विनय गुप्ता को प्रांतीय मंत्री मनोनीत किया गया प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं नई जिम्मेदारियां मिलने पर उपस्थित राइस मिलर्स ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी बैठक में महामंत्री हरि किशोर गुप्ता, प्रमोद कुमार सिंह, रमाकांत मोदी, सुधीर अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, विनय शंकर शुक्ला, जितेंद्र बहादुर सिंह, पीडी अग्रवाल, राम अंजोर वर्मा, सूर्य प्रकाश वर्मा, अतुल अग्रवाल, राजेश कुमार सिंह बलिया सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए राइस मिलर्स मौजूद रहे है।

# डाल की चपेट में आकर किसान घायल,इलाज के दौरान मौत

### कुड़वार थाना क्षेत्र के तारंगपुर गांव से जुड़ा मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार सुल्तानपुर।खेत में काम करने जा रहा किसान बारिश से बचने के लिए पेड़ के पास जैसे ही पहुंचा वहां पूर्व में आई आंधी में टूटी हुई डालकर किसान के ऊपर गिर गई।गम्भीर हालत में इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी लाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के तारंगपुर गांव निवासी कमलेश पांडेय(45)पुत्र स्व भगवत प्रसाद पांडेय घर से खेत में जा रहे थे।तभी अचानक हवा के साथ बरसात शुरू हुई तो बारिश से बचने के लिए पेड़ के पास जैसे ही पहुंचे तभी पूर्व में आई आंधी में टूटी डाल जो लटकी हुई थी।अचानक किसान के ऊपर गिर गई।गम्भीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।मृतक की वृद्ध मां अमरावती,पत्नी मंजू का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक की दो बेटियां खुशी (24) व रूबी (22) है।दोनो की शादी हो चुकी है।मृतक के 12 वर्षीय बेटा मंगल पांडेय है।घटना की सूचना ग्राम प्रधान ने लेखपाल को दे दी है।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा की कार्यवाही की जा रही है।

2- नदी में नहाते समय डूबे दो किशोर,तलाश में जुटी पुलिस कुड़वार थाना क्षेत्र के नीरसहिया गांव के पास गोमती नदी में हुई घटना



कुड़वार सुल्तानपुर।घर से साथियों के साथ नहाने गए दो किशोर नदी में डूब गए।सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के सोहगौली गांव से जुड़ा है।जहां बुधवार दोपहर में गांव निवासी साहिल कोरी(13)पुत्र पंच बहादुर व अमन(13)पुत्र राम रूप कोरी गोमती नदी में नहाने नीर सहिया घाट गए थे।नदी में नहाते समय दोनों किशोर गहरे पानी में जाने से डूब गए।घटना की सूचना मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी तो कुम्हाई गांव के पास साहिल का शव बरामद हुआ।थोड़ी की दूरी पर अमन का भी शव बरामद हो गया।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि किशोरो के मिले शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम हाउस भेजा जा रहा है।

## इन्हौना पुलिस ने मुकदमा तो दर्जकर लिया लेकिन युवती का नही लगा सकी सुराग

**दो समुदायों के बीच का मामला होने के कारण परिजनों के साथ ही ग्रामीणों में आक्रोश**

तिलोई अमेठी। थाना इन्हौना क्षेत्र के एक गांव की युवती अपने घर से सोने चांदी के जेवरात के साथ ही नकदी लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है।परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है लेकिन युवती का सुराग लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है। उक्त मामला दो समुदायों के बीच होने के कारण परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि उसकी बीस वर्षीय बालिका सोमवार की रात लगभग आठ बजे घर से निकली थी। देर रात तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की हालांकि युवती का कोई सुराग नही मिल सका। युवती के पिता ने लिखा है कि वह अपने साथ बेसर और बाल चोटी के साथ ही एक हजार पांच सौ रुपया नकद लेकर गई है जिसे गांव के पड़ोस का ही एक लड़का बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित परिजनों ने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया तो पुलिस ने अभियोग तो दर्जकर लिया है लेकिन युवती का सुराग नही लगा सकी है। बताते चलें कि उक्त प्रकरण दो समुदायों के बीच में होने के कारण परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुये बताया कि अभियोग दर्जकर लिया गया है और युवती की तलाश की जा रही है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आकर वृद्धा की मौत, 08 घायल

### बंधुआ कला थाना क्षेत्र के धारूपुर गांव से जुड़ा मामला

### बारिश के चलते आम के पेड़ के नीचे थे सभी लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार सुल्तानपुर। बंधुआ कला थाना क्षेत्र के धारूपुर गांव में धान लगाने गए मजदूर बारिश शुरू होने के बाद पेड़ की छांव में चले गए तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक वृद्धा की मौत हो गई। जबकि 08 लोग घायल हो गए।घायलों को एम्बुलेंस की मदद से स्थानीय सीएचसी लाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद 04 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार को बंधुआ कला थाना क्षेत्र पूरे परशन धारूपुर गांव निवासी छत्रपाल पुत्र महराजदीन के खेत में धान की रोपाई का कायर् चल रहा था। दोपहर में अचानक बारिश शुरू हुई तो सभी लोग बगल आम के पेड़ के पास छांव में चले गए। तभी तेज आवाज के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में पेड़ के नीचे मौजूद 09 लोग आ गए।जिनमें पियारी (65) पत्नी पराग चैहान की मौके पर मौत हो गई। जबकि मौके पर मौजूद अन्य लोग जयसिंह (40) पुत्र पराग, चांदनी (08) पुत्री छत्रपाल, मुस्कान (06)पुत्री छत्रपाल, जाह्नवी (05)पुत्र छत्रपाल, छत्रपाल (35)पुत्र महराजदीन, आदित्य (14)पुत्र राजाराम, उदयराज (65)पुत्र भंगू, प्रानदेई (62)पत्नी उदयराज आदि लोग झुलस कर घायल हो गए। घायलों को गम्भीर हालत में स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जयसिंह, छत्रपाल, उदयराज व प्रानदेई को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का इलाज स्थानीय सीएचसी पर चल रहा है। आकाशीय बिजली की सूचना पर तहसीलदार सदर देवानंद तिवारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सूचना पर पहुंची बंधुआ कला पुलिस ने मृतक पियारी के शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए मचर्री भेज दिया। थानाध्यक्ष बंधुआ कला प्रमोद पटेल ने बताया कि शव को मचर्री भेजकर विधिक कायर्वाही की जा रही है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी उत्तम तिवारी ने बताया कि सूचना पर मौके पर तहसीलदार सदर को भेजा गया था। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से जल्द सहायता दिलाई जाएगी।

## सम्पादकीय

# टकराव का अंत कब


अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव एक बार फिर यह सवाल खड़ा करता है कि क्या दोनों देश वास्तव में शांति चाहते हैं या फिर युद्धविराम केवल समय निकालने का माध्यम बन गया है। संघर्ष के बीच दिए जा रहे बयानों और लगातार हो रहे सैन्य हमलों से यही संकेत मिलता है कि दोनों पक्षों के बीच भरोसे का गंभीर संकट है। ऐसे हालात में स्थायी समझौते की संभावना बेहद कमजोर दिखाई देती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी नेतृत्व की ओर से लगातार तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एक ओर अमेरिका ईरान पर दबाव बढ़ाने की नीति पर आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर ईरान भी जवाबी कार्रवाई और कड़े प्रतिरोध की चेतावनी दे रहा है। दोनों देशों के बीच हुए समझौते और युद्धविराम की भावना के बावजूद जमीन पर हालात इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई देते हैं। कट्टरपंथी समूहों और सैन्य प्रतिष्ठानों की सक्रियता भी तनाव को कम होने नहीं दे रही है। युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान ईरान को उठाना पड़ रहा है। लंबे समय से आर्थिक प्रतिबंधों और सैन्य संघर्षों के कारण उसकी अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है। बड़ी आबादी गरीबी में जीवन बिताने को मजबूर है। महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम लोगों के लिए भोजन तथा आवश्यक वस्तुओं की कीमतें असहनीय स्तर तक पहुंच चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के अनुसार आर्थिक वृद्धि लगातार कमजोर हुई है और राष्ट्रीय मुद्रा का मूल्य भी ऐतिहासिक रूप से गिर चुका है। युद्ध ने देश के बुनियादी ढांचे, उद्योगों और वित्तीय व्यवस्था पर भारी दबाव डाला है। हाल के सैन्य घटनाक्रमों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। अमेरिका ने ईरान के कई मिसाइल और ड्रोन ठिकानों पर हमले किए तथा उसके रडार और निगरानी तंत्र को निशाना बनाया। जवाब में ईरान ने क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इसके साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी उसने कड़ा रुख अपनाया और अपने निर्देशों की अनदेखी करने वाले जहाजों को कार्रवाई की चेतावनी दी। यह घटनाक्रम दर्शाता है कि युद्धविराम के दावे वास्तविकता से काफी दूर हैं। दोनों देशों की वर्तमान नीति से स्पष्ट है कि वे एक-दूसरे को रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी मानते हैं। बातचीत की संभावना तभी मजबूत हो सकती है, जब दोनों पक्ष सैन्य कार्रवाई के बजाय कूटनीति को प्राथमिकता दें। फिलहाल जिस प्रकार के हमले हो रहे हैं, वे केवल सीमित झड़प नहीं बल्कि व्यापक संघर्ष की ओर संकेत करते हैं। युद्ध का असर केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं है। पूरी दुनिया इसकी आर्थिक कीमत चुका रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से ऊर्जा संकट गहराता है और इसका सीधा असर विकासशील देशों पर पड़ता है। तेल आयात पर निर्भर देशों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है, जिससे महंगाई बढ़ती है और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयातित कच्चे तेल से पूरा करता है। ऐसे में तेल की कीमत बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, परिवहन और खाद्य वस्तुओं की लागत बढ़ जाती है। इससे महंगाई पर दबाव बढ़ता है और आर्थिक विकास की गति भी प्रभावित होती है। विदेशी मुद्रा भंडार और व्यापार संतुलन पर भी इसका असर पड़ता है। खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों के रोजगार पर भी अनिश्चितता पैदा हो सकती है, जिसका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। अमेरिका को भी इस युद्ध की भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। सैन्य अभियानों पर लगातार बढ़ता खर्च, सैनिकों की हानि और आधुनिक हथियारों की क्षति उसके रक्षा बजट पर अतिरिक्त दबाव डाल रही है। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है तो इसका असर उसकी अर्थव्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर भी पड़ सकता है। स्पष्ट है कि युद्ध किसी भी पक्ष के लिए स्थायी समाधान नहीं है। सैन्य शक्ति से अस्थायी बढ़त तो हासिल की जा सकती है, लेकिन इससे स्थायी शांति स्थापित नहीं होती।

# क्या कागजों पर सिमट रही हैं ग्राम

**देश में जमीनी लोकतंत्र की इसी गंभीर समस्या का बारीकी से अध्ययन करने और इसका समाधान खोजने के लिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में व्यापक राष्ट्रीय अध्ययन कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद द्वारा तैयार की गई यह द्वि-खंडीय रिपोर्ट देश में नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक और साक्ष्य आधारित दस्तावेज़ है। खास बात है कि इस अध्ययन का दायरा और सांख्यिकी के हिसाब से भारत के ग्रामीण नीति-निर्माण के इतिहास में सबसे व्यापक और विशाल क्षेत्र आधारित आकलनों में से एक है। देश की ग्राम सभाओं को लेकर यह राष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट भारत के ग्रामीण स्वशासन के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ है। जैसा कि रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि नागरिक-केंद्रित शासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभाएँ अनिवार्य हैं।**

भारतीय लोकतंत्र का जमीनी आधार और भारत की आत्मा गांवों में बसती है, उन गांवों की लोकतांत्रिक आत्मा 'ग्राम सभा' में निहित है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक द़र्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण की जो नींव रखी थी, उसकी सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष इकाई ग्राम सभा ही है। ग्राम सभा केवल स्थानीय शासन की एक संस्था नहीं है बल्कि यह देश के हर ग्रामीण नागरिक को सीधे नीति-निर्माण, बजट निर्धारण और विकास कार्यों की निगरानी का अधिकार देने वाला सशक्त मंच है। परंतु समय के साथ इस बुनियादी लोकतांत्रिक संस्था की कार्यप्रणाली में कई विसंगतियां और चुनौतियां सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी और चिंताजनक चुनौती यही है कि आज के इस तकनीकी युग के बावजूद ग्राम सभा की बैठकों में आम नागरिकों की भागीदारी घट रही है। मसलन, केंद्र सरकार और नीति आयोग की जारी ताजा रिपोर्ट ने जमीनी लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत करने की चुनौती खड़ी कर दी है। हालांकि यह अध्ययन भारत की ग्रामीण विकास नीतियों को 'संख्या-केंद्रित' से 'परिणाम-केंद्रित' बनाने का सटीक मार्गदर्शक दस्तावेज साबित हो सकता है।

दरअसल, देश में जमीनी लोकतंत्र की इसी गंभीर समस्या का बारीकी से अध्ययन करने और इसका समाधान खोजने के लिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में व्यापक राष्ट्रीय अध्ययन कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद द्वारा तैयार की गई यह द्वि-खंडीय रिपोर्ट देश में नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक और साक्ष्य आधारित दस्तावेज़ है। खास बात है कि इस अध्ययन का दायरा और सांख्यिकी के हिसाब से भारत के ग्रामीण नीति-निर्माण के इतिहास में सबसे व्यापक और विशाल क्षेत्र आधारित आकलनों में से एक है। देश की ग्राम सभाओं को लेकर यह राष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट भारत के ग्रामीण स्वशासन के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ है। जैसा कि रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि नागरिक-केंद्रित शासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभाएँ अनिवार्य हैं। जब तक देश के गांवों का अंतिम व्यक्ति ग्राम सभा की बैठक में शामिल होकर अपने गांव के भविष्य का फैसला करने में सक्षम और उत्सुक नहीं होगा, तब तक लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का सपना अधूरा रहेगा। पंचायती राज मंत्रालय और नीति आयोग का यह संयुक्त प्रयास साक्ष्य-आधारित नीतियों के माध्यम से देश की जमीनी लोकतांत्रिक संस्थाओं को एक नई ऊर्जा, समावेशन और शक्ति प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करता है। इस दिशा में मोदी सरकार देश के हर नागरिक को सशक्त बनाने और नीतियों के केंद्र में 'नागरिक' को रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राम सभा को जमीनी लोकतंत्र की सबसे सच्ची अभिव्यक्ति करार देकर ग्रामीण ढांचागत और संस्थागत व्यवस्था की नींव को मजबूती देने की पहल की है। इस रिपोर्ट की विश्वसनीयता और इसकी साक्ष्य आधारित प्रकृति को समझने के लिए इसके सांख्यिकीय दायरे को समझना आवश्यक है। इस रिपोर्ट में संस्थान के सह-अध्यापक डॉ. अंजन कुमार भांजा द्वारा प्रस्तुत किए गए निष्कर्षों पर गौर किया जाए तो यह देश के सबसे बड़े क्षेत्र-आधारित अध्ययनों में से एक है। इस शोध के दायरे में देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 213 जिलों को शामिल किया गया। टीम ने लगभग 400 ग्राम पंचायतों (जिनमें पेसा 'घ्क्ट्टइ' क्षेत्र और महिला-हितैषी पंचायतें भी शामिल हैं) का दौरा कर 7,800 उत्तरदाताओं से सीधा संवाद किया, जिसके बाद यह साक्ष्य आधारित द्वि-खंडीय रिपोर्ट तैयार की गई। इसमें 10 राज्यों की उन 'बेस्ट प्रैक्टिसेज' (सर्वोत्तम प्रयोगों) को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने अपने यहाँ भागीदारी बढ़ाने में सफलता पाई है। है। इस अध्ययन रिपोर्ट को 30 जून 2026 को नई दिल्ली में नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम और पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज द्वारा जारी किया, जिसमें जमीनी लोकतंत्र की कमजोर होती नींव और उसकी चुनौतियों को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार भागीदारी में सबसे बड़ी बाधाएं ग्राम सभाओं में लोगों का न आना केवल उदासीनता नहीं बल्कि इसके पीछे गहरे सामाजिक-आर्थिक और व्यावहारिक कारण हैं। इसमें आजीविका और समय के संकट के कारण 55.5 प्रतिशत भागीदारी न होने का सबसे बड़ा कारण है, इसमें ग्रामीण आबादी का बड़ा हिस्सा दैनिक मजदूरी या कृषि पर निर्भर है। जबकि व्यस्त कार्य दिनचर्या (41.74 प्रतिशत) और कृषि कार्यों की व्यस्तता (30.26 प्रतिशत) के कारण लोग अपनी दिहाड़ी छोड़कर बैठकों में नहीं आ पाते। इसके अलावा कम प्रतिनिधित्व वाले समूह को लेकर खुलासा हुआ है कि प्रवासी परिवार (17.61 प्रतिशत), युवा (16.73 प्रतिशत), बुजुर्ग (15.80 प्रतिशत) और महिलाएं (13.40 प्रतिशत) ग्राम सभा की प्रक्रियाओं में सबसे कम शामिल हो पाते हैं। यही नहीं इसके अलावा 45.46 प्रतिशत चर्चा के विषयों का प्रासंगिक न होना और 42.0 प्रतिशत हर बार एक जैसी उबाऊ और दोहराव वाली चर्चाएं भी इस व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। जबकि 33.4 प्रतिशत प्रशासन और व्यवस्था के प्रति अविश्वास, 32.7 प्रतिशत राजनीतिक हस्तक्षेप और 27.9 प्रतिशत स्थानीय गुटबाजी के साथ 16.2 प्रतिशत शिकायतों के निवारण की कमजोर व्यवस्था भी बड़ा कारण माना गया है। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने ग्रामीण भारत में आए बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में गांवों तक बुनियादी सुविधाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित हुई है। अब बारी जमीनी लोकतंत्र को और गहरा करने की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह अध्ययन महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की भागीदारी बढ़ाने के लिए रणनीतिक कदम उठाने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्रालय जल्द ही राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मिलकर इस रिपोर्ट की सिफारिशों को जमीन पर लागू करेगा, ताकि देश की ग्राम सभाएं अधिक समावेशी और परिणामोन्मुख बन सकें। इस अध्ययन रिपोर्ट से एक बड़ा संदेश यह भी मिलता है कि ग्राम सभाओं को सफल बनाने का पैमाना केवल 'बैठक में जुटी भीड़' या 'हाजिरी रजिस्टर' नहीं होना चाहिए। वास्तविक सफलता इस बात में है कि चर्चाएं कितनी प्रासंगिक हैं, निर्णय कितने पारदर्शी हैं और शिकायतों का निवारण कितनी तेजी से होता है। जब तक ग्रामीण नागरिकों को ग्राम सभा के निर्णयों का जमीन पर वास्तविक असर नहीं दिखेगा, तब तक उनका भरोसा जीतना नामुमकिन है।



अध्ययन में सुझाव दिए गये हैं कि महिलाओं के मुद्दों के लिए 'महिला ग्राम सभा' और बच्चों व युवाओं के लिए 'बाल सभा' जैसे मंचों का नियमित आयोजन होना चाहिए, जिनकी सिफारिशों को मुख्य ग्राम सभा के एजेंडे में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। ग्राम सभा को विकास कार्यों के सोशल ऑडिट का वास्तविक अधिकार मिलना चाहिए। जब लोगों को दिखेगा कि उनके द्वारा किए गए ऑडिट से भ्रष्टाचार पर रोक लग रही है और काम की गुणवत्ता सुधर रही है तो उनकी भागीदारी स्वतः बढ़ेगी। पंचायत प्रतिनिधियों (विशेषकर महिला सरपंचों और वार्ड सदस्यों) के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि वे ग्राम सभा की प्रक्रियाओं को बेहतर समझ सकें।

**ओ.पी. पाल**

# ड्रग्स माफिया पर त्री-स्तरीय वार : पहचान, प्रहार और पूर्ण सफाया

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना तभी साकार हो सकता है, जब देश की युवा शक्ति सुरक्षित, स्वस्थ और उत्पादक बनी रहे। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने अब नशे के खिलाफ लड़ाई को केवल कानून-व्यवस्था का विषय न मानकर राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा का अभियान बना दिया है। इसी सोच के साथ जारी ''मादक पदार्थ नियंत्रण विज़न डॉक्यूमेंट 2026-2029'' यह संकेत देता है कि अब कार्रवाई का लक्ष्य पूरे नार्को इकोसिस्टम को जड़ से खत्म करना है। पिछले कुछ वर्षों में यह साफ हुआ है कि ड्रग्स कारोबार के तार आतंकवाद, हवाला, संगठित अपराध, सीमा पार तस्करी और डिजिटल अपराधों से जुड़ चुके हैं। ऐसे में यदि कार्रवाई केवल छोटे तस्करों तक सीमित रहे तो समस्या का समाधान संभव नहीं है। सरकार ने इसी कमजोरी को पहचानते हुए अब ''डिटेक्ट, डिसरप्ट और डिस्ट्रॉय'' का नया मंत्र दिया है। मोदी सरकार की यह कार्यप्रणाली बताती है कि पहले पूरे नेटवर्क की पहचान होगी, फिर उसकी सप्लाई चेन और वित्तीय तंत्र को तोड़ा जाएगा और अंततः पूरे कार्टेल का स्थायी खात्मा किया जाएगा। इस नई नीति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अपराधियों के साथ-साथ उनके आर्थिक ढांचे को भी निशाना बनाया गया है। वस्तुतः अब केवल मादक पदार्थ जब्त कर लेना पर्याप्त नहीं माना जाएगा। हवाला नेटवर्क, क्रिप्टो करेंसी के जरिए होने वाले लेन-देन, डार्कनेट पर संचालित कारोबार, बैंक खातों और अवैध संपत्तियों तक कार्रवाई का दायरा बढ़ाया गया है। स्पष्ट है कि सरकार ड्रग्स माफिया की आर्थिक रीढ़ तोड़कर इस कारोबार को असंभव बनाना चाहती है। आज ड्रग्स तस्करी का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। ड्रोन के माध्यम से सीमा पार खेप पहुंचाना, समुद्री मार्गों का इस्तेमाल, कंटेनर तस्करी, ऑनलाइन नेटवर्क और डार्क वेब के जरिए अवैध व्यापार जैसी चुनौतियां पारंपरिक पुलिस व्यवस्था से नहीं सुलझ सकतीं, इसलिए विज़न डॉक्यूमेंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रियल टाइम डेटा शेयरिंग, तकनीकी खुफिया तंत्र, अपराध मानचित्रण और आधुनिक निगरानी प्रणाली को विशेष महत्व दिया गया है।

यह बदलाव बताता है कि सरकार अब अपराधियों से एक कदम आगे रहने की रणनीति पर काम कर रही है। इस अभियान की एक और उल्लेखनीय विशेषता ध्यान में आई है, वह यह है कि इसमें केवल सख्ती नहीं, संवेदनशीलता भी दिखाई देती है। फिर गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट भी कर दिया है, ड्रग्स माफिया के खिलाफ कार्रवाई पूरी तरह कठोर होगी, किंतु नशे की लत के शिकार युवाओं को अपराधी न मानकर उन्हें पीड़ित मनकर उनके पुनर्वास पर बराबर ध्यान दिया जाएगा। यह संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक भी है क्योंकि नशे के खिलाफ स्थायी सफलता गिरफ्तारी से अधिक समाज को नशामुक्त बनाने से मिलेगी। कहना होगा कि सरकार की चार स्तंभों वाली कार्ययोजना इसी व्यापक सोच को दर्शाती है। प्रभावी प्रवर्तन, सिंथेटिक ड्रग्स और रसायनों पर नियंत्रण, नशे की मांग कम करना तथा पुनर्वास और संस्थागत क्षमता निर्माण, इन सभी पहलुओं को समान महत्व दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि सरकार समस्या के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पक्ष पर भी काम करना चाहती है। राज्यों की भूमिका को लेकर भी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है। ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई केवल केंद्र सरकार नहीं जीत सकती। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को अधिक संसाधन, एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, मजबूत चार्जशीट और जवाबदेह व्यवस्था पर जोर बताता है कि अब परिणाम आधारित कार्य संस्कृति विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि राज्यों में यह व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू होती है तो ड्रग्स नेटवर्क पर लगातार दबाव बनाए रखना संभव होगा। विशेष एनडीपीएस अदालतों के गठन पर दिया गया जोर भी स्वागतयोग्य है। अक्सर वर्षों तक मुकदमे लंबित रहने से अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। यदि जांच के साथ त्वरित सुनवाई और शीघ्र सजा सुनिश्चित होती है तो इसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी व्यापक होगा और ड्रग्स कारोबार में शामिल लोगों के लिए कानून का डर बढ़ेगा। सरकार ने सीमाओं से लेकर गांवों तक निगरानी मजबूत करने की जो योजना बनाई है, वह भी महत्वपूर्ण है। सीमावर्ती गांव, बंदरगाह, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील जिलों में तकनीकी निगरानी तथा कम्युनिटी पुलिसिंग का विस्तार इस बात का संकेत है कि अब तस्करी के हर संभावित मार्ग पर नजर रखी जाएगी।

## सेहत मंत्र

# जरूरत से ज्यादा नमक सेहत के लिए बन सकता है परेशानी का सबब

नमक के बिना खाने का कोई स्वाद नहीं है। किसी भी डिश में नमक को जरूर शामिल किया जाता है। हालांकि, ऐसे कई लोग होते हैं, जिन्हें कुछ ज्यादा ही नमक खाने की आदत होती है। वे अक्सर अपने खाने में ऊपर से नमक डालकर खाते हैं। अगर लगातार ऐसा किया जाए तो इससे आपकी सेहत को नुकसान उठाना पड़ सकता है। जी हां, जरूरत से ज्यादा नमक कई तरह की हेल्थ प्रोब्लम्स की वजह बन सकता है। अगर आपको बहुत अधिक नमक खाने की आदत है तो यह काफी हद तक संभव है कि इससे आपको हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत का सामना करना पड़े। इससे आपको हृदय रोग से लेकर स्ट्रोक और गुर्दे की समस्या हो सकती है। इसलिए आप नमक का सेवन सीमित मात्रा में ही करें। जब आप बहुत अधिक नमक का सेवन करना शुरू कर देते हैं तो इससे आपको बार-बार प्यास लगना शुरू हो जाता है। नमक का अत्यधिक सेवन रक्त में सोडियम की मात्रा को बढ़ाता है। जिससे आपको अधिक प्यास लगने लगती है। हो सकता है कि इससे आपको बार-बार मुंह सूखने की शिकायत हो। इतना ही नहीं, शरीर में सोडियम का लेवल अधिक होने से वाटर रिंटेशन की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में हाथ-पैरों में सूजन व ब्लोटिंग जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं। किडनी शरीर से अतिरिक्त सोडियम को फिल्टर करनेका काम करती है। लेकिन नमक का अधिक सेवन करने से किडनी को जरूरत से ज्यादा काम करना पड़ता है, जिससे उसकी कार्यक्षमता हो सकती है। इससे किडनी के डैमेज होने की संभावना भी बढ़ जाती है। यह संभव है कि इससे आपको क्रोनिक किडनी डिसीज या गुर्दे की पथरी की शिकायत हो जाए। सोडियम के अधिक सेवन से कैल्शियम यूरिन के जरिए बाहर निकल सकता है। जिसकी वजह से समय के साथ, इससे बोन डेंसिटी कम हो सकती है। जिसके कारण फ्रैक्चर का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है।

## धर्म मंत्र

# पंचमुंडीय आसन पर विराजित हैं मां काली, दर्शन से होती है मन्नत पूरी

घसियारी मंडी के कालीबाड़ी में मां काली का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि यह मंदिर 147 साल प्राचीन है। यहां पर मां काली पंचमुंडीय आसन पर विराजमान हैं। कहा जाता है कि ये आसन नर, बंदर, सांप, उल्लू, चमगादड़ के सिर से बना है, जो मां काली को प्रिय है। यहां आकर जो भी भक्त मां से मन्नत मांगता है, वह अवश्य पूर्ण होती है।

कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना तांत्रिक मधुसुदन मुखर्जी ने की थी। वे मां काली के भक्त थे। वे नीम के वृक्ष के नीचे बैठकर तप करते थे। मां ने मुखर्जी की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें मंदिर की स्थापना के लिए कहा। मां ने आदेश दिया कि वह मां काली की मिट्टी से प्रतिमा का निर्माण करवाए। उसके पश्चात उसे पंचकुंडीय आसन पर विराजमान करके पूजा करें। उसके बाद मंदिर में मां की पूजा-अर्चना शुरु हो गई। उसके बाद यहां पर दूर-दूर से भक्तजन मां के दर्शनों के लिए आने लगे। कहा जाता है कि नवरात्र में यहां आने से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। अष्टमी और नवमी को मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन होता है और शाम की आरती होती है।

माना जाता है कि नवरात्रों में मंदिर में जो भी भक्त 108 कमल के फूल अर्पित करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां पशु बलि की जगह पेठा फल और गन्ने की बलि दी जाती है।

## पर्यटन



# सिक्किम की प्राकृतिक खूबसूरती देख दीवाने हो जाएंगे आप

सवा चार लाख की आबादी वाले राज्य में 70 से ज्यादा बौद्ध मठ? चौंकिए नहीं यह तथ्य बिल्कुल सही हैं। हम बात कर रहे हैं भारत के पूर्वोत्तर में स्थित सिक्किम राज्य की। इस राज्य के बारे में एक और तथ्य भी है कि शायद यही एकमात्र राज्य ऐसा बचा है जहां कि संपूर्ण बौद्ध धर्म, कला, संस्कृति तथा सभ्यता को संभालकर रखा गया है। सिक्किम में स्थित सभी मठ ऐतिहासिक और प्राचीन महत्व के हैं। यहां पर आने वाले हर आगंतुक के लिए प्राकृतिक सौंदर्य से भी ज्यादा बौद्धमठ महत्वपूर्ण होते हैं। पेमयांग्तसे, ताशिदिंग, रूमटेक, फोडांग, दॉदरूल, ऐन्वे, रालांग तथा फ़ेन्सांग जैसे मठ ज्यादा लोकप्रिय हैं जिनमें कि विभिन्न देवताओं तथा मूर्तियों व चित्रकारी के दर्शन होते हैं। नमिंग्प्पा संप्रदाय से संबद्ध पेमयांग्से मठ प्रमुख होने के साथ ही सर्वाधिक लोकप्रिय मठ भी है। साढ़े तीन सौ वर्ष पुराना यह मठ लगभग छह हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित है। सिक्किम के प्रथम नरेश चोग्याल फुंतसोग नामग्याल के काल में स्थापित इस मठ में अतीत में सिर्फ अग्रणी जाति के लोगों को ही दर्शन करने की इजाजत थी। लेकिन आज किसी भी प्रकार की कोई बंदिश नहीं है, कोई भी सैलानी इस मठ के दर्शन कर सकता है। राजधानी से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रूमटेक मठ अराधना का स्थल होने के साथ ही बौद्ध धर्म शिक्षा का प्रमुख केन्द्र भी है। यहां की परंपरागत शैली में बना यह विशाल मठ कारग्यद संप्रदाय से संबद्ध है। आवासीय घरों के बीच बना यह रूमटेक मठ दूर से नेकलेस में चमचमाते मोतियों-सा आभास देता है। जैसे ही आप मठ के पास पहुंचेंगे तो आपको हवा में फहराते रंग-बिरंगे झंडे आपका स्वागत करते हुए लगेंगे। यहां आने पर आपको लामाओं की तीन पीढ़ियां बाल, युवा और बुजुर्ग को एक साथ देखने और मिलने का अवसर प्राप्त होगा। इन लामाओं के बारे में सर्वविदित है कि इनका जीवन कठोर परन्तु संयत और अनुशासनबद्ध होता है। यहां दो मठ 'दादारूल', और 'ऐन्चे मठ' तो विशेष रूप से दर्शनीय हैं।

# पत्थरों की राजनीति से घायल हुई इंसानियत पुलिस पर हमले की पहले से थी तैयारी !

**हाइवे पर पहले से ग्रामीणों ने डाल दिए गए थे पत्थर , हंगामा करने के मकशद से इनकार नहीं**

**हाइवे जाम करने एवं पथराव करने वालो पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज**

विकास तिवारी / अनिल शुक्ला



बाराबंकी। पुलिस पर पथराव की रूप रेखा पहले से तैयार की जा चुकी थी किंतु पुलिस को इसकी भनक नहीं लगी । सामान्यतः अफसर बातचीत कर मामला सुलटाने पहुंच गए लेकिन उसी में बैठे कुछ शातिर छुटभैया नेताओं पूर्व संयोजित नीति के चलते विवाद की आग को हवा दे दी जिसमें केवल खाकी लहूलुहान नहीं हुई बल्कि इंसानियत का निर्ममता से गला घोंट दिया गया ।कटियारा गांव में जितेंद्र चौहान की संदिग्ध मौत ने एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। जिस घर में कभी हंसी गूंजती थी, वहां अब मातम पसरा है। मां की आंखों के आंसू थम नहीं रहे, परिजन अपने बेटे को याद कर बिलख रहे हैं। स्वाभाविक रूप से पूरा परिवार न्याय की उम्मीद लगाए बैठा था, लेकिन इसी बीच कुछ लोगों ने इस दुखद घटना को संवेदना का नहीं, बल्कि उन्माद का विषय बना दिया।शोक और आक्रोश के माहौल में परिजनों तथा ग्रामीणों का एक वर्ग भी भावनाओं में इस कदर बह गया कि कानून और व्यवस्था की सीमाएं टूटने लगीं। न्याय की मांग करना उनका अधिकार था, लेकिन न्याय की राह छोड़कर हिंसा और टकराव का रास्ता चुनना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता।हाईवे पर हंगामा हुआ, पुलिस पर पथराव हुआ, वर्दियां खींची गईं और हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिसकर्मियों को अपनी जान बचाने के लिए पीछे हटना पड़ा। उस समय खाकी सिर्फ एक वर्दी नहीं थी, बल्कि कर्तव्य निभाता हुआ एक इंसान थी, जो भीड़ के गुस्से के सामने असहाय नजर आ रही थी।घटनास्थल और उसके आसपास बड़ी मात्रा में पड़े पत्थरों को देखकर यह सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या उपद्रव की तैयारी पहले से की गई थी? आखिर इतनी संख्या में पत्थर वहां कैसे पहुंचे? यह प्रश्न जांच का विषय है, लेकिन परिस्थितियां संदेह अवश्य पैदा करती हैं कि उग्र प्रदर्शन के पीछे केवल तत्कालिक आक्रोश ही नहीं, बल्कि किसी सुनियोजित रणनीति की भी भूमिका हो सकती है।सबसे दुखद पहलू यह रहा कि जिन पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ, वही पुलिस मृतक के मामले की जांच कर रही थी और परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई भी कर चुकी थी। इसके बावजूद गुस्से का निशाना कानून व्यवस्था संभालने वाले लोग ही बन गए।किसी मां का बेटा खोना असहनीय पीड़ा है। लेकिन उस पीड़ा को हिंसा का औजार बना देना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों पर हमला करना समाज को न्याय के रास्ते से भटका देता है। दुख की इस घड़ी में संयम की सबसे अधिक आवश्यकता थी, किंतु कुछ लोगों ने माहौल को और अधिक विषाक्त बनाने का काम किया।आज आवश्यकता है कि जितेंद्र चौहान की मौत की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों को सजा मिले और परिवार को न्याय प्राप्त हो। साथ ही उन लोगों की भूमिका भी सामने आए जिन्होंने शोक को उन्माद में बदलने और समाज में तनाव पैदा करने का प्रयास किया। क्योंकि किसी भी त्रासदी का समाधान पत्थरों से नहीं, बल्कि सत्य और न्याय से निकलता है।एक ओर परिवार अपने बेटे के लिए रो रहा है, दूसरी ओर घायल पुलिसकर्मी अपने जख्मों का उपचार करा रहे हैं। इस पूरी घटना ने एक बार फिर समाज के सामने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हम दुख में विवेक बनाए रख पाएंगे, या फिर हर त्रासदी को भीड़ और उन्माद के हवाले कर देंगे? उधर जानकारी के अनुसार हाइवे पर बवाल काटने वाले लोगो में उपनिरीक्षक ललित कुमार की तहरीर पर पंद्रह नामजद बाकी 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है । पुलिस उपाधीक्षक सुश्री गरिमा पंत ने बताया कि हाईवे पर अराजकता करने वालो की पहचान की जा रही है वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे है ऐसी कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी ।

### प्रेमिका से मिलने गया था जितेंद्र, फिर संदिग्ध हालात में मिली लाश

बाराबंकी । कटियारा गांव निवासी जितेंद्र चौहान कथित रूप से अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। इसके बाद उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण ''हैंगिंग'' (फांसी) बताया गया, लेकिन मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी। पुलिस ने परिजनों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज किया और नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।यानी पुलिस ने केवल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामला बंद नहीं किया, बल्कि परिजनों के आरोपों को भी महत्व देते हुए कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई। इसके बावजूद मामले ने तूल पकड़ लिया और जांच पूरी होने से पहले ही विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया।बाद में यही विरोध उग्र रूप धारण कर गया। हाईवे जाम किया गया, पुलिस पर पथराव हुआ और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई। अब पुलिस एक तरफ जितेंद्र की मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी है तो दूसरी ओर उपद्रव और पुलिस पर हमले के मामले में भी कार्रवाई कर रही है।

# कालाबाजारी के आरोप में खाद विक्रेता पर बड़ी कार्रवाई, 1500 बोरी यूरिया सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। किसानों के लिए आवंटित यूरिया खाद की कथित कालाबाजारी के मामले में कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक खाद विक्रेता से जुड़े गोदाम और अन्य स्थानों पर रखी लगभग 1500 बोरी यूरिया सील कर दी है। मामले में जांच जारी है और विभागीय कार्रवाई के साथ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात कोठी थाना क्षेत्र के बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग स्थित दफ्तरपुर चौराहे पर संचालित अशोक खाद भंडार से 30 बोरी यूरिया अवैध रूप से लखनऊ ले जाए जाने की सूचना भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों को मिली। शिकायत के बाद भाकियू के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा, अजय पटेल और सचिन पांडे ने संदिग्ध वाहन का पीछा किया और सतरिख थाना क्षेत्र की लखाइचा चौकी के पास उसे रोककर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस वाहन को थाने ले आई, जहां चालक ने अपना नाम रंजीत पुत्र जितेंद्र कुमार बताया। सूचना पर जिला कृषि अधिकारी राजाराम मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कराई। जांच के दौरान संबंधित विक्रेता के अयोध्या जनपद स्थित एक गोदाम में करीब 1000 बोरी यूरिया खाद बरामद हुई, जिसे तत्काल सील कर दिया गया। इसके बाद बुधवार को मिली एक अन्य शिकायत के आधार पर जिला कृषि अधिकारी एवं नायब तहसीलदार सौरभ ने गोमता गांव स्थित विक्रेता के आवास पर छापेमारी की। यहां भी लगभग 500 बोरी यूरिया मिलने पर उसे सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान कुल मिलाकर लगभग 1500 बोरी यूरिया खाद को सील किया गया है। कृषि विभाग अब खाद के भंडारण, परिवहन और वितरण से जुड़े अभिलेखों की जांच कर रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि खाद का उपयोग नियमानुसार किया जा रहा था या नहीं। उल्लेखनीय है कि जिले में यूरिया की कथित कालाबाजारी के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। कुछ सप्ताह पूर्व हरख क्षेत्र में भी बड़ी मात्रा में यूरिया पकड़ी गई थी, जबकि चांदपुर क्षेत्र में भी खाद वितरण को लेकर शिकायतें दर्ज हुई थीं। ऐसे में किसानों के लिए निर्धारित खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी राजाराम ने बताया कि गोदाम और आवास से बरामद यूरिया खाद को सील कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कुर्सी में मोबाइल छिनैती या मोबाइल गिरने का मामला?

जांच जारी

निंदूरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कुर्सी क्षेत्र के दारापुर निवासी संतोष ने बाइक सवार दो युवकों पर मोबाइल छीनने और विरोध करने पर बाइक में लात मारकर गिराने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला छिनैती का नहीं, बल्कि नशे की हालत में मोबाइल गिरने का प्रतीत होता है। मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया गया है। संतोष ने पुलिस के दावे को खारिज करते हुए कहा कि वह किसी भी प्रकार का नशा नहीं करते।

### तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से युवक की मौत, युवती गंभीर

रामनगर। राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर संजय सेतु के पास तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से बाइक सवार 21 वर्षीय अनिकेत वर्मा की मौके पर मौत हो गई, जबकि संतोषी वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घर लौट रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### लखनऊ कोचिंग हादसे के दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय जागरण मंच एवं भाजपा प्रवासी संपर्क प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में लाजपत नगर में प्रार्थना सभा आयोजित कर लखनऊ के कोचिंग छात्रों को श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान ने कथित गौ रक्षक दल के कार्यकर्ताओं पर धमकी देने का लगाया आरोप

मसौली कैनविज टाइम्स संवाददाता। करपिया ग्राम प्रधान विनोद कुमार वर्मा ने थाना मसौली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कथित गौ रक्षा दल के आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ता रात में जबरन गौशाला में घुसना चाहते थे। विरोध करने पर केयरटेकरों और ग्राम प्रधान को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

### अफीम के छिलके का विनिष्टीकरण

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के अहमदपुर, देवकली, मऊ, गोरपुर व धनौली मिश्रण गांवों में बुधवार को राजस्व, पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने करीब डेढ़ कुंतल अफीम (पोस्ता) के छिलके का विनिष्टीकरण कराया। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने बताया कि लाइसेंसधारी किसानों के सुरक्षित रखे गए छिलकों को दुरुपयोग रोकने के लिए ट्रैक्टर से खेतों में जोतकर नष्ट कराया गया।

### सर्पदंश से किशोर की मौत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय थाना क्षेत्र के पासिनपुरवा गांव में बुधवार को सर्पदंश से 15 वर्षीय राज रावत की मौत हो गई। घर के बाहर खेलते समय विषैले सांप ने उसे डस लिया। परिजन उसे निजी चिकित्सक और फिर संयुक्त चिकित्सालय ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर किए जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार किया, जिसके बाद पंचनामा भरकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। ग्रामीणों ने बारिश के मौसम में बढ़ रही सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए गांव में दवा छिड़काव और जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है।

### दिल्ली से लौट रही एसी बस अनियंत्रित होकर पलटी, चालक गंभीर घायल, बड़ा हादसा टला

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के हलियापुर-कुड़वार मागर् पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। प्राथमिक विद्यालय लोहरिया के पास दिल्ली से लौटकर वलीपुर आ रही एक एसी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में बस चालक विकास सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदशिर्यों के अनुसार दुघर्टना के समय बस में कोई यात्री सवार नहीं था। बस में केवल चालक विकास सिंह और कंडक्टर जितेंद्र श्रीवास्तव मौजूद थे, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत कायर् शुरू किया और घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। चालक की स्थिति पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक संबंधित एसी बस प्रतिदिन वलीपुर, पारा बाजार, सैनी, तिरहुत, हलियापुर और लखनऊ मागर् से होकर दिल्ली तक संचालित होती है। फिलहाल दुघर्टना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### रक्तदान, केक काटकर और वृक्षारोपण कर अखिलेश यादव का जन्मदिन

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पाटीर् के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूवर् मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर सुलतानपुर जिले में विभिन्न कायर्क्रम आयोजित किए गए। जिले में सिख समाज और समाजवादी कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग आयोजनों के माध्यम से जन्मदिन मनाते हुए सामाजिक और राजनीतिक संकल्प भी दोहराए। 188 विधानसभा सुल्तानपुर जिला अस्पताल में पूवर् विधायक, प्रवक्ता अनूप संडा के नेतृत्व में प्रत्येक वषर् की भांति इस वषर् भी साथी हाथ बढ़ाना अभियान के अंतगर्त रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समाजवादी विचारधारा से जुड़े बहुत 57 लोगों ने भाग लेकर जनहित में रक्तदान किया। वही सिख समाज ने केक काटकर अखिलेश यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कायर्क्रम में उपस्थित लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में पीडीए की सरकार बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजवादी पाटीर् के प्रदेश सचिव तेजिंदर सिंह बग्गा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ रविंदर सिंह, राजपाल, बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### खेत में सिंचाई के दौरान सांप के डसने से किसान की मौत,तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। खेत में सिंचाई करने गए एक किसान की सांप के डसने से दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी गुलाम मोहम्मद (35) पुत्र शकूर खां बुधवार को अपने खेत में सिंचाई करने गए थे इसी दौरान खेत में काम करते समय उन्हें जहरीले सांप ने डस लिया हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मौत का कारण सर्पदंश प्रतीत हो रहा है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी

# स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही, सीएचसी व दो पीएचसी समय पर नहीं खुले



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिले के प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट और भीखरपुर व पटकनपुरवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की पड़ताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर लापरवाही सामने आई। सुबह 8:40 बजे तक सीएचसी में डॉक्टर और पंजीकरण कर्मचारी नहीं पहुंचे, जबकि दोनों पीएचसी पर ताले लटके मिले। मरीज इलाज के लिए घंटों इंतजार करते रहे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि समय पर चिकित्सा न मिलने से मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है।

# पुलिस चौकी परिसर में नव निर्मित मंदिर शिव जी की प्राण-प्रतिष्ठा, शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेलहरा बाराबंकी। नगर पंचायत बेलहरा स्थित पुलिस चौकी परिसर में नव निर्मित शिव मंदिर में मंगलवार को भगवान भोलेनाथ एवं उनके परिवार की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। आचार्यों के निर्देशन में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय सहित पूरे शिव परिवार की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व चौकी प्रभारी अरविंद पटेल एवं उनकी धर्मपत्नी के नेतृत्व में भगवान भोलेनाथ एवं शिव परिवार की प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर पंचायत के बाबा साहब, मैदानों बाबा, बरदिया बाबा, राम-जानकी मंदिर तथा ठठेरी गली स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न मार्गों से होकर पुनः पुलिस चौकी परिसर पहुंची, जहां उसका समापन हुआ। धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया और पूरे क्षेत्र में ''हर-हर महादेव'' के जयघोष गूंजते रहे।

कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। इस अवसर पर नैन्टू सिंह, पिंटू सिंह, सुनील सोनी, अरुण सिंह, राजाराम, मोहम्मद अरशद, विपिन सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रधानी चुनाव की गुटबाजी बनी खूनी संघर्ष की वजह, वृद्ध की मौत से गांव में तनाव

**मेड़ काटने के विवाद पर दो पक्ष भिड़े, महिलाओं और बच्चों समेत 13 लोग घायल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी। हैदरगढ़ क्षेत्र के पूरे मेहरबान मजरे बरांवा गांव में बुधवार दोपहर प्रधानी चुनाव की पुरानी गुटबाजी और भूमि विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच हुए हिंसक टकराव में 60 वर्षीय भगवानदीन की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक तनाव का माहौल बना रहा। बताया जाता है कि भगवानदीन पुत्र हीरालाल और उनके पट्टीदार पूतु पुत्र खुशीराम के बीच लंबे समय से जमीन और प्रधानी चुनाव को लेकर विवाद चला आ रहा था। बुधवार को भगवानदीन अपनी पत्नी रामावती के साथ खेत देखने गए, जहां उन्होंने खेत की मेड़ कटी हुई पाई। आरोप है कि विरोध जताने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने केवल खेत पर ही नहीं बल्कि घर तक पहुंचकर मारपीट की। इस दौरान भगवानदीन, उनकी पत्नी रामावती, चांदनी, सुरेश, शांति, महेश, राजेंद्र, योगेंद्र और अमर समेत कई लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के भी पांच लोगों के घायल होने की सूचना है। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया, जहां उपचार के दौरान भगवानदीन ने दम तोड़ दिया। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। प्रधान प्रतिनिधि रामकुमार सिंह, अधिवक्ता बृजेंद्र प्रताप सिंह 'बिज्जू' सहित कई लोग अस्पताल पहुंच गए और कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई। मृतक के पुत्र योगेंद्र ने आरोप लगाया कि पिछले दो महीनों में कई बार मारपीट और विवाद की घटनाएं हुई थीं, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी, लेकिन केवल शांति भंग की कार्रवाई कर मामले को टाल दिया गया। उनका कहना है कि समय रहते कठोर कार्रवाई होती तो उनके पिता की जान बच सकती थी।

घटना के बाद अस्पताल परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी समीर कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे, तहसीलदार और नायब तहसीलदार हैदरगढ़ मौके पर मौजूद रहे। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने भी पहुंचकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उधर परिजनों ने अस्पताल में इलाज में देरी का आरोप लगाया, जबकि अस्पताल अधीक्षक डॉ. जयशंकर पांडे ने किसी भी प्रकार की लापरवाही से इंकार किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# रोटरी क्लब ने डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का किया सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रोटरी क्लब बाराबंकी ने नए सत्र की शुरुआत डॉक्टर दिवस और सीए दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित कर की। कार्यक्रम में चिकित्सकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तथा समाजसेवा से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में क्लब के अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह कालरा, सचिव राजेश अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाजपा नेता माधवी लता ने जीता स्वर्ण, पूर्व डीजीपी अंजनी कुमार भी बने चैंपियन

एजेंसी

हैदराबाद । तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता माधवी लता ने हैदराबाद के गाचीबोवली स्थित सैट्स शूटिंग रेंज में आयोजित 25 मीटर पिस्टल (मास्टर्स महिला वर्ग) स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 300 में से 245 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, पुरुष वर्ग में तेलंगाना के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। माधवी लता ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी।

स्वर्ण पदक जीतने के बाद माधवी लता ने आज बताया कि शूटिंग के प्रति उनका लगाव बचपन से ही रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की कैडेट रहने के



दौरान गणतंत्र दिवस प्रशिक्षण शिविर में पहली बार राइफल शूटिंग का अनुभव मिला था। उसी दौरान उन्हें इस खेल के प्रति अपनी रुचि और क्षमता का एहसास हुआ। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में हैदराबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रह चुकीं माधवी लता ने अपने संदेश में कहा कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को समाज के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। उन्होंने कहा, ''एक जनप्रतिनिधि को साहसी और खेलों के प्रति समर्पित होना चाहिए, ताकि वह लोगों के लिए उदाहरण बन सके। मैंने खुद से पूछा कि उम्र किसी की प्रगति में बाधा क्यों बने? यदि मानसिक रूप से दृढ़ हों तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच प्रसन्ना को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण ने बेहतर प्रदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। माधवी लता ने बताया कि दाहिने कंधे में लिगामेंट टियर (लिगामेंट चोट) होने के बावजूद वह आगामी प्री-नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि वह नियमित अभ्यास कर रही हैं और उनका लक्ष्य आगामी प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा, ''कंधे की चोट के बावजूद मैं लगातार तैयारी कर रही हूं। मैं यह साबित करना चाहती हूं कि दृढ़ संकल्प के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। स्वर्ण पदक जीतने के बाद सोशल मीडिया पर साझा किए गए संदेश में माधवी लता ने लिखा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने उन पर विश्वास किया, उनका उत्साह बढ़ाया और हर कदम पर उनका साथ दिया। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने सपनों का पीछा करें, खुद पर विश्वास रखें, कड़ी मेहनत करें और हमेशा ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करें। इसी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और हैदराबाद के पूर्व पुलिस आयुक्त अंजनी कुमार ने भी 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि पर हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी।

## डूरंड कप का कार्यक्रम घोषित, पांच शहरों में भिड़ेंगी 24 टीमें, 23 अगस्त को कोलकाता में फाइनल

एजेंसी

कोलकाता । डूरंड कप के 135वें संस्करण के पांच मेज़बान शहरों, भाग लेने वाली सभी 24 टीमों और मैच कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा बुधवार को कर दी गई है। एशिया के सबसे पुराने और दुनिया के प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंटों में शामिल डूरंड कप का आयोजन इस वर्ष 25 जुलाई से 23 अगस्त तक किया जाएगा।

इस बार प्रतियोगिता कोलकाता, रांची, इम्फाल, शिलांग और गुवाहाटी में आयोजित होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 23 अगस्त को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। सात टीमें पहली बार बनेंगी डूरंड कप का हिस्सा इस संस्करण में सात नई टीमें पहली बार डूरंड कप में भाग लेंगी। इनमें श्रीलंका सशस्त्र बलों की डिफेंडर्स एफसी, मेघालय प्रीमियर लीग चैंपियन नोंगकेसेह स्पोर्ट्स, सोशल एंड कल्चरल क्लब, बागपत एफसी, समलेश्वरी स्पोर्टिंग, एफसी रेंगदाई, मुंबई एफसी और एफसी1 शामिल हैं। कोलकाता रहेगा मुख्य केंद्र 2019 से स्थायी मेज़बान बने कोलकाता में इस बार भी टूर्नामेंट का सबसे बड़ा हिस्सा आयोजित होगा। यहां दो ग्रुप चरण, उद्घाटन मुकाबला, दो क्वार्टर फाइनल, एक सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। मैच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन और किशोर भारती क्रीड़ांगन में होंगे। कोलकाता चरण में रिकॉर्ड 17 बार की चैंपियन मोहुन बागान सुपर जायंट और 16 बार की विजेता ईस्ट बंगाल एफसी सबसे बड़े आकर्षण होंगे। इनके अलावा मोहम्मडन एससी, भारतीय सेना, सीआईएसएफ, साउथ यूनाइटेड एफसी, बागपत एफसी और समलेश्वरी स्पोर्टिंग भी हिस्सा लेंगी। रांची पहली बार डूरंड कप की मेज़बानी करेगा। बिरसा मुंडा स्टेडियम में 26 जुलाई से 16 अगस्त तक लीग चरण के मुकाबले और एक क्वार्टर फाइनल खेला जाएगा। यहां जमशेदपुर एफसी, स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली, भारतीय वायुसेना फुटबॉल टीम और पहली बार भाग ले रही डिफेंडर्स एफसी (श्रीलंका) खेलेंगी। इम्फाल में फिर गूंजेगा फुटबॉल का रोमांच मणिपुर की फुटबॉल परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इम्फाल लगातार एक और बार डूरंड कप की मेज़बानी करेगा। खुमान लंपाक स्टेडियम में 28 जुलाई से 17 अगस्त तक मुकाबले होंगे। इस चरण में ट्राऊ एफसी, नेरोका एफसी, भारतीय नौसेना फुटबॉल टीम और पहली बार भाग ले रही एफसी रेंगदाई मैदान में उतरेंगी। पिछले वर्ष की सफल मेज़बानी के बाद शिलांग इस बार भी टूर्नामेंट का अहम केंद्र रहेगा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 31 जुलाई से 20 अगस्त तक मुकाबले होंगे, जिनका समापन एक सेमीफाइनल से होगा। यहां शिलांग लाजोंग एफसी, नोंगकेसेह एसएस एंड सीसी, लांगस्निंग एफसी और पहली बार भाग ले रही मुंबई एफसी हिस्सा लेंगी।

## गोवा में मुरादाबाद के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, एक-एक स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते

एजेंसी

-गोवा में हुई ऑल इंडिया वाईएसएए नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप-2026

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद की शार्प शूटिंग एकेडमी की कोच अनामिका चौधरी ने बुधवार को बताया कि गोवा में 26 से 30 जून तक आयोजित ऑल इंडिया वाईएसएए नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में जिले की शार्प शूटिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पृथ्वी सिंह तोमर ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में वरुण चौधरी ने रजत पदक और 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा



में अश्विनी गुर्जर ने कांस्य पदक हासिल किया। कोच अनामिका चौधरी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## राम गोपाल कोठारी ईस्टर आइलैंड वोल्केनो मैराथन पूरी करने वाले पहले भारतीय बने

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता के उद्यमी, खोजी यात्री और एंड्योरेंस रनर राम गोपाल कोठारी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। भौगोलिक उत्तरी ध्रुव पर पूर्ण मैराथन पूरी करने वाले पहले भारतीय बनने के बाद अब उन्होंने चिली के ईस्टर आइलैंड (रापा नुई) में आयोजित प्रतिष्ठित वोल्केनो मैराथन पूरी कर इतिहास रच दिया है। वह इस मैराथन को पूरा करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

42.195 किलोमीटर लंबी इस मैराथन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय संस्था रनबुक ने किया, जो दुनिया के सबसे कठिन और दुर्गम स्थानों पर मैराथन आयोजित करने के लिए जानी जाती है। इस उपलब्धि के साथ कोठारी रनबुक की दोनों प्रतिष्ठित मैराथन–नॉर्थ पोल मैराथन और वोल्केनो मैराथन–पूरी करने वाले पहले भारतीय भी बन गए हैं। कोठारी ने कोलकाता से मुंबई, इस्तांबुल और सैंटियागो होते हुए करीब 24,000 किलोमीटर की यात्रा




कर दुनिया के सबसे अलग-थलग बसे द्वीपों में से एक ईस्टर आइलैंड तक पहुंच बनाई। यह उनके जीवन का 80वां देश भी रहा।

आधिकारिक परिणामों के अनुसार फुल मैराथन के लिए 21 धावकों ने पंजीकरण कराया था, जबकि 20 धावकों ने दौड़ पूरी की। एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और ओशिनिया के प्रतिभागियों के बीच कोठारी ने 5 घंटे 5 मिनट 8 सेकंड में मैराथन पूरी करते हुए सातवां स्थान हासिल किया। मैराथन का शुरुआती 21 किलोमीटर लगातार चढ़ाई और उतराई वाले पक्के रास्तों पर था, जहां खुले में घूमते घोड़े और मवेशी भी चुनौती बने। इसके बाद का हिस्सा ज्वालामुखीय चट्टानों और कठिन ट्रेल्स से होकर गुजरा, जहां कई जगह इतनी तीखी चढ़ाई थी कि चलना भी मुश्किल हो गया। करीब 30वें किलोमीटर पर धावकों को ओरोंगो ज्वालामुखी क्रेटर तक लगभग 600 मीटर की ऊंचाई तक चढ़ना पड़ा। तकनीकी ट्रैक पर कई धावक फिसले, जबकि पूरे मार्ग में शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। कोठारी ने पूरी मैराथन बिना किसी मांसपेशी में ऐंठन या चोट के पूरी की। उन्होंने इसका श्रेय महीनों की कठिन तैयारी को दिया। उन्होंने एक बयान में कहा, ''ऐसा लग रहा था जैसे मैं मैराथन नहीं दौड़ रहा, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े खुले संग्रहालय के बीच से गुजर रहा हूं। हर किलोमीटर पर एक नया और अद्भुत दृश्य देखने को मिला। उन्होंने बताया कि तैयारी के दौरान उन्होंने लंबी दूरी की दौड़, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, ट्रेडमिल पर ऊंचाई वाले वॉक और साल्ट लेक स्टेडियम में लगातार रैंप रनिंग की। कोलकाता की भीषण गर्मी और उमस में अभ्यास के दौरान एक बार वह गंभीर रूप से बीमार भी पड़ गए थे और चार दिन तक बिस्तर पर रहे, लेकिन इसके बाद फिर अभ्यास शुरू किया। कोठारी ने वोल्केनो मैराथन को दुनिया के सबसे सुंदर मैराथन मार्गों में से एक बताया। प्रशांत महासागर का नीला विस्तार, हरी-भरी घाटियां, ज्वालामुखीय पहाड़ियां, खुले में घूमते घोड़े और विश्व प्रसिद्ध मोआई प्रतिमाएं इस दौड़ को यादगार बनाती हैं।

## वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, मैट फिशर को पहली बार मौका, जैकब डफी की वापसी

एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज मैट फिशर को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है, जबकि हालिया इंग्लैंड टेस्ट दौरे से बाहर रहे जैकब डफी की टीम में वापसी हुई है।

वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का आगाज 11 जुलाई से गुयाना में होगा। पहले तीन मुकाबले 11, 13 और 16 जुलाई को खेले जाएंगे, जबकि अंतिम दो मैच 19 और 21 जुलाई को बारबाडोस में होंगे।

26 वर्षीय मैट फिशर ने अगस्त 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट और इस वर्ष बांग्लादेश के खिलाफ



टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने 25 लिस्ट-ए मुकाबलों में 26 की औसत से 43 विकेट लिए हैं।

दूसरी ओर, जैकब डफी मार्च में खेले गए टी20 विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार न्यूजीलैंड टीम में लौटे हैं। विश्व कप के बाद उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेला था, लेकिन पहले बच्चे के जन्म के कारण इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बाहर रहे थे।

मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, ''मैट और जैकब दोनों के टीम में आने से हमें मजबूती मिलेगी। मैट को पहली बार वनडे टीम में मौका मिलना उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। वह तेज गति से गेंदबाजी करते हैं और मैच के अलग-अलग चरणों में प्रभावी गेंदबाजी करने के लिए अपनी विविधताओं पर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने डफी की तारीफ करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में उन्होंने सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया है और उनका अनुभव टीम के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। टीम की कप्तानी मिचेल सेंटनर संभालेंगे। स्पिन विभाग में उनके अलावा माइकल ब्रेसवेल, जेडन लेनॉक्स और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को जगह मिली है। लेनॉक्स इस साल जनवरी में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर चुके हैं और यह उनका तीसरा विदेशी सीमित ओवरों का दौरा होगा। माइकल ब्रेसवेल और मार्क चैपमैन भी हालिया अंतरराष्ट्रीय असाइनमेंट से बाहर रहने के बाद टीम में लौटे हैं। न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज काइल जैमीसन, मैट हेनरी और विल ओ'रूर्क को व्यस्त कार्यक्रम के कारण आराम दिया है। ब्लेयर टिकनर टखने की सर्जरी के चलते उपलब्ध नहीं होंगे। वहीं डेवोन कॉनवे दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस दौरे पर नहीं जाएंगे, जबकि रचिन रवींद्र पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में हिस्सा लेने के कारण उपलब्ध नहीं रहेंगे। मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, क्रिस्टियन क्लार्क, जैकब डफी, मैट फिशर, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मिच हे, निक केली, टॉम लैथम (विकेटकीपर), जेडन लेनॉक्स, डैरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और विल यंग।

## केरल क्रिकेट संघ ने श्रीसंत पर लगा तीन साल का प्रतिबंध हटाया

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत को बड़ी राहत मिली है। केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने उन पर लगाया गया तीन साल का प्रतिबंध वापस लेने का फैसला लिया है।

केरल क्रिकेट संघ ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बुधवार को अपनी विशेष आम सभा में सर्वसम्मति से श्रीसंत पर लगे प्रतिबंध को समाप्त करने का निर्णय लिया। केसीए के अनुसार श्रीसंत ने संगठन के खिलाफ की गई अपनी टिप्पणियों पर बिना शर्त माफी मांगते हुए खेद व्यक्त किया था। उनकी ओर से दिए गए इसी माफीनामे को आधार बनाकर प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया गया।

केसीए ने पिछले वर्ष श्रीसंत पर संगठन के खिलाफ कथित रूप से



मानहानिकारक टिप्पणियां करने के आरोप में तीन साल का प्रतिबंध लगाया था। यह कार्रवाई पिछले केरल क्रिकेट लीग सीजन के मुकाबलों से पहले की गई थी। अब प्रतिबंध हटने के बाद श्रीसंत के लिए केरल क्रिकेट से जुड़ी गतिविधियों में दोबारा भाग लेने का रास्ता साफ हो गया है।


## वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, मैट फिशर को पहली बार मौका, जैकब डफी की वापसी

एजेंसी

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड क्रिकेट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज मैट फिशर को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है, जबकि हालिया इंग्लैंड टेस्ट दौरे से बाहर रहे जैकब डफी की टीम में वापसी हुई है।

वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का आगाज 11 जुलाई से गुयाना में होगा। पहले तीन मुकाबले 11, 13 और 16 जुलाई को खेले जाएंगे, जबकि अंतिम दो मैच 19 और 21 जुलाई को बारबाडोस में होंगे।

26 वर्षीय मैट फिशर ने अगस्त 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट और इस वर्ष बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने 25 लिस्ट-ए मुकाबलों में 26 की औसत से 43 विकेट लिए हैं।

दूसरी ओर, जैकब डफी मार्च में खेले गए टी20 विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार न्यूजीलैंड टीम में लौटे हैं। विश्व कप के बाद उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेला था, लेकिन पहले बच्चे के जन्म के कारण इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बाहर रहे थे। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, ''मैट और जैकब दोनों के टीम में आने से हमें मजबूती मिलेगी। मैट को पहली बार वनडे टीम में मौका मिलना उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। वह तेज गति से गेंदबाजी करते हैं और मैच के अलग-अलग चरणों में प्रभावी गेंदबाजी करने के लिए अपनी विविधताओं पर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने डफी की तारीफ करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में उन्होंने सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया है और उनका अनुभव टीम के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। टीम की कप्तानी मिचेल सेंटनर संभालेंगे। स्पिन विभाग में उनके अलावा माइकल ब्रेसवेल, जेडन लेनॉक्स और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को जगह मिली है। लेनॉक्स इस साल जनवरी में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर चुके हैं और यह उनका तीसरा विदेशी सीमित ओवरों का दौरा होगा। माइकल ब्रेसवेल और मार्क चैपमैन भी हालिया अंतरराष्ट्रीय असाइनमेंट से बाहर रहने के बाद टीम में लौटे हैं। न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज काइल जैमीसन, मैट हेनरी और विल ओ'रूर्क को व्यस्त कार्यक्रम के कारण आराम दिया है। ब्लेयर टिकनर टखने की सर्जरी के चलते उपलब्ध नहीं होंगे। वहीं डेवोन कॉनवे दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस दौरे पर नहीं जाएंगे, जबकि रचिन रवींद्र पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में हिस्सा लेने के कारण उपलब्ध नहीं रहेंगे।


## दो दिन की कमजोरी के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने की 2.02 लाख करोड़ की कमाई

एजेंसी

नई दिल्ली। इस सप्ताह लगातार दो दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती के साथ बंद हुआ। माना जा रहा है कि ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में आई जोरदार तेजी तथा एशिया के दूसरे शेयर बाजार से मिल रहे मजबूत संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों ने जमकर खरीदारी की।

आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से दोपहर 12 बजे तक सेंसेक्स 630 अंक से अधिक और निफ्टी 180 अंक से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहे। आखिरी घंटे में हुई मुनाफा वसूली के कारण दोनों सूचकांकों



की चाल में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.58 प्रतिशत और निफ्टी 0.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसके अलावा रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस तथा पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। आईटी सेक्टर के शेयरों में आज लगातार दूसरे दिन जबरदस्त बिकवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी के आईटी इंडेक्स में 2.01 प्रतिशत और बीएसई के टेक इंडेक्स में 1.03 प्रतिशत की कमजोरी आ गई।

इसके अलावा कैपिटल गुड्स, हेल्थ केयर और मेटल इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 476.23 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 474.21 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.02 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में एनएसई में 3,001 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,647 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,354 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर बढ़त के साथ और आठ शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 66.54 अंक की बढ़त के साथ 76,545.21 अंक के स्तर पर खुला।

# पाकिस्तान का नैरेटिव फैलाना बंद करे गुपकार गैंग: भाजपा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद तरुण चुग ने फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ़्ती, मीरवाइज उमर फ़ारूक, मनोज झा, हुमायूं कबीर और मणिशंकर अय्यर सहित उन नेताओं पर तीखा प्रहार किया जिन्होंने पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंध और वार्ता बहाल करने का समर्थन किया है।

चुग ने बुधवार को मीडिया को जारी बयान में कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में बैठे कुछ राजनीतिक नेता आज भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की भयावह सच्चाई को नज़रअंदाज़ कर उसके पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोग आतंकवाद के सबसे बड़े पीड़ित भारत की पीड़ा को भूलकर पाकिस्तान के दुष्प्रचार को ही बल दे रहे हैं। चुग ने कहा कि यदि इन नेताओं को वास्तव में शांति की चिंता है तो उन्हें भारत सरकार को नहीं बल्कि पाकिस्तान की सरकार और सेना को पत्र लिखना चाहिए। उन्हें पाकिस्तान से मांग करनी चाहिए कि वह अपनी धरती पर चल रहे सभी आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को तत्काल बंद करे, सीमा पार आतंकवाद और घुसपैठ पूरी तरह समाप्त करे, आतंकवादी संगठनों को मिलने वाला संरक्षण और वित्त पोषण बंद करे तथा पूरी दुनिया के सामने अपनी गलती स्वीकार करते हुए यह घोषणा करे कि वह भविष्य में आतंकवादियों को प्रशिक्षण, हथियार, आर्थिक सहायता और सुरक्षित पनाह देना हमेशा के लिए बंद कर रहा है। चुग ने कहा कि यदि ये नेता वास्तव में शांति के पक्षधर हैं तो उन्हें पाकिस्तान से यह भी कहना चाहिए कि वह आतंकवाद को अपनी राज्य नीति का हिस्सा बनाना बंद करे और विश्व समुदाय के सामने अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करे। यही स्थायी शांति की पहली और अनिवार्य शर्त है। चुग ने कहा कि गुपकार गैंग और उसके वैचारिक सहयोगी वर्षों से आतंकवाद के शिकार भारत और आतंकवाद के संरक्षक पाकिस्तान के बीच झूठी समानता स्थापित करने का प्रयास करते रहे हैं, जबकि पूरी दुनिया पाकिस्तान की भूमिका से भली-भांति परिचित है। चुग ने कहा कि जो लोग पाकिस्तान से संवाद की वकालत कर रहे हैं, उन्हें पहले मुंबई, पठानकोट, उरी, पुलवामा, पहलगाम और अन्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमलों में शहीद जवानों तथा निर्दोष नागरिकों के परिवारों को जवाब देना चाहिए।

## रंगमंच की बड़ी हस्ती विजया मेहता ने कलाकारों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसिद्ध रंगमंच निर्देशक एवं अभिनेत्री विजया मेहता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने श्रीमती मेहता को ऐसी महान सांस्कृतिक हस्ती के रूप में याद किया, जिनके आधुनिक मराठी रंगमंच में क्रांतिकारी काम ने भारतीय प्रदर्शन कला पर एक अमिट छाप छोड़ी और कलाकारों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

श्री मोदी ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में रंगमंच और सिनेमा में श्रीमती मेहता के असाधारण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी रचनात्मकता और कलात्मक उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें देश की सबसे सम्मानित सांस्कृतिक हस्तियों में स्थान दिलाया। श्रीमती विजया मेहता जी के निधन से गहरा दुख हुआ है। उन्हें संस्कृति और सिनेमा की महानतम हस्तियों में से एक के रूप में याद किया जायेगा। आधुनिक मराठी रंगमंच को आकार देने में उनकी अग्रणी भूमिका को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीमती मेहता के अभिनव दृष्टिकोण और इस कला के प्रति उनके समर्पण ने अनगिनत अभिनेताओं, निर्देशकों और रंगमंच प्रेमियों को प्रभावित किया।

# गृह मंत्री शाह ने जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित उच्चस्तरीय समिति से जल्द सिफारिशें देने को कहा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित हाई लेवल कमिटी ऑन डेमोग्राफिक चेंजेज से जल्द से जल्द अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। समिति ने बुधवार को यहां गृह मंत्री के आवास पर उनसे शिष्टाचार भेंट कर अपनी कार्ययोजना की जानकारी दी।

बैठक के दौरान गृह मंत्री को बताया गया कि जनसांख्यिकीय बदलावों से संबंधित जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिए समिति विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेगी। इसके साथ ही समिति केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के साथ भी विचार-विमर्श करेगी ताकि जनसंख्या में हो रहे बदलावों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर फीडबैक प्राप्त किया जा सके।



समिति ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दौरे अधिक प्रभावी और संवादात्मक बनाने के उद्देश्य से एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की गई है। इसके माध्यम से संबंधित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आवश्यक सूचनाएं पहले ही प्राप्त की जाएंगी, जिससे अध्ययन को अधिक व्यवस्थित और तथ्यपरक बनाया जा सके। गृह मंत्री अमित शाह ने समिति की कार्ययोजना की सराहना करते हुए गृह सचिव को निर्देश दिए कि समिति के दैनिक कार्यों और उसके दौरों के दौरान हरसंभव प्रशासनिक एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने समिति से अपने अध्ययन को शीघ्र पूरा कर सरकार को जल्द से जल्द सिफारिशें सौंपने का सुझाव दिया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को अपने संबोधन में 'हाई-पावर्ड डेमोग्राफी मिशन' की घोषणा की थी। इसके तहत केंद्र सरकार ने अवैध प्रवास तथा अन्य असामान्य कारणों से देश में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का अध्ययन करने और उनसे निपटने के उपाय सुझाने के लिए इस उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर समिति के अध्यक्ष हैं। समिति में जनगणना आयुक्त के अलावा पूर्व आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, पूर्व आईपीएस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव तथा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) की सदस्य डॉ. शमिका रवि सदस्य के रूप में शामिल हैं।

समिति देश के विभिन्न हिस्सों में अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का वैज्ञानिक अध्ययन करेगी, उनके कारणों का विश्लेषण करेगी तथा उनसे निपटने के लिए आवश्यक नीतिगत, विधायी और प्रशासनिक उपायों पर अपनी सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपेगी।

# हार के डर से पंजाब सरकार ने वीबी जी राम जी को अपनाया : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को हार का डर सताने लगा है, इसलिए उन्होंने विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी जी राम जी) योजना को इस अपना लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आप ने जिस वीबी जी राम जी को गरीब-विरोधी, किसान-विरोधी, दलित-विरोधी और मजदूर-विरोधी बताया, उसे आज से पंजाब में लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछली बार आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के कहने पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार ने वीबी जी राम जी का विरोध किया था। उन्होंने सवाल किया कि छह महीनों में ऐसा क्या बदल गया कि अब वह उसी योजना को अपना रही है जिसका उन्होंने विरोध किया था?

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लगता है मान सरकार को एहसास हो गया है कि वे विधानसभा चुनाव हार रहे हैं। इसीलिए अब वे केंद्र सरकार की वीबी जी राम जी योजना की तारीफ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल के कहने पर 30 दिसंबर 2025 को पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर मान सरकार ने वीबी जी राम जी योजना का विरोध किया था और इस योजना को ग़रीब-विरोधी, किसान-विरोधी, दलित-विरोधी और मज़दूर-विरोधी बताया था। इस दौरान उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए कहा कि श्री रेड्डी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के बारे में पूछा कि वह कौन हैं? उन्होंने कहा कि श्री रेड्डी को पता होना चाहिए कि श्री नवीन दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष हैं, एक ऐसी पार्टी जिसकी सरकार 22 राज्यों में है।

# ईरान-कतर के अधिकारियों के बीच शांति समझौते के शर्तों को लागू करने को लेकर बातचीत की उम्मीद

एजेंसी

वाशिंगटन/दोहा। ईरान और अमेरिका के बीच हुए 14 सूत्रीय समझौते को लागू करने तथा ईरान की जब्त संपत्तियों की स्थिति पर ईरान और कतर के बीच बुधवार को चर्चा करने की उम्मीद है।

यह वार्ता कतर की राजधानी दोहा में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर और कतरी मध्यस्थों के बीच हुई बैठकों के बाद आयोजित की जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि दोहा में होने वाली इस वार्ता में कतरी पक्ष के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। इसमें ईरान और अमेरिका के बीच हुए समझौते के कुछ प्रावधानों को लागू करने, विशेषकर प्रतिबंधित ईरानी संपत्तियों की रिहाई से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा होगी।

इससे पहले ईरान ने मंगलवार को दोहा पहुंचे शीर्ष अमेरिकी दूतों से मिलने से इनकार कर दिया था। श्री बघाई ने स्पष्ट किया था कि ईरान के प्रतिनिधियों के अमेरिकी अधिकारियों से मिलने की कोई योजना नहीं है। इस बीच कतर के विदेश मंत्रालय ने बताया था कि श्री विटकॉफ और श्री कुशनर मंगलवार को कतरी मध्यस्थों के साथ बैठक के लिए दोहा पहुंचे थे। इस दौरान मुख्य रूप से अमेरिका-ईरान वार्ता और व्यापक क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा हुई। हालांकि, कतर ने भी जोर दिया था कि अमेरिकी और ईरानी अधिकारियों के बीच किसी भी सीधी बैठक का कार्यक्रम तय नहीं है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने कहा कि बातचीत में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गयी। इसके साथ ही, क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए बातचीत के जरिए आगे बढ़ने पर जोर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल दोनों देशों के अधिकारियों के बीच तकनीकी स्तर पर चर्चा जारी है, लेकिन अभी किसी बड़े या उच्च स्तरीय बैठक की योजना नहीं है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, कतरी अधिकारियों ने बताया कि बैठक में लेबनान संघर्ष विराम समझौते पर भी चर्चा की गई। इसमें स्थिरता बनाए रखने और लेबनान की संप्रभुता तथा एकता का समर्थन करने पर विशेष बल दिया गया।

इस बातचीत का सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि ईरान के करीब 6 अरब डॉलर, जो पहले जब्त कर लिए गए थे, अभी तक तेहरान को नहीं मिले हैं। कतर ने साफ कहा है कि यह राशि तभी विमुक्त की जाएगी जब अमेरिका-ईरान बातचीत में आगे प्रगति होगी।

# 'बाढ़ प्रभावित अरुणाचल को हरसंभव सहायता देगा केंद्र'

एजेंसी

ईटानगर। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित जिलों को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

श्री चौहान ने मंगलवार शाम को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ राज्य में आपदा की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने भारी वर्षा और भूस्खलन से हुई व्यापक तबाही को गंभीर प्राकृतिक आपदा बताया।

बाद में मुख्यमंत्री कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य के कई हिस्सों में भारी नुकसान हुआ है। सड़कों, पुलों और मकानों को व्यापक क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आपदा के कारण संतरा, केला और धान सहित विभिन्न फसलों को व्यापक क्षति पहुंची है।

श्री चौहान ने कहा, ''तबाही का पैमाना शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। कई क्षेत्रों में सड़कें, पुल, मकान और कृषि भूमि बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।'' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर प्रभावित लोगों तक समय पर सहायता पहुंचाने के लिए समन्वय के साथ काम करेंगी।

उन्होंने कहा, ''हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगी। अरुणाचल प्रदेश के लोगों को इस आपदा से उबारने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# पेज एक का शेष

## कानपुर को भोपाल...

आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की परिचालन गति के अनुरूप डिजाइन किए गए इस राष्ट्रीय राजमार्ग के बनने से कानपुर और कबरई के बीच यात्रा का समय साढ़े तीन घंटे से घटकर करीब डेढ़ घंटे रह जाएगा। इससे सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, वाहनों की परिचालन लागत घटेगी और यात्रियों तथा माल परिवहन की आवाजाही अधिक सुगम होगी। परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-34, राष्ट्रीय राजमार्ग-35, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, कानपुर रिंग रोड तथा राज्य राजमार्ग-46, 91, 10-बी और 42 से भी जुड़ेगी।

## जनरल धीरज सेठ...

भारतीय वायु सेना तथा भारतीय नौसेना के साथ पूर्ण समन्वय और सामंजस्य बनाए रखेंगे। मैं भली-भाँति समझता हूँ कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं है। इसके लिए सैन्य-नागरिक समन्वय तथा समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण आवश्यक है। यही एकीकृत दृष्टिकोण राष्ट्र निर्माण तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में भी हमारे सार्थक योगदान का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि इसमें 'अ' का अर्थ है आत्मनिर्भरता। देश में विकसित स्वदेशी क्षमताओं और प्रौद्योगिकियों के आधार पर हमें आत्मनिर्भर सेना का निर्माण करना होगा। हमारा समग्र उद्देश्य होगा– ''स्वदेशी समाधानों के माध्यम से अपने युद्धों में विजय प्राप्त करना।'' सेना प्रमुख ने कहा कि विजय में 'य' का अर्थ है योद्धा सर्वोपरि। मेरी दृष्टि में अग्निवीर से लेकर वरिष्ठतम पूर्व सैनिक तक प्रत्येक व्यक्ति एक योद्धा है। यही योद्धा हमारी सेना की सबसे बड़ी शक्ति हैं। हमारे सैनिकों की प्रौद्योगिकी दक्षता तथा प्रशिक्षण के स्तर को और अधिक सुदृढ़ बनाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहेगा। हमारे पूर्व सैनिक तथा वीर नारियाँ सेना परिवार का अभिन्न अंग हैं और उनका कल्याण, सशक्तीकरण तथा व्यावसायिक उन्नति मेरे लिए सदैव अत्यंत महत्वपूर्ण रहेंगे। जनरल सेठ ने कहा, ''उनका दृढ़ विश्वास है कि प्रधानमंत्री द्वारा सशस्त्र सेनाओं के लिए दिया गया 'जय' मंत्र, उनकी 'विजय' प्राथमिकताओं का आधार है और यही हमें सफलता की ओर मार्गदर्शन करेगा। अतः मेरा मार्गदर्शक ध्येय वाक्य होगा– जय से विजय।'' सेना प्रमुख ने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इन सैनिकों का साहस, कर्तव्यनिष्ठा और निःस्वार्थ समर्पण आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

## एटीएफ, वाणिज्यिक...

पर ही ईंधन खरीदेंगी। इस व्यवस्था के तहत यदि बेंचमार्क एटीएफ कीमतें 86.32 रुपये प्रति लीटर के आधार मूल्य से ऊपर जाती हैं, तो सरकार तेल विपणन कंपनियों को अंतर की भरपाई के लिए ब्याज-मुक्त अग्रिम देगी। जब कीमतें आधार से नीचे होंगी, तो अतिरिक्त राशि वसूली कर समेकित निधि में जमा की जाएगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी विमानन कंपनियां इस योजना में शामिल हुई हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार 110 रुपये प्रति लीटर एटीएफ कीमत घरेलू विमानन कंपनियों के लिए है। राज्य के तेल खुदरा विक्रेता हर महीने की पहली तारीख को पिछले महीने के औसत अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क और विदेशी मुद्रा दरों के आधार पर एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में संशोधन करते हैं। इस बीच, नायरा एनर्जी ने अपने 7,000 से अधिक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की कीमत पांच रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत तीन रुपये प्रति लीटर घटा दी है। यह कदम वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद आया है, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और एक प्रमुख समुद्री मार्ग के फिर से खुलने से आपूर्ति बाधाओं की चिंताएं घट गई हैं। नयारा ने इससे पहले संघर्ष के दौरान कीमतें बढ़ाई थीं। उसने 26 मार्च को पेट्रोल पांच रुपये प्रति लीटर और डीजल तीन रुपये प्रति लीटर महंगा किया था। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का देश के 90 प्रतिशत से अधिक ईंधन बाजार पर नियंत्रण हैं। इन्होंने कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। दिल्ली में आईओसी पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पर बेच रही है। यह कटौती प्रभावी रूप से नयारा की पिछली वृद्धि को उलट देती है और दो साल से अधिक समय में किसी भी खुदरा कंपनी द्वारा पहली कटौती है। सूत्रों ने बताया कि गुजरात के वडिनार में नयारा की दो करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता वाली रिफाइनरी पूरी क्षमता पर काम कर रही है और हाल ही में रखरखाव के बाद उत्पादन सामान्य हो गया है।

## तृणमूल का बागी...

के एक नेता ने कहा कि वे यह दलील देंगे कि उन्हें पार्टी के अधिकतर संगठनात्मक पदाधिकारियों और निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल है और इसलिए पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर उनका जायज दावा है। आयोग के साथ यह बैठक ऋतब्रत के करीबी नेताओं की पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों के साथ हुई मुलाकात के कुछ दिनों बाद हो रही है, जिसमें उन्होंने पार्टी के चुनाव चिह्न को लेकर चल रहे विवाद पर अपना पक्ष रखा था।

## कुल जीएसटी...

रुपये से अधिक रहा। एकेएम ग्लोबल में अप्रत्यक्ष कर विभाग के प्रमुख इकेश नागपाल ने बताया कि मई, 2026 की तुलना में संग्रह लगभग स्थिर रहा है, जिससे संकेत मिलता है कि जीएसटी राजस्व अब एक बार के उछाल के बजाय लगातार उच्च स्तर पर स्थिर हो रहा है। उन्होंने कहा, '' सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि आयात से राजस्व में 34.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो घरेलू संग्रह की 6.5 प्रतिशत वृद्धि से काफी अधिक है। यह वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद आयात गतिविधियों के जारी रहने को दर्शाता है।'' जीएसटी एक जुलाई, 2017 को लागू हुआ था। इसके जरिये 17 केंद्रीय एवं राज्य करों तथा 13 उपकरों को समाप्त कर एक एकीकृत अप्रत्यक्ष कर प्रणाली स्थापित की गई थी। इस महीने जीएसटी को लागू हुए नौ वर्ष पूरे हो गए। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सकल जीएसटी संग्रह 8.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 6.32 लाख करोड़ रुपये रहा। इसमें घरेलू लेन-देन से 2.8 प्रतिशत और आयात से 26.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट इंडिया के साझेदार एम.एस. मणि ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण पैदा हुई आर्थिक चुनौतियों के बावजूद जीएसटी संग्रह का दो लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंचना देश की आर्थिक मजबूती को दर्शाता है। ईवाई इंडिया के कर साझेदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी 'रिफंड' में वृद्धि सरकार की कार्यशील पूंजी को मुक्त करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## यूपी में मानसून...

गई है। इस बीच मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जारी तात्कालिक चेतावनी के अनुसार, बुधवार पूर्वाह्न तक प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, बरेली, मेरठ, मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़, मथुरा, झांसी, चित्रकूट, बांदा, अमेठी, रायबरेली, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशांबी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती सहित अनेक जिलों में गरज-चमक, आकाशीय बिजली तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बदायूं, कासगंज, संभल, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर सहित कुछ जिलों में तेज गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी वर्षा की भी चेतावनी जारी की है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित पक्के भवनों में रहने, पेड़ों एवं बिजली के खंभों के नीचे शरण नहीं लेने तथा किसानों को मौसम सामान्य होने तक कृषि कार्य स्थगित रखने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा अब उत्तर-पश्चिम भारत की ओर लगातार आगे बढ़ रही है और एक जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्से मानसूनी प्रभाव में आ चुके हैं। इसके चलते आगामी दिनों में वर्षा की गतिविधियां बनी रहने की संभावना है।

## व्यक्ति, समाज व...

बुक, जूते-मोजे, स्वेटर, यूनिफॉर्म आदि मिलना प्रारंभ हुआ, परिणामस्वरूप नामांकन बढ़ा। 9 वर्ष में 60 लाख से अधिक बच्चे बेसिक शिक्षा परिषद में बढ़े और ड्राप आउट रेट 19-20 फीसदी से घटकर 3-4 फीसदी तक रह गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है कि कोई भी बच्चा स्कूल से जाने से वंचित न रहे। कोई भी बच्चा यदि शिक्षा से वंचित है तो यह केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि समाज व राष्ट्र की भी क्षति है। इन्हीं बच्चों को समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में नेतृत्व देना है। यहां बैठे जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक आदि भी कभी छात्र थे। सभी ने पढ़ाई की तो इस स्तर तक पहुंचे। यदि बच्चा पढ़ा-लिखा नहीं है तो समाज व राष्ट्र की अपूर्णीय क्षति करेगा और दिग्भ्रमित हो जाएगा। हमें ऐसी पीढ़ी खड़ी करनी है, जो राष्ट्र के कर्तव्यशील नागरिक के रूप में दायित्वों का निर्वहन कर सके। सीएम ने विकसित भारत की संकल्पना को पूरा कर समृद्ध समाज बनाने वाले जागरूक नागरिकों से अपील भी की। उन्होंने कहा कि यह दायित्व केवल उन्हीं परिवारों का नहीं है, जिन परिवारों में बच्चे हैं। राजनेता, सांसद, विधायक, पार्षद, ब्लाक प्रमुख, प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष, अधिकारी, शिक्षक, अधिवक्ता, व्यापारी, चिकित्सक समेत हर तबके का दायित्व है कि आसपास अवलोकन करें कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहने पाए। हर बच्चे को स्कूल पहुंचाना है, क्योंकि यह हमारा सामाजिक दायित्व व राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। राष्ट्रीय कर्तव्य जब सामूहिकता के साथ निर्वहन होता है तो राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। सीएम ने स्कूल चलो अभियान को अच्छी शुरुआत बताया। सीएम ने समाज के हर वर्ग से भी अपील की कि स्कूल चलो अभियान को जनांदोलन का हिस्सा बनाएं और हर बच्चे को स्कूल पहुंचाएं। बेसिक शिक्षा परिषद के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों का दायित्व है कि जिन बच्चों का एडमिशन हुआ है, उन्हें समय पर यूनिफॉर्म का पैसा, बैग, बुक्स, जूता-मोजा समेत आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हों और पठन-पाठन का बेहतरीन माहौल हो। सीएम योगी ने सरकार द्वारा बच्चों के लिए प्रारंभ किए गए विशेष अभियान का भी जिक्र किया। कहा कि सरकार हर विद्यालय में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, शिक्षकों को टैबलेट आदि तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। बेसिक शिक्षा परिषद में डेढ़ लाख से अधिक दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण भी दिए गए। गत वर्ष 13 हजार से अधिक गंभीर व बहुदिव्यांग बच्चों को छह हजार रुपये प्रतिवर्ष एस्कॉर्ट अलाउंस, 23 हजार से अधिक दिव्यांग बालिकाओं को प्रतिवर्ष दो हजार रुपये स्टाइपेंड भी उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम मोदी जी ने 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है। 26 वर्ष के पश्चात भारत ने यह नीति घोषित की। लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर ही बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा देना प्रारंभ किया गया है। प्रदेश सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय को 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार तथा अनुदेशकों के मानदेय को 9 हजार प्रतिमाह से बढ़ाकर 17 हजार किया है। हर शिक्षामित्र, शिक्षक, प्रधानाचार्य, रसोइया, अनुदेशक को पांच लाख रुपये वार्षिक कैशलेस इलाज की सुविधा घोषित की है। सीएम ने शिक्षकों से अपील की कि अगले 15 दिन जमकर मेहनत कीजिए। ग्राम पंचायत, वार्ड में जाकर हर परिवार से मिलिए, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कीजिए कि किस स्कूल में अधिक से अधिक बच्चे आ सकते हैं। स्कूल में बेहतरीन माहौल दीजिए। बच्चों को प्यार से कविताओं, गानों, मुहावरों, लोकोक्तियों के माध्यम से सिखाने की नई पद्धति को जन्म देना होगा। यह शिक्षा बच्चों को जीवन भर याद रहेगी। सीएम ने कहा कि स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ मां शाकंभरी की पावन धरा पर हो रहा है। यह ईश्वरीय कृपा ही है कि देर रात्रि से यहां खूब बारिश हो रही है। किसानों के लिए अन्न भंडारण करने और भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए मां शाकंभरी की विशेष कृपा बरस रही है

## दंगाइयों के मुकदमे...

शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपरीत मौसम व बारिश की चुनौतियों के बावजूद कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों, किसानों, मातृशक्ति व स्थानीय जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार व अभिनंदन किया। सीएम ने जनपदवासियों को विकास की इन सौगातों के लिए बधाई भी दी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। सीएम ने कहा कि जाति व क्षेत्र के नाम पर बांटने वाले लोग आपको कमजोर कर रहे हैं। इनके बहकावे में आने की आवश्यकता नहीं। वे कभी मां शाकंभरी के दर्शन करने के लिए नहीं गए। वे काशी विश्वनाथ धाम, मथुरा-वृंदावन, श्रीराम मंदिर का विरोध कर रहे थे। इन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में कह दिया कि भगवान राम व श्रीकृष्ण हुए ही नहीं। रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाले आस्था पर उपदेश दे रहे हैं! आस्था के साथ कोई खिलवाड़ स्वीकार नहीं है, जो अपराधी होगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। सीएम ने कहा कि कभी संकरी गलियों व अव्यवस्था की पहचान बन चुकी अयोध्या में आज चारों ओर से फोर लेन कनेक्टिविटी है। ब्रॉडगेज की डबल लाइन, इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन गया है। सपा को चार बार सरकार बनाने का मौका मिला, लेकिन उसने अयोध्या धाम के लिए कुछ नहीं किया। आज प्रधानमंत्री मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में अयोध्या धाम त्रेतायुग की दिव्यता व भव्यता के साथ वैश्विक पटल पर चमक रहा है। संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि व बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जैसे महापुरुषों की विरोधी समाजवादी पार्टी व कांग्रेस ने सिर्फ अपने परिवार का नाम आगे बढ़ाने का काम किया। सीएम योगी कहा कि 2017 से पहले दंगा, कर्फ्यू हमारी नियति बन गई थी। कैराना व कांधला से पलायन होता था। ये सभी क्षेत्र हिंदू विहीन कर दिए गए थे। बेटी व व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। कानून-व्यवस्था तहस नहस हो चुकी थी। 2011 में मुरादाबाद में डीआईजी पर हमला किया गया। उपद्रवी उन्हें मरा हुआ समझ छोड़कर चले गए। सपा सरकार ने उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, बल्कि उनके केस वापस लेने का कुत्सित प्रयास कर रही थी। हमारी सरकार ने उन सभी उपद्रवियों को सजा दिलाई। मजबूत कानून-व्यवस्था अब यूपी की नई पहचान है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के नेताओं के दोहरे चरित्र पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उनकी आस्था तब कहां थी जब कांवड़ यात्राओं, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और दुर्गा पूजा के पंडालों पर प्रतिबंध लगाए जाते थे और विकास का पैसा या तो सपा के गुर्गों द्वारा खा लिया जाता था या कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाने में खर्च हो जाता था। आज वही पैसा मां शाकंभरी कॉरिडोर, इकोनॉमिक कॉरिडोर, फोर व टू लेन सड़क, पुल, विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज, सरसावा में सिविल टर्मिनल निर्माण, रनवे की लंबाई बढ़ाने और वुड कार्विंग के कारीगरों का जीवन स्तर उठाने में खर्च हो रहा है। यह दृष्टिकोण का अंतर है। सपा को केवल सैफई की चिंता होती थी, जबकि डबल इंजन सरकार सभी 75 जनपदों, 1,07,000 गांवों, 57,000 ग्राम पंचायतों, 825 विकास खंडों, 12,000 वार्डों और 762 नगर निकायों की चिंता करती है। सहारनपुर की बदलती तस्वीर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने ?12,000 करोड़ की लागत से बने दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर (ग्रीन फील्ड कॉरिडोर) का विशेष जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर के शुरू होने से दिल्ली व सहारनपुर के बीच की दूरी महज डेढ़ घंटे की रह गई है। अब सहारनपुर एयर कनेक्टिविटी के लिए भी पूरी तरह तैयार हो रहा है। सरसावा में सिविल टर्मिनल के निर्माण और रनवे के विस्तार का कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे जल्द ही सहारनपुर का अपना चालू एयरपोर्ट होगा और यहां के नागरिकों को दिल्ली या देहरादून जाने की बाध्यता नहीं रहेगी। धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहरों के पुनरुद्धार पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि मां शाकंभरी देवी के दरबार में श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए एक भव्य एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। पिछले दिनों शिवालिक की पहाड़ियों में अचानक हुई भारी वर्षा के दौरान प्रशासनिक मुस्तैदी और समय पर जारी अलर्ट के कारण जन-धन की हानि रोकने में सफलता मिली थी। भविष्य में मौसम चाहे कैसा भी हो, श्रद्धालुओं का आवागमन बाधित न हो, इसके लिए एलिवेटेड कॉरिडोर और बेहतरीन फैसिलिटेशन सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है, जो पहले की सरकारों के लिए सपना था।

# गरीबों और राज्यों के लिए बोझ साबित होगा वीबी जी राम जी अधिनियम: कांग्रेस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली । कांग्रेस ने विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी जी राम जी अधिनियम लागू होने पर आरोप लगाया कि इस योजना में केंद्र और राज्य का खर्च का अनुपात 60-40 होने की वजह से यह गरीबों और राज्यों दोनों के लिए बोझ साबित होगी।

कांग्रेस सांसद एवं ग्रामीण विकास व पंचायती राज से जुड़ी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष सप्तगिरि उलका ने यहां पार्टी मुख्यालय में बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) मांग आधारित रोजगार देने वाली अधिकार आधारित योजना थी, जबकि नई योजना में राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव डाल दिया गया है।

उलका ने कहा कि मनरेगा में केंद्र सरकार मजदूरी लागत का लगभग पूरा बजट देती थी और सामग्री लागत में 60-40 का अनुपात होता था। इससे राज्यों पर कम बोझ पड़ता था, लेकिन वीबी जी राम जी में मजदूरी और सामग्री दोनों की लागत 60-40 अनुपात में रख दी गई है। हरियाणा को 984 करोड़ रुपये के आवंटन में 40 प्रतिशत यानी 393 करोड़ रुपये खुद देने होंगे। इतने खर्च के बाद भी केवल 13.78 दिन का रोजगार मिल रहा है। यदि इसे 125 दिन करना हो तो राज्य को लगभग 5,786 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 125 दिन रोजगार देने का दावा करती है, लेकिन फंडिंग गैप यह साबित करता है कि यह दावा केवल जुमला है। नई योजना में ग्राम सभा की भूमिका समाप्त कर दी गई है और अधिकार अधिकारियों



को दे दिए गए हैं। मनरेगा में ग्राम सभा तय करती थी कि काम कहां होना चाहिए। साथ ही, मनरेगा में यदि रोजगार की मांग के बाद 15 दिन में काम नहीं मिलता था तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान था, लेकिन वीबी जी राम जी में यह अधिकार भी खत्म कर दिया गया है।

कांग्रेस महासचिव संचार जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार ने वीबी जी राम जी योजना और मजदूरी दरों को अधिसूचित कर दिया है। मजदूरों को मिलने वाली दैनिक मजदूरी अन्यायपूर्ण रूप से कम है, जो अधिकतर राज्यों में 300 रुपये प्रतिदिन है। जबकि कांग्रेस ने अपने श्रमिक न्याय अभियान में 400 रुपये राष्ट्रीय न्यूनतम दैनिक मजदूरी का वादा किया था। मोदी सरकार की ओर से गठित डॉ. अनुप सतपथी समिति ने 2019 में ही 375 रुपये प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी की सिफारिश की थी।

जयराम रमेश ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में न्यूनतम मजदूरी को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और ग्रामीण मजदूरी की ठहराव को आर्थिक विकास की बड़ी बाधा माना जा रहा है। ऐसे समय में मजदूरी दरों को कम रखना न केवल मजदूरों के साथ अन्याय है बल्कि यह गलत आर्थिक नीति भी है।

उन्होंने कहा कि वे मनरेगा की वापसी के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करेंगे। मनरेगा का मूल स्वरूप अधिकार आधारित और मांग आधारित था, जिसमें हर हाथ को काम और काम का सही दाम देने का वादा किया गया था।

## ट्राई ने उत्तरी दिल्ली में की मोबाइल नेटवर्क की जांच, एयरटेलजियो सबसे तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली,। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की तरफ से दिल्ली के उत्तरी हिस्से और आसपास के इलाके में किए मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता जांच में एयरटेल और जियो ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। इन दोनों ही सेवा प्रदाता कंपनियों की इंटरनेट गति सबसे तेज रही, वोडाफोन?आइडिया में कॉल कटने की समस्या लगभग नहीं दिखी, जबकि एमटीएनएल के नेटवर्क में सबसे ज्यादा दिक्कतें सामने आईं। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि जांच के दौरान अलग?अलग जगहों पर मोबाइल कंपनियों की सेवाओं को परखा गया। इसमें देखा गया कि किस कंपनी का नेटवर्क कमजोर है, कितनी बार कॉल बीच में कट जाती है और इंटरनेट कितनी तेजी से चलता है। एयरटेल और जियो की 5जी सेवाएं बेहतर रहीं, वहीं एमटीएनएल में नेटवर्क की कमी और कॉल ड्रॉप की समस्या गंभीर रही।

रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर दिल्ली में जियो की औसत इंटरनेट गति करीब 249 एमबीपीएस और एयरटेल की 179 एमबीपीएस रही। वोडाफोन?आइडिया की स्पीड लगभग 24 एमबीपीएस रही, जबकि एमटीएनएल केवल 4 एमबीपीएस तक ही पहुंच पाया। एयरपोर्ट रूट पर भी यही स्थिति रही, जहां जियो और एयरटेल की स्पीड सबसे तेज रही। कॉल की गुणवत्ता में एयरटेल में 452 कॉल में से केवल 3 कॉल बीच में कट गईं, जियो में 459 कॉल में से 4 कॉल कट गईं, वोडाफोन?आइडिया में कोई कॉल ड्रॉप नहीं हुई, जबकि एमटीएनएल में 362 कॉल में से 48 कॉल कट गईं। कॉल के दौरान आवाज बंद होने की समस्या भी दर्ज की गई, जिसमें वोडाफोन?आइडिया में सबसे ज्यादा 24 बार यह दिक्कत सामने आई।

## गृह मंत्री शाह ने जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित उच्चस्तरीय समिति से जल्द सिफारिशें देने को कहा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित हाई लेवल कमिटी ऑन डेमोग्राफिक चेंजेज से जल्द से जल्द अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। समिति ने बुधवार को यहां गृह मंत्री के आवास पर उनसे शिष्टाचार भेंट कर अपनी कार्ययोजना की जानकारी दी।

बैठक के दौरान गृह मंत्री को बताया गया कि जनसांख्यिकीय बदलावों से संबंधित जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिए समिति विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेगी। इसके साथ ही समिति केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के साथ भी विचार-विमर्श करेगी ताकि जनसंख्या में हो रहे बदलावों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर फीडबैक प्राप्त किया जा सके।

समिति ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दौरे अधिक प्रभावी और संवादात्मक बनाने के उद्देश्य से एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की गई है। इसके माध्यम से संबंधित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आवश्यक सूचनाएं पहले ही प्राप्त की जाएंगी, जिससे अध्ययन को अधिक व्यवस्थित और तथ्यपरक बनाया जा सके।

गृह मंत्री अमित शाह ने समिति की कार्ययोजना की सराहना करते हुए गृह सचिव को निर्देश दिए कि समिति के दैनिक कार्यों और उसके दौरों के दौरान हरसंभव प्रशासनिक एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने समिति से अपने अध्ययन को शीघ्र पूरा कर सरकार को जल्द से जल्द सिफारिशें सौंपने का सुझाव दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को अपने संबोधन में 'हाई-पावर्ड डेमोग्राफी मिशन' की घोषणा की थी। इसके तहत केंद्र सरकार ने अवैध प्रवास तथा अन्य असामान्य कारणों से देश में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का अध्ययन करने और उनसे निपटने के उपाय सुझाने के लिए इस उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर समिति के अध्यक्ष हैं। समिति में जनगणना आयुक्त के अलावा पूर्व आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, पूर्व आईपीएस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव तथा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) की सदस्य डॉ. शमिका रवि सदस्य के रूप में शामिल हैं। समिति देश के विभिन्न हिस्सों में अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का वैज्ञानिक अध्ययन करेगी, उनके कारणों का विश्लेषण करेगी तथा उनसे निपटने के लिए आवश्यक नीतिगत, विधायी और प्रशासनिक उपायों पर अपनी सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपेगी।

## टीवी मुक्त भारत अभियान और डेंगू को लेकर केन्द्र की दिल्ली सरकार के साथ समीक्षा बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली । केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को दिल्ली सरकार के साथ टीबी मुक्त भारत अभियान और डेंगू से निपटने की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति, मरीजों की समय पर पहचान, उपचार और सहायता व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मानसून के मद्देनज़र डेंगू की रोकथाम को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों, अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, मच्छर नियंत्रण अभियान, निगरानी व्यवस्था और जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि टीबी उन्मूलन अभियान को गति मिले और डेंगू जैसी मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से और अधिक गति देने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में नड्डा ने कहा कि अभियान से जुड़ी सभी जानकारियाँ और संदेश सरल एवं आसानी से समझ में आने वाली भाषा में प्रसारित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों को अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए, जिससे समुदाय स्तर पर सहभागिता और मजबूत हो।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में आयोजित प्रगति बैठक में दिए गए मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने माई भारत स्वयंसेवकों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि जमीनी स्तर पर अभियान को और सशक्त बनाया जा सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक वार्ड की निगरानी वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों द्वारा की जाए, जिससे अभियान के क्रियान्वयन की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। टीबी की शीघ्र पहचान को मजबूत करने के लिए जेपी नड्डा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से युक्त हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों की अधिक संख्या में उपलब्धता को समर्थन दिया जाएगा, जिससे समय पर निदान और केस डिटेक्शन में सुधार हो सके। उन्होंने रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशंस की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए उनके कार्यों और अपेक्षाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने के निर्देश दिए, ताकि टीबी मुक्त भारत अभियान और डेंगू की रोकथाम दोनों में प्रभावी सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। बैठक में डेंगू से निपटने की दिल्ली सरकार की तैयारियों की भी समीक्षा की गई, जिसमें समन्वित कार्रवाई, प्रभावी निगरानी, जन-जागरूकता और समय पर निवारक उपायों पर विशेष जोर दिया गया।

## गैस किल्लत की अफवाहें भ्रामक, जिले में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : डीएसओ

कटिहार । पश्चिम एशिया में चल रहे विवाद के कारण सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत की अफवाहों का कटिहार जिला प्रशासन ने कड़ाई से खंडन किया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुशील कुमार ने बुधवार को स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और उपभोक्ताओं को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही, जिले में गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अब तक 6 प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की जा चुकी है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि जिले के तीनों अनुमंडलों (कटिहार, बारसोई और मनिहारी) में कार्यरत कुल 54 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास 11,810 घरेलू और 1,387 व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त आज 8,648 और घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है।

## मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान का घर-घर जाकर सत्यापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नैनीताल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनपद में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सभी राजनीतिक दलों, नागरिकों और युवाओं से सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सही रूप से दर्ज हो सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में डिजिटलीकरण के कार्य के साथ-साथ बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा उन गणना प्रपत्रों का भी पुनः सत्यापन किया जा रहा है, जिन्हें पूर्व में वास्तविक स्थिति के आधार पर 'अन-कलेक्टेबल' श्रेणी में चिह्नित किया गया था। अभियान के तहत मतदाताओं के निवास स्थलों का सत्यापन, मैपिंग का डिजिटलीकरण तथा निर्वाचन अभिलेखों को अधिक सटीक एवं अद्यतन बनाने का कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि अधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर सत्यापन कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जनपद के सभी राजनीतिक दलों, सम्मानित नागरिकों और युवाओं से बूथ स्तर पर चल रहे सत्यापन अभियान में निर्वाचन विभाग के साथ समन्वय एवं सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पक्षों की सक्रिय सहभागिता से ही मतदाता सूची को अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और अद्यतन बनाया जा सकेगा, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## बिहार कैबिनेट : बक्सर के वामन मंदिर का होगा विकास, पांच नए केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे, 31 बस स्टैंड होंगे आधुनिक






**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना । बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में धार्मिक पर्यटन, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन और तीर्थयात्रा से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में बक्सर स्थित भगवान वामन मंदिर के विकास से लेकर पांच नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना तथा राज्य के 31 बस स्टैंडों के आधुनिकीकरण जैसे अहम निर्णय लिए गए।

कैबिनेट ने बक्सर स्थित केंद्रीय कारा परिसर में अवस्थित भगवान वामन मंदिर के विकास, सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं के लिए सुगम प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। इसके तहत मंदिर परिसर के लिए भूमि को अलग से चिह्नित कर सुरक्षित रखा जाएगा। साथ ही चहारदीवारी का निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा मंदिर परिसर के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। बैठक में राज्य में पांच नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए प्रत्येक विद्यालय को पांच-पांच एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। ये विद्यालय पूर्णिया पूर्व (मधुबनी मौजा, पूर्णिया), राजगीर (पिलखी, नालंदा), शेखपुरा (नीमी), मधेपुरा (साहुगढ़) तथा मधुबनी जिले के राजनगर अंचल के सतिहारपुर मौजा में स्थापित किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इन विद्यालयों के खुलने से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शैक्षणिक संसाधन और बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा।

सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से राज्य के 31 बस स्टैंडों के आधुनिकीकरण एवं समग्र विकास को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। इन बस स्टैंडों का विकास पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत किया जाएगा। योजना में पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गयाजी, दरभंगा, पूर्णिया, मुंगेर, कटिहार, सहरसा, नवादा, मधुबनी और किशनगंज सहित कई प्रमुख जिलों के बस स्टैंड शामिल हैं। इनके आधुनिकीकरण के तहत आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय, पार्किंग, व्यावसायिक सुविधाएं, डिजिटल सेवाएं, स्वच्छता और बेहतर यातायात प्रबंधन जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मंत्रिपरिषद ने ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की अटूट आस्था'' के अवसर पर बिहार के लगभग 1,100 श्रद्धालुओं के लिए 20 जुलाई 2026 से दो दिवसीय ''सोमनाथ यात्रा'' आयोजित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की। सरकार का उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का सुव्यवस्थित और सुचारु संचालन सुनिश्चित करना है। कैबिनेट के इन फैसलों को राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार लाने और सांस्कृतिक-धार्मिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बिहार विधान परिषद के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

पटना । बिहार विधान परिषद के एनेक्सी भवन में बुधवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 10 नवनिर्वाचित नेताओं ने विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के रूप में शपथ ली। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। समारोह में राज्य सरकार और विपक्ष के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण की शुरुआत भोजपुरी अभिनेता एवं नवनिर्वाचित विधान पार्षद पवन सिंह से हुई। उन्होंने सबसे पहले एमएलसी पद की शपथ ग्रहण की। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, संजय मयूख, सुनील कुमार सिंह सहित सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने क्रमवार शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के अनेक वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और तेजस्वी यादव मंच पर एक-दूसरे के बगल में बैठे नजर आए।

## नैनीताल में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, सभी विभागों को किया हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नैनीताल । भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 2 और 3 जुलाई को जनपद में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी किए जाने के बाद जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी विभागों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने को कहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चेतावनी के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश देते हुए कहा कि भारी वर्षा के कारण भूस्खलन, पेड़ों के गिरने तथा मोटर मार्गों के बाधित होने की आशंका को देखते हुए लोक निर्माण विभाग संवेदनशील स्थानों पर जेसीबी मशीनों और गैंग कार्मिकों के साथ 24 घंटे तैनात रहेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जिला, परगना एवं विकासखंड स्तर पर आपदा प्रबंधन आईआरएस प्रणाली के नामित अधिकारी अपने मुख्यालयों पर मौजूद रहेंगे। तहसील स्तर पर गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल भी पूरी तरह अलर्ट रहेंगे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने मोबाइल फोन चालू रखने तथा प्रत्येक घंटे आपदा संबंधी सूचनाएं तहसील कंट्रोल रूम एवं जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि 2 और 3 जुलाई के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें तथा नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से परहेज करें। किसी भी आपात स्थिति में जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के दूरभाष नंबर 05942-231178, 231179, 231181, मोबाइल नंबर 8272080884 अथवा टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063